Subscription Rates (per issue) :—

U.S.A.	...	...	...	$ 1
U.K.	...	...	...	sh. 10
India	...	...	...	Rs. 5.00
B.H.U.	...	...	...	Rs. 3.00

RULES

(1) The "Prajñā", shall, so far as possible, be published twice a year : one issue immediately after the Dipawali, the other immediately before the Holi.

(2) All subscriptions should be sent to the Assistant Editor, "Prajñā", B.H.U. Journal, Varanasi-5.

(3) Articles intended for publication in this Journal by B.H.U. scholars should be submitted to the Faculty Editor before July 20 for the first issue and November 20 for the next issue and should reach the Editorial Board on July 30 and Nov. 30 respectively.

(4) Articles should ordinarily be type-written on foolscap paper on one side only and should not ordinarily cover more than 10 pages. Teacher-authors contributing original articles to the Journal are entitled to receive 50 off-prints gratis and the students will get 25 off-prints.

(5) Article of a highly technical nature will not be entertained.

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पत्रिका

अंक १८ भाग (२) मार्च १९७०

विषय सूची

भारतीय विश्वविद्यालय : समस्याएँ और समाधान*

डॉ० कालूलाल श्रीमाली

कुलपति, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

श्री कुलाधिपति महोदय, श्री कुलपतिजी, विद्वत्-परिषद् के सदस्यगण एवं मित्रो !

मैं अतिशय गौरव का अनुभव कर रहा हूँ कि इस विश्वविद्यालय का दीक्षांत भाषण करने के लिए मुझे आमंत्रित किया गया है। जिन दिनों मैं यहाँ का विद्यार्थी था, उस समय तक इस विश्वविद्यालय का उदय नहीं हुआ था ; किन्तु महाराणा इण्टरमीडिएट कालेज में, जो कालान्तर में इस विश्वविद्यालय के उद्‌भव का मुख्याधार बना, लगभग ४५ वर्ष पूर्व के अपने छात्र जीवन की अनेक सुखद स्मृतियों को मैं अपने हृदय-पटल पर सजोये हुए हूँ। इस प्रकार प्रकारान्तर से मैं आपकी ही बिरादरी का सदस्य होने का दावा कर सकता हूँ। यहाँ आज मेरा आगमन वस्तुतः अपने घर में ही आगमन के समान है। अतः मैं आपके कुलपति महोदय के प्रति अत्यधिक आभारी हूँ कि उन्होंने आपसे मिलने के लिए मुझे यह सुअवसर प्रदान किया।

दीक्षान्त-समारोह पाण्डित्यपूर्ण भाषण अथवा सदुपदेश का अवसर होता है। आशा है आप मुझे क्षमा करेंगे यदि इस परम्परा से हट कर प्रस्तुत अवसर पर मैं अपने एक अनुभव की चर्चा करूँ, जिसने मुझे अत्यधिक विचलित किया है।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का कुलपति पद-भार ग्रहण करने के तत्काल पश्चात् एम०ए० उपाधि प्राप्त एक युवक ने मेरे कार्यालय में आकर मेरी मेज पर अपना परिचय-पत्र रखते हुए कहा कि न तो उसे परिचय-पत्र की आवश्यकता है, न ही उसे प्राप्त एम०ए० की डिग्री की। वह विगत तीन वर्षों से नौकरी की तलाश करता रहा किन्तु वह विफल रहा। वह एम०ए० की अपनी उपाधि भी लौटा देना चाहता था। मुझे लगा कि वह नैराश्य से विचलित हो उठा है, अतः मैंने पूछा कि क्या मैं उसकी कोई सहायता कर सकता हूँ ? दृढ़तापूर्वक नकारात्मक उत्तर देते हुए उसने कहा कि उसकी सहायता करना मेरे लिए संभव नहीं, कारण कि उसके जैसे सहस्रों अन्य युवक काम-धंधे के लिए जी-तोड़ प्रयास करने के बावजूद बेरोजगार हैं। ऐसी स्थिति में उसने अपना भावी कार्यक्रम निश्चित कर लिया है—वह जनता के बीच काम करेगा और सर्वहारा वर्ग की कतार में शामिल होगा। इस प्रकार अपने विचारों को व्यक्त करते हुए वह अपना परिचय-पत्र मेरी मेज पर छोड़कर कार्यालय के बाहर चला गया। यह घटना विश्वविद्यालय के प्रयोजन तथा उद्देश्य के संबंध में अनेक गंभीर प्रश्न प्रस्तुत करती है : छात्र विश्वविद्यालयों में प्रवेश क्यों लेते हैं ? विश्वविद्यालयों का मुख्य कर्तव्य क्या युवकों एवं

---

* उदयपुर विश्वविद्यालय के समापवर्तन समारोह में ३ फरवरी, १९७० को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ० कालूलाल श्रीमाली का दीक्षान्त-भाषण।

युवतियों को नौकरियों के लिए प्रशिक्षित करना है अथवा उनका बौद्धिक विकास करना है जिससे वे समाज के जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वाह कर सकें।

हमारे देश के विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले बहुसंख्यक छात्रों का केवल एक उद्देश्य होता है और वह है उपाधि प्राप्त करना, जो नौकरी की प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण साधन समझी जाती है। ऐसे शायद ही कुछ व्यक्ति होंगे जो विश्वविद्यालयों में अपेक्षाकृत अधिक विवेकशील मानव बनने अथवा जीवन की सदनुभूतियों की उपलब्धि की आकांक्षा से प्रवेश लेते हों। यदि बिना किसी डिग्री अथवा उपाधि के ही काम-धंधा मिल जाता तो ऐसे अधिकांश छात्रों को, जो प्रवेश के लिए विश्वविद्यालयों के द्वार खटखटाते हैं, उच्चतर शिक्षा की कोई आवश्यकता नहीं पड़ती। केवल ज्ञान-प्राप्ति में उनकी कोई रुचि नहीं है। उनका एकमात्र उद्देश्य डिग्री प्राप्त करना है, जिससे नौकरी उपलब्ध करने में सुविधा हो सके। किन्तु उन्हें अब यह अनुभव होने लगा है कि विश्वविद्यालय की डिग्री से भी नौकरी प्राप्त करना अब आसान नहीं है और फलस्वरूप दीक्षांत समारोहों के मर्यादित शुभ अवसरों पर भी वे प्रदर्शन करने लगे हैं।

विश्वविद्यालय कभी भी युवकों तथा युवतियों को नौकरी के लिए प्रशिक्षित करने के केन्द्र नहीं रहे हैं। यह दुर्भाग्य का विषय है कि हमारे नीति-निर्माता भी अब शिक्षा का संबंध पेशे से जोड़ने लगे हैं। इस प्रकार हमने छात्रों में निराधार आशाओं का बीजारोपण किया है और वे विश्वास करने लगे हैं कि शिक्षा की एक निश्चित सीढ़ी पार करते ही उन्हें काम-धंधा उपलब्ध हो जायगा। शिक्षा के संबंध में लोगों ने निर्मूल धारणाएँ बना रखी हैं और विश्वास किया जाता है कि किसी भी प्रकार की शिक्षा से—भले ही वह छिछली और निम्न कोटि की ही क्यों न हो—आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। शिक्षा के उद्देश्य को इस प्रकार विकृत कर हम लोगों ने शिक्षित बेकारों की संख्या में अपार वृद्धि कर दी है और यही मुख्य रूप से आज की राजनीतिक अस्थिरता का प्रधान कारण है। मेरी मेज पर अपना परिचय-पत्र फेंक देने वाले उस रुष्ट युवक का यह कथन अक्षरशः सत्य है कि केवल वही बेरोजगार नहीं है, अपितु उसी की तरह हजारों ऐसे नवयुवक हैं जो सर्वहारा वर्ग के मोर्चे में सम्मिलित होंगे। यह समझना भयंकर भूल होगी कि हमारे देश की छात्र-अशांति एक अस्थायी घटनाचक्र मात्र है। यह एक गम्भीर रोग का लक्षण है जिसका यदि समुचित उपचार नहीं किया गया तो वह विस्फोट कर उठेगा। अतः यदि विश्वविद्यालयों की रक्षा करनी है तो शिक्षा के उद्देश्यों पर नये दृष्टिकोण से विचार-विमर्श करना अनिवार्य हो गया है। बाह्यान्तर घात-प्रतिघात से हमारे विश्वविद्यालय पहले से ही इतने जर्जर हो उठे हैं कि अब वे गम्भीर अध्ययन, चिंतन अथवा मनन के लिए उपयुक्त केन्द्र नहीं समझे जाते।

शिक्षा का उद्देश्य

शिक्षा का उद्देश्य विवेक के प्रयोग से मानवोचित सद्‌गुणों को विकसित करना है। प्रोफेसर राबर्ट हचिंस के शब्दों में "शिक्षा, लोगों को विवेकशील बनाने में सहायता प्रदान करने के लिए दृढ़तापूर्वक संघटित प्रयास है।" आर्थिक विकास में ही अपनी शक्ति को केन्द्रीभूत कर मानव को उत्पादन का केवल साधन मानकर हमने शिक्षा के उद्देश्यों को विकृत कर दिया है। इस प्रकार शिक्षा "मानवेतर, अमानवीय तथा मानव विरोधी" बना दी गई है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हमने केवल कुशल मानव-शक्ति के उत्पादन पर ही अपना ध्यान केन्द्रित किया और मानवीय गुणों के विकास के संबंध में प्रायः कुछ भी नहीं किया। जब शिक्षा केवल आर्थिक अथवा भौतिक प्रगति का साधन बन जाती है और अपने वास्तविक उद्देश्यों से विरत हो जाती है तो उसकी अनिवार्य परिणति राजनीतिक अस्थिरता में होती है, जो अन्ततोगत्वा आर्थिक प्रगति में भी बाधक बन जाती है। जब तक छात्रों में यह भावना जमी रहेगी कि उन्हें काम-धंधे के लिए ही शिक्षा मिल रही है तब तक विश्वविद्यालयों के प्रांगण में शांत वातावरण की प्रतिष्ठा नहीं हो सकेगी। इस समस्या के समाधान के केवल दो विकल्प हैं : या तो सरकार शिक्षा का कार्यक्रम तथा लोगों को काम-धंधा देने की व्यवस्था पर अपना पूरा नियंत्रण स्थापित कर ले जैसा कि साम्यवादी देशों में हो रहा है, अथवा इस धारणा का परित्याग कर दे कि शिक्षा जीविका का साधन-मात्र है या वह युवकों और युवतियों को नौकरी-पेशे के लिए प्रशिक्षित कर रही है।

विश्वविद्यालयों की स्थिति एवं समस्याएँ

जब उक्त छात्र ने अपना परिचय-पत्र मेरी मेज पर छोड़ दिया और अपनी उपाधि भी वापस कर देना चाहा तो विश्वविद्यालय के प्रति उसका रोष स्पष्ट था। छात्र की आकांक्षाओं को विश्वविद्यालय पूर्ण नहीं कर सका और फलस्वरूप उसने अपनी उपाधि वापस कर विश्वविद्यालय से ही अपना संबंध-विच्छेद कर लेना चाहा। विचारणीय है कि विश्वविद्यालय ही युवकों के रोष का क्यों लक्ष्य बनते हैं? गलत हो या सही, यह दुर्भाग्य का विषय है कि युवक-वर्ग विश्वविद्यालय को प्रशासन से सम्बद्ध समझता है और चूँकि वह समाज की समस्त आपदाओं तथा विषमताओं के लिए प्रशासन को ही दोषी मानता है, अतः वह प्रशासन के प्रति अपना रोष सहज ही सुलभ विश्वविद्यालय पर उतारता है। उक्त व्यवहार के लिए हम उस छात्र पर दोषारोपण नहीं कर सकते। उसने अपने जीवन के तीन बहुमूल्य वर्षों को काम-धंधे की खोज में अपव्यय किया और नैराश्य में उक्त निर्णय लिया। मैं समझता हूँ कि उक्त प्रकार का निर्णय लेने के पूर्व उस छात्र ने अपने गुरुजनों से अनेक बार सम्पर्क स्थापित किया होगा, किन्तु गुरुजन अपने काम, समितियों और सम्मेलनों में इतने व्यस्त रहते हैं कि अपने छात्रों के साथ घनिष्ठ सम्पर्क बढ़ाने का शायद ही उन्हें समय मिलता हो। खेद का विषय है कि विश्वविद्यालयों की व्यवस्था आज नौकरशाही ढाँचे के अनुरूप बन गई है जिससे छात्रों तथा अध्यापकों के बीच उस परस्पर सम्पर्क का सुअवसर ही नहीं प्राप्त होता जो अशांति के निवारण तथा समस्याओं के समाधान के लिए अत्यावश्यक है। उक्त छात्र ने तीन वर्षों तक बड़े ही धैर्य के साथ उस सोपान पर पहुँचने की प्रतीक्षा की, जो सम्भवतः उसे जीवन में सफलता एवं सुरक्षा प्रदान कर सकती थी, किन्तु उसके हाथ केवल निराशा लगी और उसने अपना प्रयास छोड़ दिया। अब वह आगे क्या करेगा? नवयुवक स्वभावतः आदर्शवादी होता है जो सामाजिक ढाँचे में आमूल परिवर्तन के लिए कृतसंकल्प है। वह वर्तमान समाज-व्यवस्था को हिंसात्मक उपायों से भी नष्ट-भ्रष्ट करने के लिए प्रेरित हो सकता है, कारण कि उसकी राय में जो समाज युवकों के लिए काम-धंधा और जीविका का अवसर प्रदान नहीं कर सकता वह स्थिर, गतिहीन और रोगग्रस्त हो चला है; अतः अब उसकी कोई उपयोगिता नहीं रह गई। ऐसी विचारधारा के लिए हम युवकों की भर्त्सना नहीं कर सकते। न तो विद्वत्-परिषद ने और न ही समाज ने छात्रों

की आकांक्षाओं-आवश्यकताओं की ओर ध्यान दिया है। उनकी ओर हम ध्यान तभी देते हैं जब वे सड़कों पर नारे लगाते हैं अथवा हिंसात्मक उपद्रवों में सम्मिलित हो जाते हैं। हमारे देश में छात्र-अशांति हाल के कुछ वर्षों की ही देन नहीं है, अपितु वह तो अनेक दशकों से युवकों की आशाओं-आकांक्षाओं की अवहेलना से घनीभूत नैराश्य का परिणाम है। आज विश्व-विद्यालय न तो बौद्धिक चिंतन-मनन को ही प्रोत्साहित कर पा रहे हैं और न ही युवकों को अपना जीवन उत्कृष्ट-विशिष्ट बनाने के लिए प्रेरित कर पा रहे हैं। पाठ्यक्रम घिसा-पिटा, दकियानूस तथा असामयिक हो चला है। यद्यपि पाठ्यक्रम तथा शिक्षा-व्यवस्था में सुधार के लिए अनेक समितियों एवं आयोगों ने संस्तुति की है, फिर भी उन्हें छात्रों की आवश्यकताओं अथवा समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप ढालने का कोई भी सुनियोजित प्रयास नहीं किया गया है। वर्षों के वाद-विवाद तथा विचार-विमर्श के फलस्वरूप हमने अपनी शिक्षा-व्यवस्था में जो एकमात्र सुधार कार्यान्वित किया है वह है 'सेमेस्टर प्रणाली', जिससे अनेक विश्वविद्यालयों की परीक्षा-प्रणाली की असंगतियाँ द्विगुणित हो गई हैं। सेमेस्टर प्रणाली के बाह्य रूप की ही हमने नकल की है, किन्तु उसकी अन्तरात्मा के अनुरूप हमने अपनी शिक्षा-व्यवस्था में किसी भी प्रकार का सुधार नहीं किया है। विद्वत्-परिषद् के सदस्य भी, जिनसे सर्वगुण सम्पन्न होकर सदाचार एवं सद्व्यवहार का आदर्श प्रस्तुत करने की आशा की जाती है, परस्पर ईर्ष्या-द्वेष से पराभूत होकर ओछे संघर्षों एवं कुचक्रों में संलग्न है। युवकों का संवेदनशील हृदय उस समय विद्रोह कर उठता है जब वह देखता है कि विश्वविद्यालयों के पुनीत प्रांगण भी भद्दी स्वार्थ-परता और निम्न कोटि के कुचक्रों से मुक्त नहीं है। कक्षाओं में घिसे-पिटे, निर्जीव तथा आडम्बरपूर्ण व्याख्यान दिये जाते हैं किन्तु जीवन के नैतिक मूल्यों पर, जिनमें युवकों की आस्था और श्रद्धा है, विचार-विमर्श का अवसर ही नहीं प्राप्त होता। जब विश्वविद्यालयों का बौद्धिक वातावरण निष्प्राण हो चला है और नैतिक मूल्यों का चतुर्दिक ह्रास हो रहा है तो फिर कोई आश्चर्य नहीं कि विश्वविद्यालयों के प्रति युवकों में कोई आस्था नहीं रह गई है और वे उदासीन और कुछ अर्थों में जिद्दी भी हो चले हैं। आज के युवक के पास इस सर्वाधिक ज्वलंत प्रश्न का कोई उत्तर नहीं है कि "वह विश्वविद्यालय में क्यों है ?"

विश्वविद्यालयों का कर्तव्य

विश्वविद्यालय आज गम्भीररूपेण संकटग्रस्त हैं। यदि उन्हें ज्ञान के प्रकाश से दिग्दिगन्त को आलोकित कर अज्ञानान्धकार को विनष्ट करने के साधन के रूप में जीवित रखना है तो उन्हें हमारी सांस्कृतिक परम्परा के जीवन्त-तत्वों की रक्षा का प्रयास करते हुए समाज में होने वाले परिवर्तनों के अनुरूप अपने को ढालना होगा। यदि वर्तमान युग की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करना है तो विश्वविद्यालयों को सनातनी और गतिशील अथवा प्राचीन संस्कृति के शाश्वत तत्वों का संरक्षक तथा नवीन मूल्यों का जनक, दोनों कर्तव्यों का एक साथ निर्वाह करना होगा। सर ऐरिक एराबी के शब्दों में "हमारा कर्तव्य परम्परा को सुदृढ़ करते हुए आवश्यकतानुसार परम्परा में परिवर्तन-परिवर्द्धन करना होना चाहिए।" इस आदर्श का निर्वाह असम्भव नहीं है बशर्ते कि विश्वविद्यालय अपने द्वार नित नवीन विचारों के समागम के लिए सदा खुला रखें। विश्वविद्यालयों को यह सदैव स्मरण रखना होगा कि उन्हें एक जटिल

विश्व में कार्य सम्पादन करना पड़ रहा है। उन्हें नयी चिन्तन-प्रणाली खोजनी होगी, जिसमें बुद्धि की स्वतंत्रता के साथ ही जीवन के मूल्यों के प्रति श्रद्धा हो। ऐसी परिस्थिति में विश्वविद्यालयों को स्वभावतः सामाजिक मामलों में सक्रिय होना पड़ेगा और वे प्रमुख सामाजिक समस्याओं के प्रति उदासीन नहीं रह सकेंगे। राष्ट्रीयकरण, अस्पृश्यता, आर्थिक शोषण, अणुशक्ति पर नियंत्रण आदि विविध समस्याओं पर विश्वविद्यालयों में स्वतंत्र तथा निर्भीक विचार-विमर्श होना चाहिए। यदि विश्वविद्यालयों ने ऐसे प्रश्नों पर विचार-विमर्श, चिन्तन-मनन आरम्भ कर दिया तो शिक्षा अपेक्षाकृत अधिक सार्थक मालूम पड़ने लगेगी और गुरुजन भी अनुभव करने लगेंगे कि बहुसंख्यक छात्र उनके साथ हैं। छात्रों को विध्वंसात्मक राजनीति से विरत करने का यही एकमात्र मार्ग प्रतीत होता है।

आपने शान्ति के साथ मेरे भाषण को सुना, इसके लिए मैं आपका अनुगृहीत हूँ।

जय हिन्द !

————

ऋग्वेद में उषा का वैज्ञानिक स्वरूप

पं० श्रीचन्द्र पाण्डेय, ज्यौतिष शास्त्राचार्य
प्रवक्ता, प्राच्य विद्या एवं धर्मविज्ञान संकाय, का० हि० वि० वि०

प्रभातकाल में सूर्योदय से पहले और सायंकाल में सूर्यास्त के बाद एक घण्टे से अधिक समय तक अत्यन्त मनोरम काल होता है, जिसमें सूर्य का दर्शन तो नहीं होता किन्तु प्रकाश की मात्रा इतनी अधिक होती है कि कार्य सम्पादन में कोई कठिनाई नहीं होती। यह काल दिन और रात का सन्धिकाल होता है। इसीलिए इसे सन्ध्या कहते हैं। प्रातःकाल की सन्ध्या को हमारे वैदिक वाङमय में उषस् या उषाः नाम दिया गया है। इस उषःकाल की रमणीयता पर हमारे मन्त्रकर्ता ऋषि इतने मुग्ध थे कि इसके लिए ऋग्वेद में स्थान-स्थान पर अनेक मनोरम सूक्तियाँ ग्रथित हैं, जिनमें उषा के आह्लादक स्वरूप का वर्णन तो है ही, साथ ही इसकी वैज्ञानिकता का भी परिचय अनेक स्थलों पर मिलता है। कुछ वर्णन तो इतने हृदयग्राही हैं कि कोई भी सहृदय उन्हें पढ़कर आनन्दविभोर हो उठेगा। जर्मन विद्वान् मैक्समूलर ऋग्वेद की इन सूक्तियों पर इतने मुग्ध हैं कि ऋग्वेद की प्रशंसा करते हुए नहीं थकते। वे कहते हैं कि :

"यावद्भारतवर्षं स्याद्यावत्स्युर्गिरयो भुवि।
तावद् ऋग्वेद महिमा लोकेषु प्रचरिष्यति॥"

हमारे ऋषियों को यज्ञ के लिए तथा स्वाध्याय, ध्यान आदि के लिए उषःकाल कितना प्रेरणादायक रहा है, इसका निदर्शन उषःसम्बन्धी ऋग्वेद के सूक्तों में प्राप्त होता है। उषा को कहीं द्युलोक की कन्या के रूप में, कहीं सूर्य की पतिव्रता स्त्री के रूप में, कहीं पति के सान्निध्य में अपने अंगों का प्रदर्शन करती हुई अल्हण नायिका के रूप में दिखाया गया है, तो कहीं उत्तरोत्तर क्रम से दृश्य होने के कारण उषा को रात्रि की पुत्री और सूर्य को उषा का वत्स बताया गया है। यही नहीं, अपितु उषा देवी से वरदान माँगने में भी ऋषि नहीं चूकते। उत्सुकता जगाने को दृष्टि से हम यहाँ पर कतिपय मंत्रों को उद्धृत करते हैं :

"इदं श्रेष्ठं ज्योतिषां ज्योतिरागाच्चित्रः प्रकेतो अजनिष्ट विभ्वा।
यथा प्रसूता सवितुः सवायँ एवा रात्र्युषसे योनिमारैक्॥"

(ऋ० १।११३।१)

अर्थात् ज्योतिष्क पदार्थों में श्रेष्ठ यह उषारूपी ज्योति आ गई है और इसके आने पर जगत् का प्रकाशक सूर्य व्यापक होकर उत्पन्न हुआ। जैसे रात्रि सूर्य से उत्पन्न हुई, वैसे ही उसने भी उषा की उत्पत्ति के लिए प्रसव-स्थान को खाली कर दिया।

यहाँ पर स्मरणीय है कि सूर्योदय के बाद रात्रि की उत्पत्ति और रात्रि के बाद उषा की उत्पत्ति और उषा के बाद सूर्य की उत्पत्ति अथवा सूर्य का उदय होता है। इसी प्राकृतिक उत्पत्ति-क्रम को वैदिक मन्त्र में उत्पाद्योत्पादकभाव रूप में वर्णित किया गया है। अन्धकार में छिपा हुआ जगत् उषा की उत्पत्ति के साथ ही प्रकाश में आने लगता है। इसी को लक्ष्य करके आगे के मंत्रों में बताया गया है कि उषा जगत् को मानों उगल रही है। 'उषा अजीगर्भुवनानि विश्वा'

अर्थात् 'उषा सम्पूर्ण भुवन को उगल रही है।' इस पद्यार्थ को समस्या के रूप में रख कर कई मन्त्रों में इसका उपयोग हुआ है। ऋग्वेद म० १।१२३ में उषा का आलंकारिक वर्णन कितना हृदयग्राही है। इसे देखिए—

"कन्येव तन्वा शाशदानाँ एषि देवि देवमियक्षमाणम्।
संस्मयमाना युवतिः पुरस्तादाविर्वक्षांसि कृणुषे विभाती॥"
(ऋ० १।१२३।१०)

अर्थात् "उषा पहले छोटी बच्ची की भाँति अपने नग्न अंगों से प्रकट होती है, फिर बड़ी होकर युवती की भाँति अपने पति सूर्य देव के सामने विहंसती हुई अपने वक्षःस्थल आदि गुह्य अंगों को दिखाती हुई शोभित होती है।"

अगले मन्त्र में उषा को पतिव्रता स्त्री की भाँति चित्रित किया गया है :

"एषा दिवोदुहिता प्रत्यदर्शि ज्योतिर्वसाना समना पुरस्तात्।
ऋतस्य पन्थानमन्वेति साधु प्रजानतीव न दिशो मिनाति॥"
(ऋ० १।१२४।३)

अर्थात् "द्युलोक की पुत्री उषा पूर्व दिशा में आगे दीख पड़ी। वह ज्योति रूपी वस्त्रों को पहनी हुई सूर्य के मार्ग का अनुसरण करती है और सूर्य के मार्ग की दिशा को जानती हुई-सी उससे तनिक भी विचलित नहीं होती है। जैसे पतिव्रता स्त्री अपने पति के सदा अनुकूल आचरण करती है, वैसे ही उषा भी अपने पति सूर्यदेव के पथ का सदा अनुगमन करती है।" अतः उषा को यहाँ पर सती स्त्री के रूप में चित्रित किया गया है।

इस प्रकार से ऋग्वेद में उषा को रात्रि तथा सूर्य के साथ पुत्री, बहिन, पुत्र तथा पति आदि अनेक रूपों में वर्णित किया गया है। उषा कहीं लोगों को जगानेवाली माता के रूप में चित्रित है तो कहीं काल की शाश्वतता के प्रतीक रूप में वर्णित है। उषा के वर्णन के कारण ही यूरोपियन विद्वानों ने ऋग्वेद को संसार के सभी धर्म ग्रन्थों में श्रेष्ठ महाकाव्य के रूप में स्वीकृत किया है। वेदों के प्रसिद्ध आलोचक मैगडानल का कहना है कि "यह देवता वैदिक काल की सबसे सुन्दर सृष्टि है और दूसरे धार्मिक साहित्य में इससे सुन्दर कृति नहीं मिलती।"

भारतीय मान्यता के अनुसार भारतीय आर्यों का आदिम निवास स्थान भारत ही है किन्तु वेदों का अध्ययन करने के बाद जर्मन विद्वान् मैक्समूलर ने भाषा-विज्ञान के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है कि संस्कृत, लैटिन, फारसी आदि भाषाओं में इस प्रकार का साम्य उपलब्ध होता है, जिससे प्रमाणित होता है कि इन भाषाओं को बोलने वाली जातियों का आदिम निवास स्थान एक ही था। फलतः ये जातियाँ 'आर्य' हैं और इनका आदि देश मध्य एशिया है। वहीं से इनकी शाखाएँ पश्चिम यूरोप, ईरान और भारत में फैली। पाश्चात्य विद्वानों में तथा भारत में भी यही धारणा बद्धमूल हुई। लोकमान्य तिलक ने इस मान्यता का प्रतिवाद करते हुए अपना यह मत व्यक्त किया कि आर्यों का आदिम निवास उत्तरी ध्रुव का प्रदेश है। तिलक द्वारा लिखित 'दि आर्कटिक होम इन दि वेदाज' नामक पुस्तक में ऋग्वेदीय मन्त्रों के उषा आदि के वर्णनों को ध्रुवप्रदेशीय सिद्ध करने के लिए अनेक मन्त्रों का प्रमाण दिया गया है। ऐसा मानने का आधार यह है कि वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध किया था कि उत्तरी ध्रुव-प्रदेश में अनेक वर्षों तक वसन्त ऋतु की आर्त्तव सुषमा विद्यमान थी।

बंगाली विद्वान् डॉ० अविनाशचन्द्र दास ने अपनी 'ऋग्वेदिक इण्डिया' नामक पुस्तक में तिलक की कल्पनाओं का बलवत् प्रतिवाद करके यह सिद्ध किया कि ऋग्वेद में उषा आदि के वर्णन भारतीय प्रदेश सप्तसिन्धव (पंजाब और काश्मीर) के ही दृग्विषय हैं। ध्रुवप्रदेशीय दृग्विषयों के समर्थन में मन्त्रार्थों की जो खींचतान तिलक जी ने की है, वह किसी भी प्रकार से समीचीन नहीं। डॉ० ए० सी० दास ने भूगर्भशास्त्र की उपलब्धियों के आधार पर यह सिद्ध किया कि आर्यों का आदि देश सप्तसिन्धव ही है। क्योंकि ऋग्वेदीय वर्णन सप्तसिंधव के पर्वतों और नदियों तक ही सीमित हैं। इससे यह प्रमाणित होता है कि जिस समय राजपूताना उत्तर प्रदेश, बिहार और बंगाल की भूमि एक लम्बे समुद्र से घिरी थी, तभी ऋग्वेद के मन्त्र लिखे गये। फिर अत्यन्त ऊँचा विन्ध्याचल पर्वत जब इस समुद्र में गिरा तो, यह समुद्र भरता चला गया। साथ ही नदियों ने इसमें मिट्टी भरना आरम्भ कर दिया। तब राजपूताना, उत्तरप्रदेश, बिहार और बंगाल आदि में मैदानी भूखण्ड अस्तित्व में आये। राजपूताना का मरुस्थल और उसमें विलीन होनेवाली सरस्वती नदी इसके प्रत्यक्ष साक्ष्य हैं। 'शतपथ ब्राह्मण' के प्रलय की कथा तथा मनोरवसर्पणम् (मनु का काश्मीर में भागना) आज भी इस समुद्र के भरने की कथा को प्रमाणित करते हैं।

डॉ० सम्पूर्णानन्द जी ने अविनाशचन्द्र दास की युक्तियों के आधार पर ही तिलक जी की युक्तियों का प्रतिवाद करके हिन्दी में 'आर्यों का आदि देश' नामक पुस्तक लिखी है। उसमें ऋग्वेद के (१।१२३।८) मन्त्र में पठित तिलक जी के द्वारा योजन शब्द का अर्थ मुहूर्त किया गया है। जिसका उल्लेख है, वह मन्त्र निम्न है :

"सदृशीरद्य सदृशीरिदु श्वो दीर्घं सचन्ते वरुणस्य धाम।
अनवद्यास्त्रिंशतं योजनान्येकैका क्रतुं परियन्ति सद्यः।"

(ऋ० १।१२३।८)

अर्थात् आज समान और कल भी समान ही उषाएँ विशाल सूर्य के मार्ग का अनुसरण करती हैं, और प्रत्येक ३०-३० योजन दूर तक के ऊर्ध्व गमन से चक्कर काटती रहती हैं।

इस मन्त्र के विषय में तिलक जी का कहना है कि यहाँ उस ध्रुव प्रदेश के दृग्विषय का वर्णन है, जहाँ पर तीस दिन का उषःकाल होता है। उनका कहना है कि इस मन्त्र में योजन का अर्थ मुहूर्त है। क्योंकि योजन का अर्थ रथ उतनी दूरी - जितनी कि एक बार में जुते हुए घोड़े चल सकें—प्रतिदिन का निश्चित मार्ग आदि होता है। अतः उस ध्रुव प्रदेश में उषाएँ तीस दैनिक चक्कर पूरा करती हैं। तात्पर्य यह है कि ध्रुवप्रदेश में आर्यों के निवास के समय लिखे गये इस मन्त्र में उस ध्रुव प्रदेश के अन्तिम मास की उन उषाओं का वर्णन है, जहाँ पर एक मास की रात होती है। भू-पृष्ठ पर ऐसे स्थान नार्वे, स्वीडेन, साईबेरिया आदि में ६८° अक्षांश वाले प्रदेश हो सकते हैं किन्तु वर्तमान समय में वहाँ उषा जैसे दृग्विषयों के दर्शन योग्य वायुमण्डल नहीं है। मेरु प्रभा जैसे अनेक प्राकृतिक क्रियाकलाप दृष्टिगोचर होते हैं किन्तु तिलक जी जैसे गंभीर चिन्तक ऐसा इसलिए कहते हैं कि वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध किया था कि ध्रुव प्रदेश के हिमाच्छादित होने से पूर्व वहाँ वसन्त ऋतु जैसी छटा विद्यमान थी। ऋग्वेद के उषा सम्बन्धी अनेक मन्त्रों में ध्रुव-प्रदेश में निवास के समय की स्मृति का ही संकेत है। उषा सम्बन्धी अनेक मन्त्रों में इस मत के साक्ष्य उपलब्ध हैं। डॉ० सम्पूर्णानन्द जी ने अनेकधा उन

साक्ष्यों को प्रस्तुत किया है। हम यहाँ केवल उसी एक मन्त्र का साक्ष्य प्रस्तुत करते हैं जिसमें योजन को मुहूर्त मानने के विरुद्ध भी प्रमाण है :

"उषः प्रतीचीभुवनानि विश्वोर्ध्वा तिष्ठस्यमृतस्य केतुः ।
समानमर्थं चरणीयमाना चक्रमिव नव्यस्या ववृत्स्व ॥
(ऋ० ३।६१।८)

अर्थात् हे उषा ! सम्पूर्ण लोकों को अपने से पश्चिम की ओर रखती हुई, सूर्य को बताने वाली पताका स्वरूप तुम आकाश में ऊँचाई पर रहती हो और नये-नये स्वरूपों से युक्त हो, सूर्य के साथ एक ही मार्ग पर चलने वाली तुम गाड़ी के पहिये की भाँति बार-बार आवृत्ति (चक्कर) करती हो।

यहाँ उषा को पश्चिमाभिमुख, आकाश में खड़ी हुई बताया गया है किन्तु ध्रुव प्रदेश में कोई दिशा होती ही नहीं। क्योंकि ध्रुव तारा के सिर पर होने के कारण, उत्तर की दिशा शिर के ऊपर हुई। फलतः सूर्य क्षितिज में ही दक्षिणावर्त चक्कर करता रहता है। इसीलिए आचार्य श्रीपति ने 'सिद्धान्तशेखर' में कहा है कि "मेरौ रविर्भ्रमति भूजगतःसमन्तादाशा न कदाचिदपि तत्र विचारणीयां।" डॉ० अविनाशचन्द्र दास ने ऐसे ही मन्त्रों के अनेक प्रमाणों से तिलक की आर्यों के ध्रुवप्रदेशीय निवास सम्बन्धी युक्तियों को निःसार सिद्ध किया है, किन्तु इन युक्तियों में 'त्रिंशतं योजनान्येकैका क्रतुं परियन्ति' इस मन्त्र के 'परियन्ति' पद के द्वारा ध्रुवप्रदेशीय क्षितिज में उषा के चक्कर सम्बन्धी तिलक जी के कथन का ही प्रतिवाद हो सका है। योजन शब्द का मुहूर्त अर्थ बताने की युक्ति का प्रतिवाद अछूता ही रह गया है। अब हम अनुसन्धाताओं के उपजीव्य सायणाचार्य की इस मन्त्र की योजन सम्बन्धी उस वैज्ञानिक व्याख्या को प्रस्तुत करते हैं, जिसने मुझे इस मन्त्र के वैज्ञानिक अर्थ के अनुसन्धान की ओर प्रेरित किया है। 'त्रिंशतं योजनानि' के सम्बन्ध में सायणभाष्य में लिखा है :

"यदा नक्षत्राणि न दृश्यन्ते सूर्यश्च नोदेति उषःकालः। स चैक विंशतिघटिकाभिः षड्विंशतिपराभिश्च सम्मितः। सूर्यो हि प्रतिदिनमेकोनषटयधिकपञ्चसहस्त्रयोजनानि मेरुं प्रदीक्षिण्येन परिभ्रमति। तथा सति यत्र-यत्र लंकादि भूप्रदेशेषु सूर्यो गच्छति तस्य तस्य पुरस्तात् त्रिंशतं योजनान्युषा अपि गच्छति।"

अर्थात् "जब नक्षत्र न दीख पड़ते हों और सूर्य भी न उदय हुआ हो, वह उषःकाल है। वह २१ घटी २६ पल तुल्य है। क्योंकि सूर्य प्रतिदिन ५०५९ योजन ध्रुव की दाहिनी ओर से प्रदक्षिणा करते हुए घूमता है। ऐसी स्थिति में जहाँ लंका आदि प्रदेशों में सूर्य चलता है, उसके आगे ३० योजन उषा भी चलती है।" इस पर तिलक जी को आपत्ति यह है कि मेरु की प्रदक्षिणा करने का अर्थ पृथ्वी का अपनी धुरी पर घूम जाना है। पृथ्वी की परिधि लगभग २४,८०० मील है, अतः ५०५९ योजन=२४,८०० मील।[1] इसलिए १ योजन=४.९ मील हुआ। अतः उषा के सूर्य से ३० योजन अर्थात् ३०×४.९=१४७ मील आगे रहती है।

---

[1] १६००×$\sqrt{१०}$=५०५९ भूपरिधि योजन सूर्य सिद्धान्तीय।

$\frac{३६००\times ३० \text{ प०}}{५०५९}$ =२१ पल २२ विपल=८ मि० ३३ सेकेन्ड। सायणभाष्य में एकविंशतिविघटिकाभिः के स्थान एकविंशति घटिकाभिः छपा है।

परन्तु होता यह है कि जब सूर्य क्षितिज से १६° अंश नीचे रहता है, तभी उषा दीख पड़ती है। जब ३६०°=२४,८०० मील तो १६°=११०५ मील। इसका अर्थ यह हुआ कि उषा सूर्य से ११०५ मील, अर्थात् १००० मील आगे रहती है। इसमें और सायणाचार्योक्त १४७ मील में तो बड़ा अन्तर है। अतः सायणाचार्य की गणना अवैज्ञानिक अथ च निराधार है। तिलक की अपनी व्याख्या तो यह है कि यहाँ ध्रुव प्रदेश के दृग्विषय (प्राकृतिक क्रिया-कलाप) का वर्णन है, जहाँ तीस दिन का सवेरा होता है। वे कहते हैं कि योजन का अर्थ रथ उतनी दूरी—जितनी एक बार जुते घोड़े चल सकें—प्रतिदिन का निश्चित मार्ग आदि होता है। उनके कथनानुसार, यहाँ यह कहा गया है कि उषाएँ ३० दैनिक चक्कर पूरा करती हैं। मेरी समझ से सायणाचार्य ने व्यर्थ लम्बी चौड़ी गणना दी। इस मन्त्र का इतना ही अर्थ पर्याप्त है कि "प्रत्येक उषा अपनी निश्चित यात्रा पूरी करती है, जो ३० योजन की होती है और योजन का अर्थ मुहूर्त ही करना चाहिए। उषा की यात्रा के ३० नियत टुकड़े हैं जिसमें से एक-एक उस मार्ग को नापने के लिए योजन है" (आर्यों का आदि देश, पृ० १२५)।

तिलक जी के लिए योजन का अर्थ मुहुर्त करना इसलिए आवश्यक था कि आर्यों के ध्रुवप्रदेशीय निवास को प्रमाणित करने के लिए ३० मुहूर्त के दिन का उपयोग, एक दिन में उषाओं के पूर्ण परिभ्रमण के लिए अत्यन्त उपादेय हुआ। क्योंकि उषाएँ ३० योजन या ३० मुहूर्त्त में ध्रुव प्रदेशीय क्षितिज का एक चक्कर पूरा कर लेती हैं। परयन्ति (परितः भ्रमण करती हैं) से भी उन्हें यही संकेत मिला, किन्तु डॉ० ए० सी० दास और डॉ० सम्पूर्णानन्द जी द्वारा योजन शब्द के वैज्ञानिक स्वरूप की सिद्धि के लिए प्रयास न करना खटकने वाली बात है। अब हम आगे उषा के वैज्ञानिक स्वरूप की विवेचना करके यह बतायेंगे कि इस मन्त्र में पठित 'त्रिंशतं योजनानि' का तीस योजन अर्थ करना ही विज्ञान सम्मत है और उससे उषःकाल का वही मान आता है, जिसे तिलक जी ने बताया है।

पूर्व उल्लिखित ऋग्वेदीयमंत्र (३।६१।३) से स्पष्ट निर्देश है कि 'उषः उर्ध्वातिष्ठति' अर्थात् 'हे उषे! तुम ऊँचाई पर रहती हो।' अब प्रश्न यह उठता है कि उषा की उच्छ्रिति कितनी है? इस पर ऋ० (१।१२३।८) में निर्देश किया गया है कि 'त्रिंशतं योजनानि' अर्थात् ३० योजन। इससे स्पष्ट है कि उषा की यह ३० योजन उच्छ्रिति भूपृष्ठ से कही गई है। अर्थात् उषा भूपृष्ठ से ३० योजन की ऊँचाई पर अपनी भूपरिभ्रमण की यात्रा पूरी करती है। सायणाचार्य ने उषा की तीस योजन की दूरी भूपरिधि पर माना। परिणामतः उनके द्वारा साधित उषःकाल की परिमिति छोटी हो गई। उषा के वैज्ञानिक स्वरूप की विवेचना से यह स्पष्ट हो जायगा कि उषःकाल का जो मान ३० योजन की उच्छ्रिति से आता है, उसी को आज के विज्ञान ने बड़े-बड़े सूक्ष्ममापी यन्त्रों से प्राप्त किया है।

उषा का वैज्ञानिक स्वरूप

प्रातःकाल जब सूर्योदय होता है, तब प्रकाश धीरे-धीरे बढ़ता है। ऐसा नहीं होता कि सूर्योदय होते ही एकाएक उजाला हो जाय। इसी प्रकार सायंकाल भी सूर्यास्त होते ही एकाएक अन्धकार नहीं होता। इसका कारण हमारा वायुमण्डल है। वायुमण्डल एक पारदर्शक पदार्थ है किन्तु वह पूर्णतया स्वच्छ नहीं है साथ ही उसके स्तर भी पृथ्वी तल पर घने और उससे ऊपर क्रमशः विरल होते गये हैं। फलतः पृथ्वी तल पर वायुमण्डल में अधिक

धूलि कण और ऊपर के हल्के स्तरों में विरल धूलि कण मिले हुए हैं। प्रकाश के परावर्तन नियम के अनुसार इन्हीं धूलि कणों पर पड़ी हुई सूर्य की किरणें भी परावर्तित होकर पृथ्वी तल पर लौट आती हैं। यही कारण है कि जब सूर्य क्षितिज से नीचे ही रहता है, तभी से उसकी रश्मियाँ भूपृष्ठस्थ द्रष्टा के वायुमण्डल के धूलि कणों पर से भूतल की ओर लौटकर बिखरने लगती है, जिससे पर्याप्त प्रकाश द्रष्टा तक पहुँचने लगता है। इस प्रकार जो प्रकाश भूपृष्ठ पर पड़ता है उसे सान्ध्य-प्रकाश कहते हैं। अंग्रेजी में इसका नाम ट्वीलाइट (Twilight) है। हमारे वाङ्मय में प्रातःकालीन सान्ध्य-प्रकाश को उषा और सायंकालीन सान्ध्य-प्रकाश को सन्ध्या या प्रदोष कहते हैं।

उषा का प्रारम्भ अथवा प्रदोष का अन्त कब हुआ, यह कहना कठिन है? क्योंकि प्रकाश धीरे-धीरे बढ़ता है या घटता है, फिर भी देखा यह जाता है कि जब तक सूर्य क्षितिज के नीचे १८° से कम दूरी पर रहता है, तब तक हमें सान्ध्य-प्रकाश मिलता रहता है। बहुतों के मत से यही लोमदर्शन काल की सीमा है। अतः जिस क्षण सूर्य क्षितिज से १८° अंश नीचे पहुँचता है, उसी क्षण सन्धि प्रकाश का आरम्भ या अन्त समझना चाहिए। विषुद्वृत्तीय प्रदेशों में यह काल कुछ कम होता है। इसलिए वहाँ सूर्य के क्षितिज से १६.५° अंश नीचे रहने पर ही सान्ध्य-प्रकाश का आरम्भ अथवा अन्त हो जाता है।

१८° अंश का यह काल ७२ मिनट या ३ घटी के बराबर होता है। इसीलिए हमारे ज्योतिष तथा धर्मशास्त्र के ग्रन्थों में सन्ध्या-काल ३ घटी का बताया गया है। अब प्रश्न यह उठता है कि सान्ध्य-प्रकाश का आरम्भ अथवा अन्त सूर्य के १८° अंश नीचे रहने पर ही क्यों होता है? कारण यह है कि हमारे गोल पृष्ठ के ऊपर २०० मील तक गोलाकार वायुमण्डल का घेरा है। पहले बताया जा चुका है कि वायुमण्डल के धूलि-कणों पर पड़ी सूर्य किरणें जब लौट कर बिखरती हैं तो उन्हीं से सान्ध्य-प्रकाश का उद्भव होता है। अतः पृथ्वी पर जहाँ सूर्योदय हो रहा हो, वहाँ के वायुमण्डल के ऊपरी सतह पर पड़ी सूर्य किरणों का परावर्त्तित प्रकाश भूपृष्ठ के जिस स्थान से क्षितिज में दीख पड़ेगा, वहीं पर उषा का प्रारम्भ दृष्टिगोचर होगा। क्योंकि पृथ्वी के गोल होने के कारण जैसे सबसे पहले समुद्री जहाज का कूपदण्ड (मस्तूल) दिखाई पड़ता है वैसे ही वायुमण्डल का ऊपरी प्रकाश भी सर्वप्रथम दीख पड़ेगा। इसके लिए सूर्योदय वाले स्थान के ऊपरी वायुमण्डल की सतह से भूपृष्ठ को स्पर्श करती हुई एक रेखा खींचिये। उस रेखा का भूतल के जिस स्थान पर स्पर्श हो रहा है, उस स्थान से सूर्योदय वाले स्थान तक भूपृष्ठ की परिधि में जितना बड़ा कोण अथवा भूपरिधि खण्ड सम्बन्धी दूरी आक्रान्त होगी, उससे उत्पन्न काल उषःकाल या सान्ध्य-प्रकाश काल कहा जायेगा। इसको चित्र द्वारा स्पष्ट किया जाता है।

चित्र में पृ प ख य न ग पृथ्वी की परिधि है। भू पृथ्वी का गोल केन्द्र है। वा म वा क वायुमण्डल का घेरा है। प वा=वायुमण्डल की ऊँचाई=२०० मील, प ख य पृथ्वी के इस आधे भाग में दिन है। प भू पृष्ठ पर सूर्योदय तथा य स्थान पर सूर्यास्त हो रहा है। प स्थान का क्षितिज क ग भू ख म है। प स्थान के वायुमण्डल के ऊपरी स्तर वा पर पड़ी सूर्य की किरणों का प्रकाश भू पृष्ठ की ओर नीचे बिखर रहा है। अतः वा स्थान का परावर्त्तित प्रकाश भू पृष्ठ के पृ स्थान से अपने क्षितिज में दीख पड़ेगा। इसलिए प स्थान पर सूर्योदय के समय

पृ स्थान पर उषा की पहली लाली क्षितिज में दीख पड़ेगी। चूँकि वा स्थान से वा पृ भू परिधि की स्पर्शरेखा होगी। इसलिए ∠वा पृ भू=९०°अंश होगा। अब त्रिभुज △भू पृ वा में

भू वा=भू प+प वा=½ भू व्यास+वायुमण्डल की ऊँचाई

भू पृ=½ भू व्यास,

$$\left\{ \frac{\text{भू वा}}{\text{भू प}} = \text{व्युकोज्या } \angle \text{पृ भू वा अतः (Sec} \angle \text{ पृ भू वा)} \right\}$$

ज्ञात होगी। तब पृ भू प कोण का अंशात्मक मान उषा के आरम्भ काल में पृ स्थान पर सूर्य के क्षितिज के नीचे रहने के कोण ∠पृ भू प ज्ञात हो जायेगा। हम पहले डब्ल्यू एम० स्मार्ट की 'ए टेक्स बुक ऑन स्फेरिकल एस्ट्रानामी' के उपकरणों से ∠पृ भू प का मान ज्ञात करेंगे। बाद में भारतीय उपकरणों से ३० योजन वायुमण्डल की ऊँचाई पर से वैदिक उषा के आरम्भ काल की विवेचना करेंगे।

स्मार्ट के अनुसार ½ भू व्यास=३९६३.३ मील।

$$\therefore \text{Sec (व्युकोज्या)} \angle \text{पृ भू व} = \frac{३९६३\cdot३+२००}{३९६३\cdot३} = १\cdot०५०४६$$

$$\therefore \angle \text{ पृ भू व} = १७।५०^\circ = १८^\circ \text{ लगभग}$$

$$= ३ \quad \text{घटी} = ७२ \text{ मिनट}$$

ऋग्वेद के मन्त्र (१।१२३।८) में वर्णित उषा की ३० योजन की ऊँचाई वायुमण्डल की ही ऊँचाई है। अब उससे और सूर्य सिद्धान्त में वर्णित ८०० योजन के पृथ्वी के व्यासार्द्ध से उषःकाल का मान ज्ञात किया जाता है। पूर्व निर्दिष्ट चित्र में पूर्व विधि से ही —

$$\text{व्युकोज्या (Sec)} \angle \text{ पृ भू वा} = \frac{८००+३०}{८००} = \frac{८३०}{८००} = १\cdot०३७५$$

$$\therefore \angle \text{पृभूवा} = १५^\circ।२७^\circ = १६^\circ \text{ लगभग}$$

अतः ३० योजन वायुमण्डल की ऊँचाई मानने पर उषःकोण का मान लगभग १६° आता है। तिलक जी ने भी विषुवद्वृत्त में प्रातः सान्ध्य-प्रकाश के आरम्भ में उषःकाल का मान १६° या ६४ मिनट ही लिखा है। नाटिकल अलमनॉक में भी विषुवद् वृत्त के प्रदेशों में

सान्ध्य-प्रकाश (Twilight) का मान लाने के लिए सूर्य का नतांश १६/३०° मान कर ही गणित किया गया है।

उषःकाल के इस गणित सत्य के आधार पर उपर्युक्त मन्त्र में वर्णित ३० योजन की ऊँचाई वस्तुतः वायुमण्डल की ही ऊँचाई है। अतः उस मन्त्र के योजन का अर्थ मुहुर्त्त करना सर्वथा निराधार है तथा ३० योजन तुल्य उषा की ऊँचाई मानना गणित सत्य होने के कारण साधार और सर्वथा वैज्ञानिक है।

कहा जा सकता है कि भारत में वेदों के काल में इतने ऊँचे गणित का आविष्कार नहीं हुआ था। अतः उच्च गणित से साधित उषा की यह ऊँचाई यदि किसी प्रमाणान्तर से सिद्ध हो जाय, तब यह तथ्य माना जा सकता है। अन्यथा यह एक संयोग की ही बात मानी जायेगी कि मन्त्र में पठित ३० योजन की सन्ध्या वायुमण्डल की ऊँचाई की संवादिनी हो गई। इस शंका के समाधान के लिए भी हमें कहीं दूर नहीं जाना है। सन्ध्या का प्रमाण हमारे स्मृति ग्रन्थों में है, उसी से यह प्रमाणित हो जाता है कि उषा की ३० योजन की ऊँचाई भारत में ज्ञात थी। मनुस्मृति में सन्ध्या का मान—युग-मान का दशमांश कहा गया है। उसी से इसकी सिद्धि हो जाती है :

"चत्वार्याहुः सहस्त्राणि वर्षाणि तत्कृतं युगम् ।
तस्य तावच्छतीसंध्या संध्यांशश्च तथाविधः ॥"

(मनु० अ० १ श्लो० ६९)

अर्थात् ४०० दिव्य वर्षों का एक सत्ययुग का मान है तथा ४०० दिव्य वर्ष, उसकी संध्या और उतना ही सन्ध्यांश भी है। अब सन्ध्या और सन्ध्यांश दोनों को मिलाकर सत्ययुग का मान ४,८०० दिव्य वर्ष हुआ। ४०० दिव्य वर्ष ४८०० दिव्य वर्ष का १२वाँ भाग है। अतः सिद्ध है कि सम्पूर्ण दिनमान का १२वाँ भाग एक सन्ध्या होती है और अहोरात्र मान का १२वाँ भाग दोनों सन्ध्याओं का मान होता है। अतः ६० घटी के दिनमान का १२वाँ भाग ५ घटी या २ घण्टा दोनों सन्ध्या प्रकाशों का मान हुआ। इसके आधे २½ घटी या १ घण्टा की १ संध्या हुई। एक घटी ६° अंश की होती है। अतः २½ घण्टे में १५° अंश हुए, जो पूर्व साधित वैदिक उषःकाल के निकट है।

विषुवद्वृत्त या कालबोधक वृत्त में १° अंश. १० पल या ४ मिनट के तुल्य होता है। क्योंकि २५ घन्टे या ६० घटी में पृथ्वी या व्यवहार में सूर्य का एक चक्कर या ३६०° अंश की पूर्त्ति होती है। अतः यदि लोम दर्शन काल की गणना करके उसे २½ घटी या ३ घटी प्राप्त कर लिया जाय तो उसके कोणात्मक मान १५° अंश या १८° अंश पर से सूर्य-सिद्धान्त के अनुसार पृथ्वी का व्यासार्द्ध ८०० योजन मानकर वायुमण्डल की ऊँचाई ३० योजन, केवल समकोण त्रिभुज में १८° का कोण बनाकर ८०० प्रमाण की भुजा पर से नाप कर ८३० योजन कर्ण का मान ज्ञात हो जायेगा। ८३० में से ८०० घटाने पर ३० योजन वायुमण्डल की ऊँचाई होगी। अतः सामान्य कोण मापन विधिसे ही भूव्यासार्द्ध ज्ञात रहने पर वायुमण्डल या उषा की ऊँचाई उस समय भी ज्ञात की जा सकती थी, जब त्रिकोणमिति का आविष्कार नहीं हुआ था किन्तु भारत में त्रिकोण गणित का मूल सिद्धान्त समकोण त्रिभुज में भुज और कोटियों के वर्गों का योग कर्ण के वर्ग तुल्य होता है। यह पैथागोरस से ८०० वर्ष पहले बौधायन शुल्व सूत्र में लाया जा चुका था। सभी प्राचीन ज्यौतिष सिद्धान्तों में इसका उपयोग हुआ भी है।

यूरोपियन विद्वानों का यह भी कहना है कि भारत में कोण-मापन विधि का ज्ञान यूनानियों की देन है किन्तु यह ऋग्वेद के द्वारा ही असत्य प्रमाणित हो जाता है क्योंकि ऋग्वेद में वृत्त की परिधि को ३६० भागों में विभक्त करके उसको चार भागों में बाँट कर प्रत्येक का नाम एक नवति रखा जा चुका था :

"चतुर्भिः साकं नवतिं च नामभिश्चक्रं न वृत्तं व्यतींरवीविपत् ।"
(ऋ० १।१५५।६)

अर्थात् यह सूर्य रूपी विष्णु, चतुर्भिर्नामभिः साकं (चार नमनों या मोड़ों के साथ) नवतिं (नब्बे संख्या वाले) व्यतीन् (सतत गमनशील अवयवों को) वृत्तं न चक्रं (गोलाकार पहिये की भाँति) अवीविपत् (घुमाता है)। अर्थात् सूर्य एक वर्ष में नब्बे-नब्बे के चार भागों वाले चक्र को घुमाता है। इस मन्त्र से स्पष्ट है कि ऋग्वेद काल में वृत्त को चार भागों में विभक्त कर दिया गया था। उस समय ३६० तिथियों का वर्ष मानने की प्रथा थी। सौर वर्ष को भी इन्हीं ३६० अवयवों में विभक्त किया गया था। पीछे यही सौर दिनों के नाम से कहे गये।

लेखक ने सूर्योदय के आसन्न में उषा की ऊँचाई को १५° अंश से अधिक ही पाया है। अत्यन्त विरल लाली की ऊँचाई तो इससे भी अधिक अंशों की होती है। इससे भी समकोण त्रिभुज का निर्माण कर पूर्व विधि से दो बड़ी भुजाओं में ८० और ८३ का सम्बन्ध प्राप्त किया जा सकता है किन्तु एक प्रश्न यह रह जायेगा कि पृथ्वी को गेंद की भाँति गोल मानने और उसके व्यासार्द्ध को ८० योजन तुल्य उपलब्ध करने का साधन उतने प्राचीन काल में कैसे उपलब्ध हुआ? इसके लिए भी हमारे वेद में ही संकेत है। एक ऋषि प्रश्न करते हैं कि पृथ्वी का छोर कहाँ है? तो दूसरे उत्तर देते हैं कि "इयं वेदिः परमन्तं पृथिव्याः" अर्थात् यह यज्ञ वेदी जो सामने पड़ी है, वही पृथ्वी का अन्तिम छोर है। स्पष्ट है कि उत्तरदाता का संकेत पृथ्वी का गेंद के समान गोल होने की ओर है। जब पृथ्वी गेंद के समान गोल सिद्ध हो गई, तब इसकी परिधि का ज्ञान भी साधारण रीति से ही हो जाता है। पृथ्वी पर ध्रुवतारे की ऊँचाई के कोणात्मक मान का ज्ञान कोण-मापक यन्त्र से करके एक स्थान से उत्तर की ओर चलने पर ध्रुवतारे का वह कोणात्मक मान जहाँ एक अंश अधिक हो जाय, उस स्थान से पहले स्थान की दूरी भूपरिधि पर १° अंश होगी। इसको ३६० से गुणा करने पर भूपरिधि का योजनात्मक या मीलों में मान आ जायेगा। हमारे शुल्व सूत्रों में व्यास परिधि का सम्बन्ध निर्दिष्ट है। वह आधुनिक मान के लगभग है किन्तु पीछे भारत में १० का $\sqrt{१०}$ के तुल्य व्यास परिधि का सम्बन्ध ज्ञात किया गया था। इस सम्बन्ध से पृथ्वी का व्यासार्द्ध भी सरलता से ही ज्ञात किया जा सकता है।

इस प्रकार वेदों में ही गणित की पर्याप्त अभिवृद्धि की सूचना हमें प्राप्त होती है। दश गुणोत्तर संख्या प्रणाली और संख्याओं का स्थानीय मान जैसे १२५ में इकाई, दहाई, सैकड़ा आदि नियमों की संसार की देन निश्चित रूप से वेदों की ही है। इसके लिए लेखक की 'ज्योति निबन्धावली' या डॉ० अवधेशनारायण सिंह और विभूतिभूषण दत्त लिखित 'हिस्ट्री ऑव हिन्दू मैथमेटिक्स' देखनी चाहिए। अतः उषा के सम्बन्ध में वेदों में वर्णित ३० योजन की ऊँचाई को इस लेख में जो वैज्ञानिक स्वरूप दिया गया है, वह वेदों की वैज्ञानिक देन के अनुकूल ही है।

भक्ति-काल : अध्ययन की समस्याएँ

चौथीराम
शोध छात्र, हिन्दी विभाग, का० हि० वि० वि०

हिन्दी साहित्य के इतिहास में, नामकरण की दृष्टि से, संभवतः भक्ति-काल ही सबसे कम विवादास्पद रहा है। आरंभिक युग को वीर-काल तथा चारण-काल आदि अनेक नामों से अभिहित किया गया है और उत्तर मध्यकाल को, जिसे आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने 'रीति-काल' नामकरण के साथ ही शृंगार-काल कहने के लिए भी लाइसेंस प्रदान किया, पं० विश्वनाथप्रसाद मिश्र ने अपनी सबल तर्क बुद्धि से उसका लाभ उठाते हुए शृंगार-काल कहना ही अधिक उपयुक्त समझा है। भक्तिकाल का नामकरण करते समय शुक्लजी ने धर्मप्राण भक्त कवियों की काव्यात्मक प्रवृत्तियों का बड़ा ही सूक्ष्म निरीक्षण किया रहा होगा—इसमें संदेह नहीं; किन्तु यदि ध्यान-पूर्वक देखा जाय तो इस काल में भक्तिमूलक धार्मिक विचारधारा के समानांतर ही अन्य भावधाराओं का ईषद् प्रवाह भी लक्षित होता है जिसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती; हाँ, इतना अवश्य है कि प्रधानता धार्मिक विचारधारा की ही मानी जायगी। नामकरण के समय शुक्लजी का ध्यान केवल काव्यात्मक वृत्तियों पर ही टिका रहा क्योंकि सामाजिक चेतना और मानव मूल्यों को उन्होंने विशेष महत्व नहीं दिया। यद्यपि यह सत्य है कि पूरे मध्यकाल में यदि हम आधुनिक दृष्टि से क्रांतिकारी परिवर्तन नाम की वस्तु ढूँढ़ने लगें, तो एक प्रकार से निराश ही होना पड़ेगा तथापि यह मान लेना कि उस युग में सामाजिक चेतना एकदम से लुप्त हो गई थी तथा मानव मूल्यों का महत्व ही नहीं था, उपयुक्त नहीं कहा जा सकता। जिन काव्यात्मक प्रवृत्तियों के आधार पर भक्ति-काल और रीति-काल का नामकरण हुआ है उनकी मूलवर्त्तिनी विचारधाराओं के अतिरिक्त अन्य प्रवृत्तियों पर विचार किये बिना उनका समुचित मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। इस दृष्टि से विचार करने पर ज्ञात होता है कि भक्ति-काल में शृंगारपरक रचनाओं का अभाव नहीं है और रीति-काल में भी धर्मपरक रचनाएँ हुई हैं। अकबर के दरबार में फारसी कवियों के अतिरक्त 'रहीम', 'गंग', 'होलराय', 'प्रिथीराज', 'करनेस', 'मनोहर', 'बीरबल' तथा 'नरहरि' आदि हिन्दी के कवि भी विद्यमान थे। इनमें रहीम ने नीतिपरक दोहों के अतिरिक्त 'नायिका भेद' जैसा ग्रंथ भी लिखा तथा 'करनेस' के 'श्रुतिभूषण', 'भूपभूषण' और 'कर्णाभरण' नामक अलंकार ग्रंथ उनकी दरबारी मनोवृत्ति के ही परिचायक हैं। कृपाराम की 'हित-तरंगिणी' को भी तब इस दृष्टि से ऐतिहासिक भूल ही कहा जायगा। इसी प्रकार 'मनोहर' कवि ने भी अनेक शृंगारी दोहों की रचना की है। विद्यापति के नख-शिख वर्णन और नायिका भेद संबंधी पदों में रीतिकालीन परंपरा का बीज अंकुरित हो चुका था और उनका 'कुच वर्णन' रीतिकालीन कवियों के कुच प्रेम को भी मात करता है। इसीलिए उन्हें 'कुच का कवि' होने का गौरव भी प्राप्त हुआ ह। सूरदास की 'साहित्य लहरी' लक्षण ग्रंथों से भिन्न नहीं है और उनके 'सूरसागर' जैसे रागसागर में भी रीतिकालीन

स्वरों का आलाप सुनाई पड़ता है। इसी प्रकार रीतिकालीन साहित्य का अनुशीलन करने पर ज्ञात होता है कि वहाँ पर धार्मिक ग्रंथों की रचनाएँ कम नहीं हुई हैं।

भक्तिकाल में इन धार्मिक एवं श्रृंगारिक रचनाओं के अतिरिक्त जन-जीवन को चित्रित करने वाली कुछ लौकिक रचनाएँ भी दृष्टिगत होती हैं जिनकी परम्परा अत्यन्त प्राचीन है। इतना अवश्य है कि इस श्रृंखला की कड़ियाँ बीच-बीच में टूटती रही हैं। इन काव्यों में लोक-मानस की सजीव भावनाएँ विद्यमान रहती हैं। लोक-हृदय की सरलता, निश्छल व्यावहारिकता और सहृदय-संवेद्य-क्षमता के कारण लोक-साहित्य वैदिक मार्ग के समानान्तर ही अपने पथ का निर्माण करता चला आया है। इसके द्वारा सदैव परिष्कृत साहित्य प्रभावित भी होता रहा है। भक्ति-काल में यद्यपि इसकी कोई सुव्यवस्थित परम्परा नहीं रही है, फिर भी इतना तो सत्य है कि इसने भक्त कवियों के भक्ति-साहित्य को अनुप्राणित अवश्य किया है। कबीर के साहित्य में लोकभावना तो सुरक्षित है ही, स्वयं कबीर भी लोकवेद का अनुसरण करते हुए प्रतीत होते हैं।[1] सूफी कवियों ने तो लोक-कथा को अपने काव्यों का आधार ही बनाया है। विद्यापति के गीत आज भी मिथिला में बड़े ही लोकप्रिय हैं, जिनमें लोक-गीतों का मूल स्वर विद्यमान है। उनके कुछ गीत तो विशुद्ध रूप से लोक-गीत ही प्रतीत होते हैं। उदाहरण के लिए निम्न गीत का अवलोकन किया जा सकता है :

"मोरा रे आँगना चान्दन केरि गछिआ
ताहि चढ़ि कुररए काग रे।
सोने चोंच बाँधि देब तोहि बायस
जओं पिआ आओत आज रे।।"[2]

'सूरसागर' में जितने भी मार्मिक एवं सरस प्रसंग आये हैं, वे सब लोक-जीवन से ही अनुप्राणित कहे जा सकते हैं। ग्वाल-बालों के साथ गोपाल कृष्ण की दिनचर्या पशु-चारण युग की लौकिक संस्कृति का स्मरण दिलाती है। सच पूछा जाय तो सूरसागर ब्रज की लोक संस्कृति का आकर ग्रंथ है। इसमें जादू-टोना, वेश-भूषा, रहन-सहन तथा जन्म से लेकर मरण तक के विविध मानवीय संस्कारों का विशद चित्रण हुआ है। सूरसागर के पदों में लोक-गीतों का माधुर्य और सजीवता विद्यमान है। तुलसी के उन गीतों में भी लोकगीतों का ही मूल स्वर सुनाई पड़ता है जिनकी रचना में लोक-धर्म से प्रेरणा ली गई है। इस विवेचन से ज्ञात होता है कि भक्ति-काल में केवल धार्मिक रचनाएँ ही नहीं हुई, बल्कि श्रृंगारिक रचनाओं के साथ ही लोक-साहित्य की भी उपेक्षा नहीं की गई है। इसी बात को दृष्टिपथ में रखते हुए डॉ० रामचन्द्र तिवारी ने मध्य-काल की रचनाओं को 'राज्याश्रयी', 'धर्माश्रयी' और 'लोकाश्रयी' काव्य के रूप में वर्गीकृत करना अधिक उपयुक्त समझा है।[3] अतः हिन्दी साहित्य में मध्य-काल का अध्ययन

---

[1] पीछैं लागा जाइथा लोक वेद के साथि।
आगैं थैं सतगुर मिल्या दीपक दीया हाथि।।—क० ग्र०, पृष्ठ २ (साखी नं० ११)।

[2] विद्यापति की पदावली : रामवृक्ष बेनीपुरी, पृष्ठ २९१।

[3] देखिए, मध्ययुगीन काव्य साधना : डॉ० रामचन्द्र तिवारी, पृष्ठ २—३।

करने के लिए 'भक्ति' और 'रीति' की सीमाएँ संकुचित ही कही जायेंगी। ऊपर जिन काव्य प्रवृत्तियों की त्रिधारा की चर्चा की गई है, उसके सम्यक बोध के लिए ये शब्द उपयुक्त नहीं प्रतीत होते। अतः अभी भी उसके समुचित अध्ययन की आवश्यकता बनी हुई है।

काव्य-धारा : पृष्ठभूमि और विकास

भक्ति-काल के पूर्व देश में राजनीतिक उथल-पुथल के परिणामस्वरूप इस युग का साहित्य भी संघर्ष और संक्रांति के बीच सांस ले रहा था। आक्रामक मुसलमानों के साथ घोर संघर्ष करते हुए उत्तर भारत के राजपूतों का पतन हो चुका था, और उनके स्थान पर दिल्ली, जौनपुर और बंगाल में मुसलमानी शासन पूर्णतः स्थापित हो गया। गुलाम वंश के बाद दिल्ली का शासन-सूत्र खिलजियों के हाथ में आया, साथ ही दक्षिण भारत को भी अपने राज्य में मिलाने की उत्कट अभिलाषा अलाउद्दीन खिलजी ने देवगिरि पर आक्रमण करके वहाँ के यादव राजा रामचन्द्र को पराजित किया। इस प्रकार मुसलमानों की बढ़ती हुई राज्यलिप्सा ने हिन्दुओं का अस्तित्व ही समाप्त-सा कर दिया। राज्य-विस्तार के साथ ही मुसलमान अपने धर्म प्रचार का भी व्यापक प्रयास कर रहे थे जिसमें युगीन साहित्य का प्रभावित होना स्वाभाविक था। हिन्दू शासकों की पराजय ने वीरता का यशगान करने वाले चारणों को निराश्रित कर दिया था, जिसके परिणामस्वरूप चारणों की प्रशस्तिमूलक रचनाएँ भी कम होने लगी थीं। हिन्दुओं का साहस क्षीण हो चुका था और पौरुष भी थकने लगा था। विजयनगर का हिन्दू राज्य अपने आत्म-सम्मान के रक्षार्थ प्रयत्नशील था और इसीलिए आये दिन बहमनी राज्य से उसकी नोंक-झोंक हो जाया करती थी। तात्पर्य यह कि दूर-दूर तक मुसलमानी राज्य की स्थापना हो चुकी थी और जो इने-गिने प्रदेश हिन्दुओं के अधिकार में थे, उन पर भी मुसलिम आक्रमणकारियों का आतंक छाया हुआ था। घोर निराशा के ऐसे भयाच्छन्न वातावरण में हिन्दू जनता अपना मार्ग ढूँढ़ने में असहाय सिद्ध हो रही थी। "उसके सामने ही उसके देव-मंदिर गिराये जाते थे, देव मूर्तियाँ तोड़ी जाती थीं और पूज्य पुरुषों का अपमान होता था और वे कुछ भी नहीं कर सकते थे।"[१] उसे पूर्णतः विश्वास हो गया था कि हिन्दू शासक और देश के सम्मानित व्यक्ति अब धर्म-रक्षा का कोई उपाय नहीं कर सकते। निराश जनता की मनोवृत्तियों का उल्लेख करते हुए डॉ० रामकुमार वर्मा लिखते हैं : "मुसलमान जब अपनी सत्ता के साथ अपना धर्म प्रचार करने लगे तब तो परिस्थिति और भी विषम हो गई। हिन्दुओं में मुसलमानों से लोहा लेने की शक्ति नहीं थी। वे मुसलमानों को न तो पराजित कर सकते थे और न अपने धर्म की अवहेलना ही सहन कर सकते थे। इस असहायावस्था में उनके पास ईश्वर से प्रार्थना करने के अतिरिक्त अन्य कोई साधन नहीं था। वे ईश्वरीय शक्ति और अनुकम्पा पर ही विश्वास रखने लगे। कभी-कभी यदि वीरत्व की चिनगारी भी कहीं दीख पड़ती थी तो वह दूसरे क्षण ही बुझ जाती थी या बुझा दी जाती है। इस प्रकार

१. हिन्दी साहित्य का इतिहास : आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, पृष्ठ ६३।

दुष्टों को दण्ड देने का कार्य उन्होंने ईश्वर पर ही छोड़ दिया और वे सांसारिक वस्तु-स्थिति से पारलौकिक और आध्यात्मिक वातावरण में ही विहार करने लगे।"[१] धरती की ओर से निराश होकर आकाश की ओर देखने के लिए समाज को बाध्य होना पड़ा। अपनी गौरवपूर्ण सांस्कृतिक परंपरा का सिंहावलोकन करते समय उसे गीता में कहे गये भगवान् श्रीकृष्ण के वचन स्मरण हो आये। उन्होंने आश्वासन दिया था कि "जब धर्म की हानि होती है तो उसके अभ्युत्थान के लिए मैं जन्म लेता हूँ।" धर्मप्राण जनता के लिए यह बहुत बड़ा अवलम्ब था। भगवान् की शरण में आने के अतिरिक्त और दूसरा कोई विकल्प नहीं रह गया था, जो उसकी धार्मिक भावनाओं को सुरक्षित बनाये रखता।

भक्ति-काल के पूर्व देश की धार्मिक चेतना को बड़ी ही विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा था। ब्राह्मण धर्म की पूर्ण प्रतिष्ठा हो चुकी थी और बौद्ध-धर्म की लोकप्रियता क्षीण हो रही थी। वह सहजयान और वज्रयान—इन दो शाखाओं में बँट कर अत्यन्त विकृत हो गया था। शाक्तों की तांत्रिक प्रणाली से प्रभावित होने के कारण सहजयानी सिद्धों में गुह्य साधना भी धीरे-धीरे घुसती जा रही थी। इन तांत्रिक सिद्धों का प्रभाव क्षेत्र केवल बंगाल ही रह गया था। साधना में पंच मकारों के सेवन को अनिवार्य माना गया तथा मद्य और मैथुन को ज्ञान प्राप्ति का प्रधान साधन मान कर समाज में नारी-पुरुष को उन्मुक्त यौनाचार और मद्य सेवन की पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान की गई। अपनी रहस्यात्मक गुह्य साधना द्वारा अनेक चमत्कार उत्पन्न करके ये साधारण जनता को चमत्कृत किया करते थे। इसी चमत्कारिता के कारण जन-सामान्य इनमें अलौकिक शक्ति का दर्शन करता था। जिस प्रकार देश के पूर्वी भागों में सिद्धों का प्रभाव था, उसी प्रकार पश्चिमी भाग—पंजाब एवं राजस्थान में नाथपन्थी योगियों का प्रभुत्व था। नाथ-पंथ का मूल भी यद्यपि वज्रयान शाखा ही कही जा सकती थी किन्तु इनकी साधना आचार-निष्ठामूलक थी। इनमें वज्रयान की-सी अश्लीलता को प्रश्रय न मिल सका। गोरखनाथ ने 'पतंजलि योग' के आधार पर हठयोग का प्रवर्तन किया। इसमें संदेह नहीं कि वज्रयानी सिद्धों और नाथपंथी योगियों ने सामान्य जनता में अपनी खूब धाक जमा ली थी किन्तु शिक्षित समाज उससे अप्रभावित ही रहा। इनकी साधना में भक्ति और प्रेम जैसे कोमल भावों को कोई महत्व नहीं दिया गया। तरह-तरह के शारीरिक कष्टों एवं पीड़ाओं द्वारा वे अपने शरीर को सहनशील बनाये रहते थे।

जिस समय उत्तर भारत में नाथों और सिद्धों की अंतस्साधना प्रचलित हो चुकी थी, उसी समय दक्षिण भारत में आडवार भक्तों की भावधारा भी प्रवाहित हो रही थी, जिसका समर्थन वहाँ के वैष्णव आचार्यों द्वारा भी किया गया। दक्षिण भारत में वैष्णव-धर्म की स्थापना करने वाले 'रामानुज', 'मध्व', 'विष्णु स्वामी' और 'निम्बार्क'—ये चार महान् आचार्य हुए। इन आचार्यों के प्रयास द्वारा वैष्णव-धर्म की पावन धारा

१. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास : डॉ० रामकुमार वर्मा, पृष्ठ १९२।

दक्षिण से उत्तर की ओर भी प्रवाहित होने लगी। इन आचार्यों के पश्चात् रामानंद, वल्लभाचार्य और चैतन्य महाप्रभु ने अत्यधिक व्यापक बनाते हुए इसे सुदृढ़ धरातल प्रदान किया। रामानंद की उदारता ने उत्तर भारत में अपनी सुदृढ़ परम्परा निर्धारित कर ली, जिसमें जातिगत भेदकता की उपेक्षा करके उन्होंने निम्नवर्गीय शिष्यों को भी दीक्षित किया। निःसंदेह रामानंद जी ने भक्ति आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया और कबीर ने उसे पूर्णता प्रदान की। उत्तर भारत में भक्ति का विकास किस प्रकार हुआ, इस संबंध में निम्न दोहा प्रसिद्ध है :

"भक्ती द्राविड़ ऊपजी लाए रामानंद
परगट किया कबीर ने सप्त दीप नव खंड।"

कबीर से पहले महाराष्ट्र में संत नामदेव ने एक ऐसे सामान्य भक्ति मार्ग की ओर संकेत किया था, जिसमें हिन्दू और मुसलमान दोनों ने अपना समाधान ढूँढ़ निकाला। आगे चल कर इसी का सुव्यवस्थित रूप कबीर के 'निर्गुण-पंथ' में दिखायी पड़ता है। इस समय तक उत्तर भारत में मुसलमानी राज्य पूर्णतः स्थापित हो चुका था और जौनपुर राज्य सूफी संतों का गढ़ बन गया था। जौनपुर के अतिरिक्त पंजाब में भी सूफियों का बोलबाला था। इन सूफी संतों की उदार प्रेम भावना सहृदय हिन्दुओं को अपनी ओर आकृष्ट करती रही। कबीर के पहले ही नाथपंथियों ने साधना मार्ग का निर्माण तो कर दिया था किन्तु ऊबड़-खाबड़ और कंटीले योगमार्ग में शुष्कता एवं नीरसता थी। युगद्रष्टा कबीर ने उसकी झाड़-झंखाड़ को काट कर उसको समतल बनाया और भक्ति-रस से सींचकर अत्यन्त सजीव कर दिया। इन्होंने अपने समय में प्रचलित सभी धर्मों का सार तत्व ग्रहण करके जिस सामान्य भक्ति मार्ग का प्रवर्त्तन किया, उससे न केवल हिन्दू-मुसलिम समाज का कल्याण हुआ अपितु मानवमात्र की प्रतिष्ठा हो गई। ब्राह्मण धर्म की वर्णाश्रम व्यवस्था इतनी विकृत हो चुकी थी कि सामाजिक विषमता से पीड़ित होकर निम्नवर्गीय समाज का झुकाव एक तो सिद्धों और नाथों की योग साधना की ओर हो रहा था और दूसरी ओर इस्लाम धर्म की उदारता उन्हें आकृष्ट कर रही थी। स्त्री-पुत्रादि के मर जाने अथवा सम्पत्ति के नष्ट हो जाने पर सन्यासी हो जाना सामान्य बात हो गई थी। इसी प्रकार नीची जातियों को जो सम्मान अपने समाज में अनुपलब्ध था, वह इस्लाम धर्म में सहज ही प्राप्त हो रहा था। ऐसे ही समय में कबीर का सर्वग्राही भक्तिमार्ग निम्नवर्गीय जनता के लिए वरदान सिद्ध हुआ, जिसने एक बहुत बड़े जनसमुदाय को सन्यासी होने और इस्लामी आकर्षण से बचा लिया। इस संदर्भ में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने लिखा है : "इसमें कोई संदेह नहीं कि कबीर ने ठीक मौके पर जनता के उस बड़े भाग को संभाला जो नाथपंथियों के प्रभाव से प्रेमभाव और भक्ति रस से शून्य और शुष्क पड़ता जा रहा था। उनके द्वारा यह बहुत ही आवश्यक कार्य हुआ। इसके साथ ही मनुष्यत्व की सामान्य भावना को आगे करके निम्न श्रेणी की जनता में उन्होंने आत्मगौरव का भाव जगाया और उसे भक्ति के ऊँचे-से-ऊँचे सोपान की ओर बढ़ने के लिए बढ़ावा दिया।"[१] नामदेव और कबीर के

---
शब्द विद्वान् अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। केवल दो[१] ही स्थल ऐसे हैं जहाँ उन्हें चिकित्सक एवं व्यवसायी के रूप में स्पष्टतः उल्लिखित किया गया है। जिस प्रकार आज-कल पी०एच-डी०, डी०फिल्०, डी०लिट्०, डी०एस-सी० आदि उपाधियों से विभूषित व्यक्ति को डॉक्टर कहा जाता है जिसका तात्पर्य विद्वान्, मनीषी, चिन्तक एवं विचारक आदि होता है। सामान्य जनता आज डाक्टर पद से चिकित्सक का ही अर्थ समझती है। फारसी में भी प्रयुक्त हकीम शब्द विद्वान् अर्थ का ही बोधक है। चिकित्सक के लिए वैदिक ग्रन्थों में सर्वत्र भिषक्[२] शब्द का ही प्रयोग उपलब्ध होता है।

मौलिक सिद्धान्त विषयक सामग्री

पंचभूत एवं मन की शपथ खाते हुए महर्षि वाल्मीकि राम से सीता की पवित्रता का उल्लेख करते हैं।[३] इस प्रकार भूत शब्द का प्रयोग पंचमहाभूतों के अर्थ में प्रयुक्त प्रतीत होता है। महाबलवान् बालि ने जब रावण को अपनी काँख में दबाकर चारों समुद्रों तक घुमा दिया तब रावण बालि के गति की प्रशंसा करते हुए कहता है कि मुझे जहाँ तक ज्ञात है कि मन, वायु एवं गरुड़ की ही इतनी तीव्र गति होती है[४] किन्तु आपकी गति तो इनसे भी तीव्र है, यहाँ पर तीनों के लिए भूत शब्द का प्रयोग हुआ है जो संभवतः वस्तुवाचक प्रतीत होता है।

इन पंचमहाभूतों में केवल वायु का ही मनोहारी वर्णन हुआ है। कवि ने वायु के गुणों को एक पौराणिक आख्यान के माध्यम से प्रस्तुत किया है। भगवान् राम दक्षिणापथ के किसी मुनि से हनुमान् की उत्पत्ति के आख्यान को पूछते हैं। वह राम को इस प्रकार कथा सुनाता है। सुमेरु पर्वत के क्षत्र में राज्य करने वाले केसरी नामक राजा ने अपनी भार्या अंजना से वायु देवता की कृपावश एक पुत्र उत्पन्न किया। ऐसा कहा जाता है कि वायु ने उस शिशु को अपना एक अंश प्रदान किया। एक बार शिशु की माँ अंजना कहीं कार्यवंश बाहर गयी हुई थी। शिशु क्षुधा की पूर्त्ति के लिए फल के भ्रम से उदीयमान बाल सूर्य को पकड़ने के लिए उड़ पड़ा। उस शिशु के आकाश में उड़ने को देख कर देव, दानव एवं यक्ष आदि अत्यन्त आश्चर्यचकित हुए। वायु भी अपने पुत्र के पराक्रम को देख कर सूर्य के दाह के भय से रक्षा करने के लिए शीतलता उत्पन्न करता हुआ उसके पीछे-पीछे चलने लग गया। सूर्य ने अपने पास में आये हुए शिशु की बाल्यावस्था पर दया कर उसे जलाना उचित न समझा। ऐसी पूरी कथा है कि जिस दिन शिशु हनुमान् सूर्य को पकड़ने के लिए प्रवृत्त हुआ, उसी दिन राहु ने सूर्य के खाने की इच्छा प्रकट की। हनुमान् की इस प्रवृत्ति को देखकर समग्र वृत्तान्त इन्द्र को जाकर कह सुनाया और अन्त में बोला कि मेरी क्षुधा को दूर करने के लिए सूर्य और चन्द्रमा मुझ को दे दीजिए। इन्द्र तुरन्त

---

१ (अ) भूतोपहितचित्तेव मम चित्तप्रमाथिनी ।
सन्ति मे कुशला वैद्यास्त्वभितुष्टाश्च सर्वशः ॥—अयो० ११।३०

(आ) सुवर्णकाराः प्रख्यातास्तथा कम्बलकारकाः ।
स्नापकोष्णोदका वैद्या धूपकाः शौण्डिकास्तथा ॥—अयो० ८३।१४

२ मैकडोनेल एवं कीथ : वैदिक इण्डेक्स, पृ० ११५।११६

३ उत्तरकाण्ड ९६।३२

४ उत्तर० ३४।३९

तैयार हो अपने ऐरावत वाहन पर आरूढ़ हो राहु को आगे करके इस घटना को देखने के लिए चल पड़े। इधर शिशु राहु को आते देख उसको और भी अच्छा फल समझकर उसे पकड़ने के लिए दौड़ पड़ा। राहु डर के मारे इन्द्र की दुहाई देता हुआ पीछे भागा। इधर शिशु ने उसका पीछा किया तो उसे ऐरावत वाहन और भी अच्छा फल मालूम पड़ा और खाने की इच्छा से उसे पकड़ने के लिए दौड़ पड़ा। ऐसी विषम स्थिति देख कर इन्द्र ने अपने वज्र से शिशु पर प्रहार कर दिया। परिणामवश वह शिशु पर्वत पर गिर पड़ा और वायु इन्द्र पर क्रुद्ध होकर अपने शिशु को उठाकर गुफा में प्रविष्ट हो गया और उसके पश्चात् अपने कोप को प्रजाओं पर प्रदर्शित किया।[१]

प्रकुपित वायु के गुण

उस प्रकुपित वायु ने प्रजाओं के पुरीषाशय एवं मूत्राशय में प्रविष्ट होकर अत्यन्त वेदना (आर्त्ति) उत्पन्न करता हुआ समग्र प्राणियों के क्रियाकलाप को अवरुद्ध कर दिया। प्राणियों के निःश्वास एवं उच्छ्वास रुक गये। शरीर की सभी संधियों में पीड़ा (भेदन) प्रारम्भ हो गई और अन्ततोगत्वा सभी काष्ठवत् जड़ से हो गये। जन-समाज के स्वाध्याय, यज्ञयागादि सभी नित्य-नैमित्तिक कर्म अवरुद्ध हो गये।[२]

इस प्रकार सभी देव, असुर, मनुष्य एवं गन्धर्व दुःख से दुःखित होकर प्रजापति के पास कष्ट निवारणार्थ पहुँचे और दुःख दूर करने की प्रार्थना की। प्रजापति ने वायु के प्रकोप के कारण भूत इन्द्र वज्र प्रयोग की घटना को कह सुनाया और अन्त में यह भी कहा कि इन सब का मूल कारण राहु का कथन है।[३]

यह कुपित हुआ अशरीरी (अव्यक्त) वायु प्राकृत अवस्था में शरीर की समस्त क्रियाओं को प्रवर्तित करता हुआ सारे शरीर में भ्रमण करता रहता है। वायु के बिना यह शरीर काष्ठ एवं कुड्य (दीवाल) के समान हो जाता है इसीलिए यही प्राण है, यही सुख है और सम्पूर्ण संसृति इससे व्याप्त है। इस वायु से विरहित जगतीतल के प्राणी सुख से वंचित हो जाते हैं। यह वायु जगत् की आयु स्वरूप है। इस प्रकार वायु ने इस स्थल का त्याग कर दिया है इसलिए आप लोग निरुच्छ्वसित हो जाने के कारण काष्ठ एवं कुड्य के समान हो गये हैं। अतएव रुजा उत्पन्न करने वाला यह वायु (मारुत) जहाँ सम्प्रति निवास कर रहा है वहीं आप लोग उसको मनाने के लिए जाइये। इस प्रकार प्रजापति की आज्ञा से सभी व्यक्ति वायु के पास पहुँचे, जहाँ वह अपने पुत्र के साथ रह रहा था।[४]

पुत्र-वध से विषण्ण वायु ने जब देवता आदि के साथ पितामह को अपने समक्ष उपस्थित

---

१ उत्तरकाण्ड के ३५ वें सर्ग के ११ से ४९ श्लोकों का सारांश।

२ उत्तर० ३५।५२। रामायण के इस स्थल की तुलना सुश्रुत निदान १।९ एवं चरक, चि० २८।२०–२२ के तत्सम्बन्धी सन्दर्भों से करणीय है।

३ उत्तर० ३५।५३–५९ श्लोकों का सारांश।

४ उत्तर० ३५।६०–६३। इस सन्दर्भ की तुलना के लिए सुश्रुत नि० १।६, ७ तथा चरक सूत्र १८।४९ के स्थल द्रष्टव्य हैं।

देखा तो तुरन्त उनके चरणों में गिर पड़ा। वेदविद् ब्रह्मा ने अपने हाथ से शिशु का स्पर्श कर उसमें प्राण का संचार कर दिया। उसके अनन्तर वायु (गन्धवह), जो सभी प्राणियों की क्रिया-कलापों को अवरुद्ध किये हुए था; प्रसन्न गति से प्रवाहित होने लगा और जगती तल के सभी प्राणी प्रसन्न हो गये ।[१]

स्वभावोपरमवाद

कारण से कार्य की उत्पत्ति होती है कि कार्यरूप द्रव्य का विनाश (भावोपरम) हेतु की अपेक्षा के विना स्वतः ही हो जाता है। नदी के जल की तरंगें संक्षोभ आदि हेतुओं से उत्पन्न होती हैं किन्तु वे स्वतः ही विलीन हो जाती हैं। नर्मदा नदी में कार्त्तवीर्य अपनी रानियों के साथ जलक्रीड़ा करने के लिए जब नर्मदा नदी के तट पर पहुँचता है तो वह नदी को शान्त (तरंगों के विलीन हो जाने के कारण स्वभावोपरम में स्थित) पाता है। चरक के समान रामायण में स्वभावोपरम शब्द का इसी उपर्युक्त प्रसंग में उल्लेख हुआ है।[२]

शल्य-क्रिया की पटुता

रामायण-काल में शल्य-शास्त्र का ज्ञान चरम उत्कर्ष को प्राप्त था, ऐसा एक पुरा-कथा से प्रतीत होता है। देवराज इन्द्र महर्षि गौतम की लावण्यमयी भार्या अहल्या पर कामवश मुग्ध था। एक दिन उनकी अनुपस्थिति में उसने गौतम मुनि का मिथ्या वेष बनाकर उनकी पत्नी के साथ सम्भोग किया। इधर ज्यों ही वह आश्रम से चलने को तत्पर हुआ, इतने में ही महर्षि गौतम स्नान आदि नित्य कर्मों से निवृत्त हो लौट पड़े और उनकी दृष्टि इस दुराचारी इन्द्र पर पड़ी और वे तुरन्त इन्द्र को पहचान गये। महर्षि के क्रोध से शापवश इन्द्र के दोनों अण्डकोष पृथ्वी पर गिर पड़े। उधर उन्होंने अपनी पत्नी अहल्या को भी शाप दे दिया। वह अपने पति के शापानुसार वहीं आश्रम में निराहार वायु मात्र का सेवन करती हुई सब प्राणियों से अदृश्य होकर भगवान् राम के उस आश्रम के आने तक प्रतीक्षा करती रही, अन्त में राम के स्पर्श से उसका उद्धार हो जाता है। शाप से अण्डकोषों का गिरना कवि की आलंकारिक प्रतिभा का चमत्कार है। वस्तुतः इसका निर्गलितार्थ यह है कि क्रोध से महर्षि गौतम ने इन्द्र के उन्हीं अण्डकोषों को काट डाला, जिनके करण उसने व्यभिचार किया था। इस प्रकार से वह शिथिल काय वाला इन्द्र देवताओं की सभा में अपने ऊपर संवृत्त घटना को कह सुनाया। इस दुःखद वृत्तान्त को सुन कर सभी देवगण मरुद्गणों के साथ अग्नि को आगे कर पितृदेवों के पास पहुँच गये और सारी रामकहानी कह सुनाई। अग्नि इत्यादि की प्रार्थना को सुनकर उनका हृदय करुणा से आर्द्र हो गया और उन्होंने उन लोगों की इच्छानुसार मेष के वृषणों को काटकर इन्द्र में लगा दिये।[३]

उपर्युक्त वर्णन के संकेत से यह ज्ञात होता है कि उस समय शल्य-शास्त्र में प्रत्यारोपण प्रक्रिया (Transplantation Method) का अच्छा ज्ञान था और उसका अभ्यास चिकित्सक समाज में विद्यमान था।

---

[१] उत्तर० ३६।४, ५

[२] उत्तर० ३२।१०

[३] बाल० ४९।८, १०

प्रासूतिक शल्यक्रिया (Operative Midwifery)

लंका की सभी राक्षसियाँ जब सीता को रावण की पत्नी बनाने में असमर्थ रहीं तो एक-एक करके सीता के प्राणहर प्रक्रियाओं का नाटक करने लगीं। ऐसी विकट परिस्थिति को देख कर सीता अत्यन्त दुःखित होकर कहने लगी कि यदि आर्यपुत्र राम मुझे लेने शीघ्र न आयें तो निश्चित ही है कि ये दुष्ट राक्षसियाँ मुझे उसी प्रकार तीक्ष्ण शस्त्रों से काट डालेगी, जिस प्रकार कोई शल्य-चिकित्सक (प्रसुति शल्यविद्) मूढ़ गर्भ होने पर गर्भस्थ जन्तु को बाहर निकालने के लिए काट डालता है।[१] इस सन्दर्भ से यही प्रतीत होता है कि उस समय के चिकित्सक शल्य-क्रिया में पटु होते हुए प्रासूतिक शल्योपचार को भी करते थे।

शल्य एवं मर्म का ज्ञान

सुश्रुत ने मन एवं शरीर को दुःखित करने वाली वस्तु को शल्य कहा है।[२] इस अर्थ का द्योतक शल्य शब्द रामायण में भी दृष्टिगत होता है। लक्ष्मण अग्रज राम के आदेशानुसार, सीता को साथ लेकर गंगा तट पर पहुँच वनवास प्रयोजन का संकेत करते हुए सीता से कहते हैं कि अयि आर्ये! परम बुद्धिमान् भगवान् राम ने लोकापवाद के भय से जो आपको वनवास देना निश्चित किया है वह मुझे हृद्गत महाशल्य प्रतीत हो रहा है।[३]

सीता सहित राम एवं लक्ष्मण के वनवास को सुनकर शोक सन्तप्त दशरथ इस घटना के हेतुभूत के रूप में अपने दुष्कृत्य को प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि एक बार मैं सरयू नदी के तट पर धनुष-बाण लिए हुए विचरण कर रहा था। इतने में मुझे एक ऐसी ध्वनि सुनाई पड़ी जिससे ऐसा आभास हुआ मानों घड़े में कोई पानी भर रहा हो या कोई हाथी गरज रहा हो। सायंकालीन वेला होने से वह घटना दृष्टिगत होनी कठिन थी अतएव मैंने यह अनुमान किया कि निश्चित रूप से यह किसी जंगली पशु की ध्वनि है अतएव मैंने शब्दवेधी बाण चलाकर अज्ञानवश मातृ-पितृ भक्त किसी ऋषिकुमार को बाण से मार दिया। जब मैं उसके आर्त्तनाद से उसके निकट पहुँचा तो उसने अपने अन्धे माता-पिता का निर्देश कर मुझसे शरशल्य को निकालने के लिए कहा और अपनी चरम इच्छा प्रगट करते हुए कहा कि राजन्! मेरे शरीर में प्रविष्ट शल्य को शीघ्र निकालकर मुझे सुखपूर्वक मरने दो क्योंकि जब तक शल्य नहीं निकालोगे तब तक मैं तड़पता रहूँगा किन्तु शल्य निकलते (विशल्य) ही मैं मृत्यु को प्राप्त हो जाऊँगा।[४] प्रस्तुत दशा "विशल्यघ्न' मर्म नें पायी जाती है।[५]

शव-सुरक्षा विधि (Method of Deadbody Preservation)

रामायणकालीन शव-सुरक्षा का ज्ञान मिस्र देशीय पद्धति से कहीं उन्नतर था।

---

१ सुन्दर० २८।६। सुश्रुत की मूढ़गर्भ चिकित्सा (चि० १५।२२, १३) वाले सन्दर्भ से इसकी पूर्णतया तुलना की जा सकती है।

२ सुश्रुत सूत्र० ७।४

३ उत्तर० ४७।४

४ अयो० ६३।४५, ४६

५ सुश्रुत ने पंचविध मर्मों में विशल्यघ्न मर्म का उल्लेख किया है जिसका सकारण विवेचन शारीस्थान ६।१६ के सन्दर्भ से सम्यक्तया अवगत किया जा सकता है।

दशरथ के दिवंगत हो जाने पर भरत के न आने तक दशरथ के शव को औषध सिद्ध तैल से परिपूर्ण द्रोणी (oil tub) में रखा गया था।[१] आज भी तैल में अचार डालने की प्रथा इसी सिद्धान्त को पुष्ट करती है।

न्यायवैद्यक का ज्ञान (Knowledge of Medical Jurisprudence)

शल्य-शास्त्र के अवान्तर शाखाभूत न्यायवैद्यक के ज्ञान का संकेत रामायण में दीख पड़ता है। मेघनाद द्वारा प्रयुक्त अव्यर्थ शक्ति के प्रयोग से मूच्छित लक्ष्मण को देख कर राम को यह भ्रम हो गया कि संभवत: लक्ष्मण का प्राणान्त हो गया है अतएव वह विषाद की गंभीर मुद्रा में मग्न हो गये। राम को इस प्रकार विपन्न देखकर सुखेन प्रतिपत्तिमान् सुषेण चिकित्सक ने लक्ष्मण में जीवन के लक्षणों को दिखलाते हुए उनकी भ्रान्ति का इस प्रकार निराकरण किया : इसका मुखमण्डल न तो विकृत ही हुआ है और न श्यामता को ही प्राप्त हुआ है। निष्प्रभा कहीं परिलक्षित नहीं होती। इसके विरुद्ध दीर्घायुष्मान् लक्ष्मण का मुखमण्डल प्राकृत, प्रसन्न एवं प्रभावान् दीख पड़ता है। इसकी हथेलियाँ लाल कमल के समान लाल-लाल दिखाई पड़ती हैं। इसके अतिरिक्त दोनों नेत्र भी प्रसन्न एवं प्राकृत दीख पड़ते हैं। अतएव हे महाबाहु राम! मृत प्राणी के जो भी लक्षण होते हैं वे इस आयुष्मान् लक्ष्मण में बिल्कुल नहीं मिलते। इस प्रकार आपका विषाद करना उचित नहीं। इस वीर एवं दीर्घायु लक्ष्मण का शरीर केवल शिथिल होकर भूतल पर मूर्च्छित पड़ा हुआ है। इसका हृत्प्रदेश उच्छ्वास के कारण बारम्बार कापता हुआ दीख पड़ रहा है अत: भयभीत होने की कोई आवश्यकता नहीं। यह लक्ष्मण जीवित है।[२] आधुनिक न्याय वैद्यक के ग्रन्थों में प्रायश: उपरितन व्यतिरेक विधि से वर्णित मृत्यु के लक्षण कहे गये हैं।[३]

काय-चिकित्सा विषयक सामग्री

समग्र रामायण में काय-चिकित्सा के विविध विषयों की सामग्री विद्यमान है :

व्याधि के भेद

जिस प्रकार सुश्रुत (सू० १।२४) में आगन्तुक, शारीर, मानस एवं स्वाभाविक भेद

---

१ अयो० ६६।१६

२ युद्ध० १०२।१५।१९

3 The signs of death are :
(i) Entire and continuous cessation of circulation and respiration.
(ii) Changes in the eye.
(iii) Changes in the skin.
(iv) Cooling of the body.
(v) Cadaveric lividity, hypostasis, suggilation.
(vi) Cadaveric changes in the muscles.
(vii) Decomposition.
(viii) Adipocere.
(ix) Mummification.

—Modi, J. P.: A Text book of Medical Jurisprudence and Taxicology, P. 116.

से चार प्रकार की व्याधियों के विभाग का निर्देश है उसी प्रकार रामायण[१] में प्रसंगवश उपर्युक्त प्रकार की व्याधियों का यत्र-तत्र संकेत प्राप्त होता है।

ज्वर शब्द का प्रयोग

अथर्ववेद की पैप्लाद शाखा (३।३७) के अतिरिक्त वैदिक वाङ्मय में कहीं भी ज्वर शब्द का उल्लेख नहीं मिलता। संभवतः रामायण लौकिक साहित्य का प्रथम ग्रन्थ है जहाँ पर सर्वप्रथम ज्वर शब्द का प्रचुरता से प्रयोग दृष्टिगत होता है। चरक ने ज्वर को रोग के अतिरिक्त उसे रोग का एक पर्याय भी माना है।[२] रामायण में सर्वत्र ज्वर शब्द का प्रयोग दुःख अर्थ में ही हुआ है।[३]

शुभ एवं अशुभ (अरिष्ट) स्वप्नों का निरूपण

चरक ने सात प्रकार के स्वप्नों का उल्लेख किया है[४] जिसमें से भाविक स्वप्न का निर्देश रामायण में है। ये भाविक स्वप्न शुभाशुभ फलसूचक हुआ करते हैं। भरत अपने ननिहाल में आये हुए हैं। अयोध्या में राजा दशरथ का देहावसान हो गया है अतएव भरत को बुलाने के लिए दूत ज्यों ही कैकय राज्य की सीमा में प्रवेश करता है उसी रात्रि में भरत को अप्रिय स्वप्न दिखलाई पड़ता है। भरत इस दुःस्वप्न को अपने मित्रों से बताते हुए कहते हैं कि मैंने गत रात्रि में अपने पूज्य पिता को, जिनके केश अस्त-व्यस्त हैं, पर्वत की चोटी से गन्दे गोबर के तालाब में गिरते हुए देखा है वह गिरकर उस तालाब में तैरते हुए बारम्बार हंसकर अपनी अंजलि से तेल पी रहे हैं। ठीक उसके पश्चात् तिल और भात (ओदन) को खाकर, अधःशिर (अवाक्शिराः) होकर और तैलाभ्यक्त होकर पुनः तैलराशि में घुस गये। पुनः देखता हूँ कि संसार अन्धकार से आवृत हो गया है, समुद्र शुष्क हो गया है, चन्द्रमा आकाश से टूट कर पृथ्वी पर गिर पड़ा है, पर्वतों पर धुवाँ दिखलाई पड़ रहा है और वृक्ष सूख गये हैं। कृष्ण लौह से निर्मित आसन्दी (कुर्सी) पर काला वस्त्र धारण कर बैठे हुए पिता जी पर काले एवं पिंगल (धूसर) वर्ण की प्रमदायें प्रहार कर रही हैं। इतने में पुनः देखता हूँ कि पिताजी ने लाल मालायें धारण कर ली हैं और गदहे पर सवार हो दक्षिण दिशा की ओर प्रस्थान कर रहे हैं और उनको देख कर वे प्रमदायें लाल वस्त्र धारण किये हुए हँस रही हैं। अतएव इस प्रकार के स्वप्न को देख कर मुझे ऐसी आशंका हो रही है कि या तो मेरे पिता दशरथ या मेरे अनुज लक्ष्मण का प्राणान्त होने वाला है।

---

[१] शारीरव्याधि—बाल० १।९२
मानस व्याधि यु० ३।३९
स्वाभाविक व्याधि बाल० १।९३
आगन्तुक व्याधि तो युद्ध के प्रसंग में पदे-पदे उल्लिखित है।

[२] चरक निदान १।५

[३] अयो० ७५।४९, युद्ध० ८।२३, ६३।५६, ५७, १२८।३

[४] अयो० ६९।७।१८ प्रस्तुत सन्दर्भ की तुलना चरक इन्द्रिय० ५।३२—३९ के स्थल से की जा सकती है।

इसी प्रकार के अनिष्टकर भाविक स्वप्न को त्रिजटा नाम की राक्षसी लंका की उन राक्षसियों को उनके अनुरोध से सुना रही है जिनको रावण ने सीता को डराने के लिए भेज रखा है। यह वक्ष्यमाण स्वप्न रावण की अनिष्टता का सूचक है। त्रिजटा अपने द्वारा देखे गये स्वप्नों के वृत्तान्त से सुनाती हुई कहती है कि मैंने रावण को तैलाभ्यक्त पृथ्वी पर बैठा हुआ देखा है। वह लाल कपड़े पहने हुए तथा कनेर (करवीर) की मालाओं को धारण किये हुए मदिरा पान में मस्त है। इसके पश्चात् क्या देखती हूँ कि पुष्पक विमान से रावण पृथ्वी पर गिर पड़ा है उसके सिर पर बाल नहीं है और वह रक्त वस्त्र धारण किये हुए है जिसको कोई स्त्री खींच रही है। पुनः देखती हूँ कि चन्दन का लेप किये हुए तथा लाल मालायें धारण कर वह रावण गदहों से खींचे जाते हुए रथ पर सवार है। उसी पर आसीन हुआ तैल पीकर हंसते हुए नाच रहा है और वह परेशान एवं व्याकुल-सा प्रतीत हो रहा है। ठीक इसके पश्चात् वह गदहे की सवारी से दक्षिण दिशा की ओर चला गया। पुनः देखती हूँ कि वह गदहे की सवारी से डर कर उल्टे शिर पृथ्वी पर गिर पड़ा किन्तु उसके बाद वह शीघ्र उठ पड़ा है उसकी दयनीय दशा हो गई है। वह मद-विह्वल होकर भय से काँप रहा है। वह नग्न होकर पागल के समान बारम्बार अण्ड-बण्ड बक रहा है। वह अत्यन्त दुर्गन्धित, घोर अन्धकार से युक्त नरकतुल्य कीचड़ को शरीर पर लेप किये हुए तथा लाल वस्त्र धारण किये हुए कोई प्रमदा रावण के गर्दन को बाँधकर उसे दक्षिण दिशा की ओर घसीटती हुई ले जा रही है। मैंने यही दुर्दशा कुंभकर्ण की भी देखी। रावण के सभी पुत्र शिर मुड़ाये हुए तैलाभ्यक्त खड़े हैं। रावण सुअर, मेघनाद शिशुमार एवं कुंभकर्ण ऊँट की सवारी पर चढ़ कर दक्षिण दिशा की ओर प्रस्थान कर रहा है।[१]

यही त्रिजटा स्वप्न में देखी गई लंका की दुर्दशा का वर्णन करती हुई कहती है कि मैंने लाल वस्त्र एवं लाल माला धारण किये अनेक राक्षसों एवं हाथी-घोड़े व रथों से परिपूर्ण लंका नगरी, जिसका मुख्य द्वार (गोपुर) और चहारदीवारी टूट गई है; को समुद्र में गिरते हुए देखा है। रामदूत हनुमान ने लंका को भस्मसात् कर दिया है। लंका की राक्षसियाँ तैल पीकर हँसती हुई नाच रही हैं और भयंकर ध्वनि करती हुई गोबर के तालाब में घुसती जा रही हैं। इसी प्रकार सभी कुंभकर्ण आदि राक्षस लालवस्त्र धारण किये हुए गोबर के तालाब में घुसते जा रहे हैं।[२]

इन उपरितन तीनों स्थलों का वर्णन प्रायः एक जैसा ही है। रामायण में शुभसूचक मंगलकारी स्वप्नों का भी उल्लेख दृष्टिगत होता है जो कि चरक के तत्सम्बद्ध स्थल के साथ पर्याप्त साम्य रखता है।

त्रिजटा लंकावासियों के लिए अमंगलकर स्वप्नों के सुनाने से पूर्व सीता के पक्ष का अवलम्बन कर राम के जय के लिए संभावित मंगलमय स्वप्न को सुनाती हुई कह रही है कि मैंने स्वप्न में आकाश में विचरण करनेवाली हाथी के दाँत से बनी हुई शिविका (विमान जैसी डोली) पर अधिष्ठित हजारों हंसों से अनुगत श्वेतमाला धारण किये हुए राम को लक्ष्मण सहित

---

१ सुन्दर० २७।२३।३२

२ सुन्दर० २७।३६।४०

देखा है। सीता भी श्वेत वस्त्र एवं श्वेत माला धारण किये हुए हैं। राम एवं लक्ष्मण की उपस्थिति में सीता सूर्य एवं चन्द्र को अपने हाथ से स्पर्श करती हुई आठ घोड़ों से वाहित रथ पर सवार है। इसके पश्चात् पुष्पक विमान पर चढ़ कर तीनों उत्तर दिशा की ओर चले गये।[1]

भोजन एवं पान (Food and Drinks)

रामायण में अन्न के अतिरिक्त मांस के खाने का भी निर्देश है। मद्य के अनेक प्रकारों का उस समय प्रचलन था।

मांस का भोजनार्थ प्रयोग (Non-vegetarian Food)

रामायणकालीन जन-समाज में मांस का पूर्ण रूप से व्यवहार होता था। अन्न, फल, कन्द आदि का प्रयोग तो प्रचलित था ही। 'मांसं बृहंणीयानाम्' (च० सू० २५।४०) इस प्रकार चरक के अनुसार शरीर बृहंण करने वाले पदार्थों में मांस को उत्तम माना गया है। वनवास में यमुना नदी पार करने के अनन्तर चित्रकूट निवास से पूर्व लक्ष्मण अनेक मेध्य (यज्ञ कर्म की आहुति के लिए प्रशस्त) मृगों का वध करते हैं। इस प्रकार ऐणेय मृग को मारकर उसके मांस को लाकर राम को बलिवैश्यदेव यज्ञ करने को देते हैं।[2] ऋष्यमूक मार्ग निर्देश के प्रसंग में कबन्ध नामक कोई व्यक्ति लक्ष्मण को हंस, बत्तख (प्लव), क्रौंच, कुरर पक्षियों के साथ रोहू एवं वक्रतुण्ड जैसी मछलियों को उनके छिलकों से पृथक कर अयस्तप्त (लौह के पात्र में भूनकर) करके राम के भोजनार्थ देने का निर्देश करता है।[3] चरक ने हिततम मांस आहार में रोहित (रोहू) मछली के मांस की प्रशंसा की है।[4]

निरामिष भोजन (Vegetarian Food)

निरामिष भोजन में भोज्य, भक्ष्य, लेह्य एवं पेय द्रव्यों का प्रचुर मात्रा में प्रयोग होता था। आयुर्वेद के आहार विधि विशेषयातन[5] के दृष्टिकोण से विश्वामित्र के आतिथ्य प्रसंग[6] में षट् रस से युक्त व्यंजन में दही के साथ दाल और भात (ससूपौदन) का उल्लेख है। सुमन्त्र वनवास के लिए जब अपने रथ से राम, लक्ष्मण एवं सीता को नदी तट पर उतारता है तब उसी समय वहाँ पर वृद्धजनों, सम्बन्धियों एवं अपने अमात्यों के साथ निषादाधिपति गुह इन तीनों का भोज्य आदि चतुर्विध भोजन से सत्कार करता है।[7] रावण की पानभूमि (मदिरापान का स्थान) में विविध भोज्य द्रव्यों के साथ रागषाडव की भी उपस्थिति

---

[1] सुन्दर० २७।९–२० तथा तुलना करिये चरक, इन्द्रिय १२।७४, ७६, ७७, ८२, ८५, ८६ के श्लोकों से।

[2] अयो० ५५।५३, ५६।२२, २३, २५।२८, ३०, ३१।

[3] अरण्य० ७३।१४–१६

[4] चरक सूत्र० ४६।११५

[5] चरक वि० १।२१

[6] बाल० ५३।२—४

[7] अयो० ५०।३९ इस प्रसंग में चरक सूत्र० २८।३ एवं सुश्रुत सूत्र० ४६।३ के स्थल विशेष सामंजस्यकर हैं।

दीख पड़ती है।[१] कच्चे आम के फल को गुड़ में पकाकर यदि उसमें सोंठ, पिप्पली, मिर्च आदि प्रक्षेप डाल दिये जाँय तो उसे 'रागषाडव' कहते हैं। भरद्वाज के आश्रम में भरत के आतिथ्य के लिए पायस एवं रसाला तैयार कराई गई है।[२] घृत एवं मधु का प्रयोग तो सर्वत्र ही रामायण में दृष्टिगत होता है।

विविध प्रकार के मद्यों का प्रयोग (Use of various beverages)

मांस के अतिरिक्त जन-समाज में मद्य का भी पूर्णतया प्रचलन था। रामायण में कहीं-कहीं मद्य का पान पृथक् रूप से उल्लेख है और कहीं-कहीं तो मांस खाने के पश्चात् मद्य का प्रयोग विहित है। लंका की विजय कर भगवान् राम अयोध्या आ गये हैं और वे सीता के साथ अशोक वटिका में कुश के आसन पर बैठे हुए अनेक प्रकार के मधुर फलों एवं मांसों को सीता को खिलाकर पवित्र एवं स्वच्छ (शुचि) मैरेयक मद्य का पान करा रहे हैं।[३]

मद्यपान के लिए रावण ने अपनी लंका में पानभूमि बनवा रखी है। सीता की खोज में भटकते हुए हनुमान् जब रावण के अन्तःपुर में प्रवेश करते हैं तो उन्हें पानभूमि दिखलाई पड़ती है। लंका की वह पानभूमि इतनी सुन्दर, स्वच्छ एवं चमकदार बनी हुई है कि मानों वहाँ बिना अग्नि के अग्नि दीप्त मालूम पड़ती हो। उस पानभूमि पर स्वच्छ गद्दा बिछा हुआ है किनारे किनारे मसनद रखे हुए हैं। लेटने के लिए जो चादरें बिछी हैं उन पर फूलों की पंखुड़ियाँ पड़ी हुई हैं और साथ ही साथ सुगन्धित पुष्पों की मालायें भी पड़ी हुई हैं। स्वर्णनिर्मित थालों एवं तश्तरियों में मृग, मयूर, मुर्ग (कुक्कुट), सूअर, वाध्रीण, सक, भैंसा एवं बकरे के मांसखण्ड तले हुए रखे हैं। नृत्य करने वाली प्रमदाओं के हार, केयूर एवं नुपूर (पायल) इधर-उधर बिखरे पड़े हैं। उस पानभूमि में दिव्य, स्वच्छ (प्रसन्ना) विविध प्रकार की सुरायें एवं कृत सुरायें, शर्करासव, माध्वीकासव, पुष्पासव एवं फलासवों के साथ रखी हुई हैं। मणिमय, जाम्बूनद (सुवर्ण) एवं रजत से निर्मित चषकों में, जो वर्फ के आभ्यन्तर शीलता की दृष्टि से रखे हुए हैं, शीघ्र मद्य पड़ा हुआ दृष्टिगत हो रहा है। इसके अतिरिक्त वहाँ अनेक प्रकार के लेह्य, पेय एवं भोज्य द्रव्य भी उपस्थित हैं[४] चरक[५] एवं अष्टांग संग्रह[६] में इसी प्रकार की पानभूमि का वर्णन निहित हैं।

चरक प्रतिपादित अष्टविध आसवयोनियों में पुष्पासव एवं फलासव का उल्लेख है। चरक (सूत्र० २५।४९) ने शर्करासव को अष्ट आसवों से पृथक् माना है। रामायण काल

---

[१] सुन्दर० ११।१७ चरक (सूत्र० २७।२८१) ने रागषाडव के गुणों का इस प्रकार वर्णन किया है :

कट्वम्लस्वादुलवणा लघवो रागषाडवाः ।
मुखप्रियाश्च हृद्याश्च दीपना भक्तरोचनाः॥

[२] अयो० ९१।७३ रसाला एवं पायस के निर्माण एवं गुण के लिए देखिए क्रमशः चरक सूत्र० २७।२७८ एवं सुश्रुत सूत्र० ४६।३४५

[३] उत्तर० ४२।१८, १९

[४] सुन्दर० ११।२०, १९, १४।१६, २१, २२, २५

[५] चरक चि० २४।१३–१५, १८, १९

[६] अष्टांगसंग्रह चि० ९

में मद्यों का बहुलता से प्रचार मालूम पड़ता है ।[१] संभवतः मधु शब्द का प्रयोग रामायण में मद्य के अर्थ में हुआ है । अमरकोषकार मधूक (महुआ) पुष्पों से निर्मित मद्य को मधु कहता है । समग्र रामायण में मधु शब्द का प्रयोग केवल दो स्थलों पर हुआ है । एक तो वह प्रसंग है कि जब विभीषण राम के पास चले जाते हैं तो लंका का कोई प्रहस्त नामक राक्षस सुग्रीव आदि के वध की प्रतिज्ञा करता हुआ मदमत्त होकर अन्य राक्षसों से मधु पीने को कहता है ।[२] दूसरा प्रसंग यह है कि भगवान् राम जब लंका को जीत कर अयोध्या में वानरों का सत्कार करते हैं तब वहाँ वानरों द्वारा सुगन्धित मधु का पान उल्लिखित है ।[३] इसी सन्दर्भ में वर्णित मधु पिंगला[४] नाम की कोई सुरा भी दृष्टिगत होती है किन्तु जिसका उल्लेख आयुर्वेद के किसी भी ग्रन्थ में दृष्टिगोचर नहीं होता । मद्य के पर्याय के रूप में वारुणी शब्द का प्रयोग तीन स्थलों पर दृक्पथातिथीभूत होता है । बालकाण्ड के उस प्रसंग (४५।३५) में जहाँ समुद्रमन्थन से प्राप्त द्रव्यों की गणना की जाती है । अन्यत्र कुंभकर्ण राक्षसों को आनन्दपूर्वक वारुणी पान करने का निदेश कर युद्ध के लिए चला जाता है ।[५] पादटिप्पणी के २ अंक के सन्दर्भ में भी वारुणी शब्द का प्रयोग हुआ है जिससे प्रतीत होता है कि वारुणी मधु से पृथक् एक भिन्न ही वस्तु थी जो सामान्यतः सुरा के अर्थ में व्यवहृत होती थी । चरक द्वारा निर्दिष्ट धान्यासव के अन्तर्गत मैरेय सुरा भरद्वाज द्वारा आतिथ्य प्रसंग में बलिकर्म के लिए प्रयुक्त हुई है ।[६] मदिरा शब्द की तरलता एवं मादकता से उस समय का जन-समाज पूर्णतया परिचित था संभवतः इसी कारण स्वर्ण मृग प्रेक्षण के अवसर पर वाल्मीकि ने सीता को मदिरेक्षणा का विशेषण दिया है । ।[७]

जैसा कि उपर्युक्त पंक्तियों में उल्लेख किया जा चुका है कि मद्य के साथ-साथ मांस सेवन की परम्परा उस काल में प्रचलित थी । यह परम्परा वैज्ञानिक आहार-शास्त्र के सर्वथा अनुकूल ही प्रतीत होती है क्योंकि आयुर्वेद में कहा गया है कि आनूप या जांगल मांस मद्य के बिना अच्छी प्रकार से पच नहीं पाता ।[८] सुरा थकावट को दूर करने में सबसे उत्तम औषध है ऐसा चिकित्सा-विज्ञान का सिद्धान्त है ।[९] रामायण में राम सीता विहार कें प्रसंग में राम के आभ्यन्तर आनन्दानुभूति के उद्रेक के लक्षणों का जो चित्रण किया गया है[१०] वह सुश्रुत द्वारा प्रतिपादित सत्वादि त्रिविध प्रकृतियों के भेद से मद्यज मद के सत्वप्रकृति वाले गुणों से पर्याप्त समता रखता है ।[११]

---

१ युद्ध० १।३३
२ युद्ध ८।२३, २४
३ उत्तर० ३९।२६
४ उत्तर० ३९।२६
५ युद्ध० ६३।५७
६ अयो० ९१।१५, ७० तथा तुलना करें च० सू० २७।१८७
७ अरण्य० ४२।३२
८ चरक चि० ८।१६३।१६५
९ चरक सूत्र० २५।४०
१० उत्तर० ४२।१८, २०–२२, २४
११ सुश्रुत सूत्र० ४५।०७

द्रव्यगुण शास्त्र विषयक सामग्री

वाल्मीकि रामायण में द्रव्य गुण शास्त्र के विषय की सामग्री चिकित्सा-शास्त्र के अन्य अंगों की अपेक्षा कहीं अधिक प्रचुर मात्रा में विद्यमान है।

विविध प्रकार की वनस्पतियों का निर्देश

पर्वत, नदी तट, सर एवं विहारोद्यान में उगने वाली अनेक औषधि वनस्पतियों का रामायण में प्रसंगवश यत्र-तत्र उल्लेख है[१] ऐसी वनस्पतियों का स्थल निर्देश के साथ अकारादि अनुक्रम से विद्वान पाठकों के समक्ष संग्रह कर प्रस्तुत किया जा रहा है :

१—अगुरु अयो० १४।२९, १७।३
उत्तर० ४२।२

२—अग्निमुख्य (भल्लातक)
अरण्य० ७३।५ द्य

३—अंकोल
अयो० ९४।८
कि० १।८०
युद्ध० ४।८४

४—अर्जुन
अर० ७५।१८
कि० १।८१, कि० २७।१०, कि० २८।४, ८, ३४
युद्ध० ४।८३ उत्तर ० ४२।४

५—अतिमुक्तक (तिनिश)
उत्तर० ४२।४

६—अरिष्ट अयो० ९४।९

७—अशोक
अर० १५।१७,
अर० ४२।३१, ५६।३०, ६०।१७
अर० ७५।१७
कि० १।२९,
सुन्दर० १०।४, १४।३,
युद्ध० ४।७४, २२।५७,
उत्तर० २६।५, ४२।३,

८—अश्वकर्ण
अर० १५।१८, यु० २२।५६,
युद्ध० ५९।७७

९—अश्वत्थ
अयो० ९१।४९
अर० ७३।३

१०—असन
अयो० ९४।८, अर० ६०।२१
कि० ३०।६०, सु० २।१०,
उत्तर० ४२।३

११—आम्र
बाल० ५।१२
अयो० ३५।१४, ६३।८, ९१।३०, ९४।८, अर० १५।१६, ४२।३१, ६०।२१, ७३।३,
कि० १।८१, २८।१९, सुन्दर० १०।२३ १४।३, युद्ध० ४।७४, २२।५७, ५९।७७, उत्तर० २६।५, ४२।८

१२—आमलकी
अयो० ९१।३०, ३१

१३—इंगुदी
अयो० ५०।२८, ३०,
८७।२२

---

[१] मार्ग में उगने वाली लता, वल्ली, गुल्म आदि का रामायण काल में वानस्पतिक वर्गीकरण के अनुसार ज्ञान प्रतीत होता है :—
(अ) अयो० ८०।५, ६
(आ) उत्तर० ३०।९

१४—इक्षुकाण्ड
अयो० ९१।१५, १६

१५—इषीका
अयो० ३०।१२

१६—उत्तरच्छद
अयो० ९४।२४

१७—उत्पल (कमलभेद)
सुन्दर २।१२, १५।४
युद्ध० ४।८८

१८—उद्दालक
कि० १।८२, ४२।७
सुन्दर १४।३, ३६, १५।९

१९—उशीरबीज
उत्तर० १८।२

२०—कक्कोल
अर० ३५।२२

२१—ककुभ (अर्जुन)
अर० ६०।१५
कि० ५०।२५

२२—कदम्ब
अर० ६०।१२, ७३।४
कि० २७।१०, २८।१८, ३४, ४२
उत्तर० २६।४, ४२।५

२३—कदली
अर० ४७।४९, ६२।४
उत्तर० ४२।४

२४—कन्दल
कि० २८।३४

२५—कपित्थ
अयो० ९१।३०

२६—कपिमुख
सुन्दर० १४।३

२७—कमल
अयो० ५६।५, ९४।२४

२८—करंज
युद्ध० ४।७५

२९—कर्णिकार
अयो० ९२।२३
अर० ४२।३१, ६०।२०, ६२।५, ७३।३
कि० १।२१, १।७३, ४०।५६, ५०।२६
सुन्दर० २।९, १५।८
युद्ध० २२।५७
उत्तर० २६।४

३०—करवीर
अर० ७३।४, ७५।१६
कि० १।७६,
सुन्दर० २।१०, २७।२३
युद्ध० ४।७५

३१—काश
अयो० २८।२२, ३०।१२
अर० १५।२२

३२—काश्मरी
अयो० ९४।९

३३—कुटज
कि० २८।४, १४
सुन्दर० २।९
युद्ध० ४।८३, २२।५६

३४—कुन्द
अर० ४२।१७, ७५।१६
कि० १।७७, २७।१०
युद्ध० ४।८१

३५—कुमुद
युद्ध० ४।८८

३६—कुरण्ट
कि० १।८०, २७।१०

३७—कुरबक
अर० ६०।२१
कि० १।८२
युद्ध० ४।८३

३८—कुष्ठ (कूठ)
अयो० ९४।२४

३९—कुश
अयो० २८।२२, ३०।१२, ६१।१७
अर० १५।२२
४०—कृतमालक (करंजभेद)
(करंजभेद)
कि० २७।१८
४१—केतक (केंवड़ा)
अर० १५।१७, ६०।२२, ७५।१७
कि० १।८२, २७।१७, १।८, २८।८
२८, ४२।८
सुन्दर० २।९
४२—कोयष्टिक[२]
अर० ७५।१८
४३—कोविदार
कि० १।८१, ३०।६०
सुन्दर० २।१०
उत्तर० ४२।५
४४—खदिर
बा० १४।२२
अयो० ६१।१७
अर० १५।१८
युद्ध० २२।५९
४५—खर्जूर
अर० १५।१६, १६।१७
कि० १।७९
सुन्दर० २।९
४६—गन्धपूर्ण
सुन्दर० २।१०
४७—चन्दन
अयो० ८०।१४, ९१।७५
अर० १५।१८
कि० १।८३, ४६।१८
सुन्दर० ९।१८, १४।४४
युद्ध० १२५।२
उत्तर० ४२।२
४८—चन्द्र[१]
युद्ध० ५०।३१
४९—चम्पक
अर० १५।१७, ६०।२२,
कि० १।७८, ५०।२६
सुन्दर० १४।३, ३६, ४४, १५।९
युद्ध० ४।७४
उत्तर०, २६।५, ३०।३
५०—चिरबिल्व
अरण्य० ११।७६
कि० १।७८
युद्ध० ४।८१
५१—चूर्णक
युद्ध० ४।८४
५२—जपा
उत्तर० ३५।२३
५३—जम्बु
अयो० ९१।५१। ९४।८
अर० ६०।१९, ७३।३
कि० २८।१९, ३०
५४—जाती
अर० ३५।२२
५५—तगर
उत्तर० २६।६
५६—तमाल
अर० १५।१६, ३५।२३
कि० ४०।५६
उत्तर० २६।६
५७—ताल
अयो० ९१।५०
अर० १५।१६, ६०।१८

[१] अमरकोष के सिंहादिवर्ग में पक्षिविशेष के रूप में इसका उल्लेख है पर यहाँ रामायण में प्रसंग एवं साहचर्यवश इसे कोई वृक्ष विशष मानना पड़ता है।
[२] क्षीर-सागर में उत्पन्न होने वाली एक दिव्यौषधि।

कि० ४०।५६, ५०।२५

युद्ध० २२।५६, ५९

५८—तिनिश

अयो० ४२।८

अर० १५।१६

कि० १।८३, २७।१८

युद्ध० ४।७५, ८४, २२।५६

५९—तिन्दुक

अयो० ९४।८

अर० ११।७६, ७३।३

युद्ध० ४।७५

६०—तिरिट

कि० २७।१८

६१—तिल

युद्ध० ११४।१२३

६२—तिलक

अयो० ९१।श्लो०, ९४।८,

अर० १५।१७, ६०।१६, ७४।४, ७५।१५

कि० १।५८, १।८३, २७।१७

युद्ध० ४।७४, ८२, २२।५६

६३—तुंगकालेयक

उत्तर० ४२।२

६४—दर्भ

अर० ११।५२

६५—दाडिम

अर० ६०।२१

युद्ध० २२।५९

उत्तर० ४२।५

६६—दूर्वा

युद्ध० ११४।१२३

६७—देवदारु

बाल० १४।२३

कि० ४३।१४

सुन्दर० ५६।२९

६८—द्रोण[१]

युद्ध० ५०।३१

६९—धन्वन

अर० ७३।४

७०—धव

अयो० ९४।८

अर० १५।१८, ६०।२१, ७५।१५

कि० १।८२, २७।१८, ५०।२५,

युद्ध० ४।८३, २२।५६, ५९।७७

७१—नक्तमाल (करंज)

अयो० ९१।५०

अर० ७३।४

कि० १।८३

७२—नागवृक्ष (नागदमन ?)

अर० ७३।४

कि० १।७८, ८३, ५०।२६

सुन्दर० १४।३

युद्ध० ४।८२

उत्तर० ४२।४

७३—नारिकेल

कि० ४२।२२

युद्ध० २२।५९

उत्तर० २६।६

७४—निचुल (हिज्जल ?)

अर० ७५।१६

७५—निम्ब

अयो० ३६।१४

युद्ध० २२।२९

७६—नीप (कदम्ब भेद)

अर० १५।१८, ६०।२१

कि० १।७९, २७।१८, २८।४१

सुन्दर० २।१०

युद्ध० ४।७६, ८४

उत्तर० ४२।४

---

[१] उपर्युक्त दिव्यौषधि ।

७७—नील अशोक
अर० ७३।४
कि० ११७९
सुन्दर० १५।११
युद्ध० ४।८४

७८—नीलोत्पल
अर० ४२।१६

७९—नीवार
अर० १५।१६

८०—न्यग्रोध
अयो० ५२।६८, ५३।३३, ५५।२४
अर० ३५।३६, ७३।३५
युद्ध० ४।७५

८१—पद्म
बाल० १५।३०
अर० ११।६, १५।११, १६।२६, ४२।१७
कि० १३।७, २७।११
सुन्दर० २।१२
युद्ध० ४।८८

८२—पद्मक (पद्माख)
कि० १।७९, २७।१७, ४३।२४
युद्ध० ४।८४

८३—पद्मिनी
अयो० २७।१७
अर० ११।४०
अर० ११।४०
उत्तर० २६।४

८५—पनस
अयो० ९१।३०, ८४।८
अर० १५।१६, १८, ७३।३
उत्तर० २६।६, ४२।३

८५—पलाश
बाल० १५।३०
अयो० ६३।८, ६३।१३
अर० १५।१८
कि० १।७५, ८२
सु० १५।८
युद्ध० ४०।१४

८६—पाटल
अर० १५।१८
उत्तर० २६।५

८७—पाटलि
कि० १।८१
युद्ध० ४।८२

८८—पारिजात
उत्तर० ४२।३

८९—पारिभद्रक
अर० ७३।५
कि० १।८०

९०—पिप्पली
अर० १।४०, ५०

९१—पुण्डरीक (श्वेत कमल)
अर० १९।२४

९२—पुन्नाग
अयो० ९४।२४
अर० १५।१६, ६०।२२, ७५।१६
कि० ४२।७, ५०।२५
सुन्दर० १०।२३, १४।३६, १५।९
उत्तर० २६।५, ४२।३

९३—पूर्णक
कि० १।८०

९४—प्रियंगु
कि० २६।२६
सुन्दर० २।१०
उत्तर० ४२।५

९५—प्रियाल
अयो० ९५।८
अर० ७३।२
सुन्दर० २।९
उत्तर० २६।६

९६—प्लक्ष
बाल० १४।३९

अर० ७३।३
युद्ध० ४।७५

९७—बकुल
अर० ६०।२२
कि० १।७८, २७।१७, १८, ४२।७
सुन्दर० १०।२३, १५।४४
युद्ध० ४।८१
उत्तर० २७।७, ४२।५

९८—बिभीतक
अयो० ९१।४९
युद्ध० २२।५९

९९—बिल्व
बाल० १४।२२
अयो० ५६।७, ९१।३०, ९४।८
अर० ११।७६
युद्ध० २२।५७

१००—बीजपूरक
अयो० ९१।३०
अर० ७५।१५

१०१—भण्डीर (शिरीष)
अर० ७५।१६

१०२—भल्लातक
अयो० ५६।७

१०३—भूर्जपत्र
अयो० ९४।२४

१०४—मंजिष्ठा
अयो० ९४।५

१०५—मधूक
अयो० ९४।९
अर० ११।७६, ४२।१७
कि० १।७८
युद्ध० ४।८१
उत्तर० ४२।३

१०६—मूधनि (मधु-द्राक्षा)
अयो० ५६।८

१०७—मन्दार
उत्तर० २६।५, ४२।२

१०८—मरिच
अर० ३५।२३

१०९—मल्लिका
कि० १।७६

११०—माधवी
कि० १।७७
युद्ध० ४।८१

१११—मालती
अर० ७५।१६
कि० १।७६, २७।१०

११२—मुचुकुन्द
कि० १।८१

११३—मुचुलिन्द
सुन्दर० २।९

११४—रंजक
सुन्दर० ४।८२

११५—रक्तोत्पल (लाल कमल)
अर० ४२।१६

११६—लिकुच
अर० १५।१८

११७—लोध्र
अयो० ९४।८
कि० १।८०, ४३।१५, ४९।१७
उत्तर० २६।५, ४२।४

११८—वंजुल
कि० १।७८, ५०।२५
युद्ध० ४।८१

११९—वरण
अयो० ९४।९
कि० १।७९
युद्ध० ४।८४

१२०—वानीर
कि० २७।१८

१२१—वासन्ती
कि० १।७७

१२२—विशल्या[१]
युद्ध० ५०।३०
किं० १।८२
युद्ध० ४।८३, ४०।१४

१२३—वेत्रक
किं० २७।१८

१२४—वेणु
अयो० ९४।८
युद्ध० २२।५६
अर० ७५।१८

१२५—शतपत्र (गुलाब)
अर० ७५।१८

१२६—शमी
अर० १५।१८, २२

१२७—शर
अयो० ३०।१२
अर० १५।२२

१२८—शाल
अर० १५।१६, ६०।२१
किं० ४०।५६, ५०।२५
सुन्दर० १४।३
युद्ध० २२।५६, ५९।७७

१२९—शालि
अर० १६।१७

१३०—शाल्मली
अर० ५३।२१

१३१—शिरीष
किं० १।८२

१३२—शिशंपा
अयो० ९१।५०
किं० १।८२
सुन्दर० ५६।१, ५८।५५, ६२, ६०।२५
युद्ध० ४।८३

१३३—शुक्लवृक्ष (अर्जुन ?)
अर० ७५।१५

१३४—सरल
किं० २७।१७
सुन्दर० २।९

१३५—सिन्धुवार (निर्गुण्डी)
किं० १।७७, २७।१०
युद्ध० ४।७४

१३६—सन्धानकरणी[२]
युद्ध० ७४।३३

१३७—संजीवकरणी[३]
युद्ध० ५०।३०

१३८—सावर्ण्यकरणी[४]
युद्ध० ७४।३३

---

[१] ६२, ६३, ६४ एवं ६५—अनुक्रमांक १२२, १३६, १३७, एवं १३८ में निर्दिष्ट चारों औषधियों को हिमालय के कैलाश शिखर पर उगने वाली दिव्यौषधि कहा गया है। हनुमान् वैद्य सुषेण की आज्ञानुसार मूर्च्छित लक्ष्मण के उज्जीवन के लिए इन औषधियों को हिमालय से लाते हैं—युद्ध० ७४।३२–३४, १०२।२१–२३

[२] शल्य चिकित्सा में सन्धानार्थ प्रयुक्त होने वाली यह एक ऐसी दिव्यौषधि है जिसका प्रयोग उस समय प्रचलित था। विशेष विवरण के लिए अथर्ववेद (४।१२।१–७) द्रष्टव्य है।

[३] उपर्युक्त प्रकार की दिव्यौषधि है जिसे मूर्च्छा दूर करने के लिए व्यवहृत किया जाता था।

[४] यह भी उपर्युक्त प्रकार की दिव्यौषधि है जिसका प्रयोग व्रणरूढ़ त्वचा की सवर्णकरणता के लिए होता था। तुलना करें सुश्रुत चि० १।९५ से।

१३९—सप्तपर्ण
अर० ७५।१७
कि० ३०।२८, ४९।१७
सुन्दर० २।१०, १४।३६, १५।९
युद्ध० २२।५७
उत्तर० ४२।४

१४०—सर्ज
कि० २७।१०, २८।१८, ३४

१४१—स्थगर
अयो० ९४।२४

१४२—स्यन्दन
अर० १५।१८ कि० १।८३

१४३—हरिचन्दन
अयो० ६५।८

१४४—हिन्ताल
कि० १।८३, २७।१८
युद्ध० ४।८४

१४५—लाक्षा (निर्यास द्रव्यौषधि)
अयो० ७५।३८

लोहों (धातुओं) का परिचय

इस महाकाव्य में अन्य सामग्री के साथ-साथ स्वर्ण, रजत एवं लौह धातु[1] की अभिज्ञता का संकेत निम्न प्रकार से सन्दर्भ पुरस्सर द्रष्टव्य है :

१—सुवर्ण
(अ) जाम्बूनद—युद्ध ६७।१७९, ८०।१४
(आ) रुक्म—युद्ध० ८०।३४
(इ) शातकुंभ—अयो० ८१।१०, ९१।७१
(ई) हेम—अयो० ८८।५

२—रजत (चाँदी)
अयो० ८८।५

३—अयस् (लौह)
अयो० ७५।३८

रत्नों की अभिज्ञता

प्रसिद्ध नौ रत्नों में से रामायण में प्रायशः वैडूर्य मणि का ही उल्लेख दृष्टिगत होता है[2] :—

वैडूर्य
अयो० ९१।७९
अर० ५३।२०

अगदतन्त्र का विषय

रामायण में प्रसंगवश स्थावर, जंगम एवं संयोगज (कृत्रिम) भेद से तीन प्रकार के विषों का उल्लेख मिलता है :—

[1] धातुओं की संख्या के लिए रसरत्नसमुच्चय ५।१ द्रष्टव्य है।
[2] नौरत्नज्ञानार्थ भावप्रकाश निघण्टु धातुवर्ग द्रष्टव्य है।

(आ) जंगम विष
दृष्टिविष[३] —युद्ध० १०।५४

(इ) कृत्रिम (संयोगज) विष
गर[४] —बाल० ३१।३६

सन्दर्भ ग्रन्थावली

१—अथर्ववेद संहिता (पैप्लादशाखा) डॉ० रघुवीर (सम्पादित), लाहौर।

२—अमर सिंह अमरकोष (१९४०) नारायण राम आचार्य सम्पादित, ६ मसं०, निर्णय सागर प्रेस, बम्बई।

३—ज्योतिर्मित्र (दिसम्बर १९६३) शल्य-शास्त्र का इतिहास सचित्र आयुर्वेद ४९७–८९, बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन लि० १, गुप्ता लेन, कलकत्ता, भारत।

४—चरक संहिता (१९४१) यादवजी त्रिक्रमजी आचार्य सम्पा० ३ य सं०, निर्णय सागर प्रेस बम्बई।

५—ब्रह्माण्ड पुराण (१९३७) आनन्दाश्रम, पूना, भारत।

---

[१] सुश्रुत कल्प० २।१२ में कालकूट विष से उत्पन्न लक्षणों का निरूपण है।

[२] हालाहलविष के विशद विवरण के लिए चरक (चि० २३।१३) एवं सुश्रुत (कल्प० २।५) देखना चाहिए।

[३] सुश्रुत के इस (कल्प० ३।५) सन्दर्भ से तुलना करें।

[४] रामायण में इसी प्रसंग में एक कथा का उल्लेख है जिसके अनुसार इक्ष्वाकुवंश में असित नामक नृपति की दो रानियाँ थीं। वे दोनों एक साथ गर्भवती हुईं। दुर्बल प्रकृति का राजा अपने राज्य को छोड़ कर हिमालय चला गया। इन दोनों रानियों में से एक ने अपने ही पुत्र को राज्याधिकारी बनाने के दृष्टिकोण से अपनी सपत्नी के गर्भविनाश के लिए उसको "गर" विष कृत्रिम विधि से किसी वस्तु के माध्यम से खिला दिया। विषय सेवन के अनन्तर रानी को जब यह ज्ञात हुआ तो वह भार्गव च्यवन के पास चिकित्सार्थ पहुँची। अन्त में चिकित्सा से स्वस्थ होकर "सगर" नामक अन्वर्थ पुत्र को जन्म दिया। —(बाल० ७०।३०—३७)। इस सम्बन्ध में विशेष विमर्श के लिए चरक चि० २३।१४ एवं सुश्रुत कल्प १।५ के ये स्थल द्रष्टव्य हैं।

६—भागवत पुराण (वि० सं० २०१८), गीता प्रेस गोरखपुर, भारत।

७—भावमिश्र भावप्रकाश निघण्टु (१९४७) पंडित पुस्तकालय, काशी।

८—महाभारत (वि० सं० २०१५) गीता प्रेस, गोरखपुर, भारत।

९—मैक्डोनेल, ए०ए० १९ एवं कीथ, ए०बी० वैदिक इडेक्स, २ य खण्ड, चौखम्बा, संस्कृत सीरीज, वाराणसी।

१०—वाग्भट रसरत्न समुच्चय (१९३०) आशुबोध विद्याभूषण एवं नित्यबोध विद्यारत्न, कलकत्ता।

११—वाग्भट, वृद्ध अष्टांगसंग्रह (१९४०), रा० च० शास्त्री, किंजवडेकर, चित्रशाला, पूना।

१२—वायु पुराण (१९५९), मनसुखराय मोर, ५ क्लाइव रोड, कलकत्ता।

१३—वाल्मीकि रामायण (वि० सं० २०१३) पंडित पुस्तकालय काशी।

१४—विष्णुपुराण (वि० सं० २०१४), पंडित पुस्तकालय, काशी।

१५—सुश्रुतसंहिता अत्रिदेव विद्यालंकार टीका (वि० सं० २०१३) २ य सं०, मोतीलाल बनारसी दास दिल्ली।

१६—हरिवंश पुराण (वि० सं० २०१४) पंडित पुस्तकालय, काशी।

NATIONAL INTEGRATION AND UNITARY GOVERNMENT*

S. P. SHENOY

Final Yr. B.Sc. (Met. Engg.) B.H.U.

What is a Nation ?

The subject besides its inherent interest has a centrality in the Indian national scene. The existence of a sapping confusion about the national sense in our country to-day cannot be explained away. This makes necessary a review of the concept of Nation. Derivatively nation is associated with birth of race. This does not mean, however, that nationalism and racialism are identical conceptions. In the seventeenth century, the term 'Nation' was used to describe the population of a state in respect of its racial unity, and this meaning has in a large measure persisted upto this day. Since the ninetheenth century however, the term 'nation' has assumed a quite definite meaning. The term 'nation' conveys the ideal of political independence or sovereingnity (either actually attained or desired).

A nation is a group of people, having a separate territory, and its own way of living, thinking, culture and civilization for quite a long period of time, of which it is proud. Despite the different opinions of its people, a nation should have a common ideal, a common mission, a common aim towards progress, and a common feeling towards a friend or a foe.

What is National Integration ?

National integration is thinking, making and doing anything and everything in terms of the nation. It is a noble virtue; a feeling ; a sentiment. Unity—the sense of 'oneness'—is the foundation on which National Integration has to be erected. Out of unity should emerge a zeal to spread the mission and

*This essay won First Prize in the Essay Competition organised by the National Integration Samithi, Banaras Hindu University.

ideal of the nation. There is a saying in our Scriptures : "A person can be sacrificed for the sake of a family ; a family can be sacrificed for the sake of a village ; a village can be sacrificed for the sake of a 'Janapad' ; but for the sake of the nation, anything and everything should be sacrificed." This propounds a spirit of sacrifice for the sake of the nation—the ultimate aim of organic national life.

India in the Past

We have been taught that it is during the British regime that the Indians began to have a sense of nationalism. This is absolutely wrong. Nationalism existed in India thousands of years ago. There was a strong cultural unity. It is significant that the River Ganga was considered very sacred and a dip in it would mean liberation from all sins—a notion earnestly subscribed to—even by Kings of the extreme South. Kashi, the present city of Varanasi, being a great centre of learning, attracted great scholars from all parts, notwithstanding its location in the north-east corner of India.

Kings came and kings went ; Emperors came and Emperors went ; but the life of a common man was never affected. Great importance was paid to religion and Dharma ; righteousness, even by the greatest kings. 'Rajapurohit', the priest of the kingdom was always consulted and his blessings were sought before starting any work—even the war. All this argues a cultural adhesion, an internal impulsion in the Indian people.

India in the Present

Today in India religious differences and caste exclusivenesses still operate, often with vigour. Regionalism is asserting itself in diverse ways. Linguism, that is a language set up as the basic pretext for aggressive group sentiment, seeking expression in terms of power politics, is reviving a particularism, not at all proper to the modern times. The people are being carried away by jealousies and suspicions. These are all disintegrating factors. Their growth denies unity, the sanctity and the heritage of India.

The face of the world is changing, whether we like it or not. Nations are engaged in wars, some violent, some cold. Vast powers of destruction are in the hands of man. The west is crumbling. England is weak ; France has disintegrated. Communism—militant Godless materialism—threatens the world with its far-reaching tentacles.

Our paramount duty in India, therefore, is to resist disintegration. The ideal and so the real India has a mission in history. This is not to court the vacillations of success and failure through which the West is passing. It is to discover and fulfil the meaning of history ; to lead man towards Dharma, towards Light, strength and Joy, so that he may fulfil himself by living in God.

The Government has to play an important role in establishing National Integration. Unitary Government, if run effectively, can do this tak. This statement raises a question as to the nature of Unitary Government, which we proceed to discuss below.

Unitary Government

In a unitary system of Government the entire governmental power is vested by the constitution in a single central government, and local auhorities not only derive their power and autonomy from it but also owe their very existence to it. In a unitary system :

(i) There is only one state and one government, and there is no constitutional division or distribution of powers between the central and local government. There is one source of power and one will.

(ii) For the sake of administrative convenience, unitary states are divided into units known variously as departments, provinces, countries, communes etc. They are given a certain amount of autonomy and limited powers of local government. But their creation and continuance depend on the will of the central government and is not determined by the constitution.

It follows that the power and autonomy possessed by these local bodies are not original but are derived from the central government which may enlarge or restrict them at its will. In short, in a unitary state, the local authorities are merely parts of the central organization created by the latter to act as its agents for the purpose of local administration.

We may now sort out the merits of Unitary Government contributing to National Integration.

Merits of Unitary Government

(i) A unitary government can bring about a uniformity of law, policy and administration throughout the extent of a country. By so doing it can help bring about a unified and integral governmental machinery.

(ii) In matters of defence and international relations, the strength of the unitary government is especially manifest because in such a sate there can be no conflict of authority, no conflict of responsibility for work to be performed, no overlapping of jurisdictions, no duplication of work, plan or organization that can not be immediately adjusted.

(iii) The unitary form of government is best adapted to small states that possess geographic and ethnic unity, where uniform legislation can deal successfully with the needs of all parts of the country. It is also suited to a state whose population is not yet politically developed and hence not fitted for local self-government.

Government in India

Quasi-federal structural is existing now in India, and in this structure there are two sets of governments :—

(i) Parliamentary rule with regard to the subjects falling within the sphere of the centre, and

(ii) the federal structure with the President at the apex.

The President has to act with the 'aid and advice' of the Ministers as the head of the parliamentary government, but the President also presides over the federal structure and he has powers independent of the Central Cabinet.

Our quasi-federal structure is also convertblie, under certain conditions, the President has the power to convert it into a more or less unitary constitution with regrd to a state. This is to prevent the disruption of the union.

People are carried away by the phrase 'federal constitution', and apply the test of an imaginary constitution to the pragmatic provisions of our quasi-federal, convertible constitution, which is as such, better than that of the U.S.A.

Even at this stage, we have noticed some incidents which are detrimental to National Integration.

The Tamil Nadu State threatened to secede if Hindi was adopted as our National Language. It has abolished N.C.C. training although this is an important tool in establishing National Integration. Such disharmony could not have found any room if we had full unitary Government.

There is no doubt that the Late Chief Minister of Tamil Nadu, Mr. C. N. Anna Dorai, was real political intellect. But only Tamil Nadu could derive benefit from him. The whole nation could be benefited by his intellignce and leadership if he was made a national leader through Unitary Government.

The Namboodaripad Ministry in the Kerala State, in spite of the strong opposition from the rest of the country, formed a separate Muslim District, called Mallapuram. This again is very harmful to National Integration.

There has been a prolonged border-dispute between Maharashtra and Mysore. This dispute has given rise to hostility among the people of these two states. It is slowly destroying the unity.

Again there is water dispute between Mysore State and Andhra Pradesh State, creating much confusion and trouble.

The situation is bad enough with only a quasi-federal constitution. If we had a complete federal system, the condition would be worse. What are States now would have seceded and that would be the end of Free India. For though Federal Government has merits like relief of the central government of the heavy burden of administration and stimulation of the interest of the people in the public affairs, it has serious defects.

Our Guru Deva, Rabindranath Tagore, said that we needed a sound national education before achieving Freedom, which otherwise would lead to corruption. His words have come to be true. Education which is basically uniform throughout the country, is an unquestionably important tool in establishing National Integration. Only Unitary Government can impart that type of education.

Conclusion

In spite of the diversities and quarrels and difference of opinions, the Indians have a basic urge for unity. One has only to remember how they contributed liberally to the National Defence Fund at the time of the Chinese aggression and the Indo-Pakistan conflict. This was not possible without a sense of unity—political, not only cultural.

The usual belief that a Unitary Government is always centralized and that a Federal Government is invariably decentralized is not necessarly true. It is quite possible, as in Great Britain, for the Central government of a unitary state to grant large powers of local self-government to its local sub-divisions, thus securing most of the advantages of both Unitary and Federal Government.

National growth—political, economical moral, a spiritual or cultural—is impossible without National Integration. A strong Unitary Government consisting of selfless and painstaking leaders can establish it.

GEOGRAPHICAL PATHOLOGY OF CANCER IN INDIA AND ENGLAND*

DR. A. D. SINGH,
College of Medical Sciences, B. H. U.

A study of Geographical Pathology of diseases is always interesting and instructive. The interest in the present study was aroused when a great difference was found in the incidence pattern of disease, the stage at the time of hospitalisation and the socio-economic problems of the patients of England and India.

The material for the present article is derived from the Radiotherapy Departments of the Royal Victorial Infirmary at Newcastle on Tyne (RVI N/C) in England and that of the Christian Medical College and Hospital at Vellore, (C.M.C.H., Vellore) in India.

Incidence Pattern

From January 1958 to December 1959, there were 6014 new cases referred for advice to the Radiotherapy Department of the R.V.I., N/C on Tyne-63.7% of them were with malignant and 36.3% with non-malignant growth. Of all the patients seen during that period 40.9% had skin lesions and constituted the largest group. Breast lesions constituted 16.2%, bronchus 6.6% female genitalia 6.1% and only 4.5% came with oral pathology. Bronchogenic carcinoma has been only 6.6% because most of them were referred to the Newcastle General Hospital (NCH) where the megavoltage unit is functioning. Almost all cases from Shotley Bridge Hospital (Thoracic Unit) were referred to NGH. On the other hand, at the Radiotherapy Department of C.M.C.H., Vellore, during a smilar 2 years period, from January 1963 to December 1964, there were 2533 new

*Based on the paper presented at the XI International Congress of Radiology at Rome in September, 1965.

cases seen, 4% had non-malignant lesions, the rest had malignant neoplasms. The largest group was formed by the female genital lesions, constituting as much as (27.6%). Oral pathology was only second to it and formed 20.2% of the total. Breast (4%), bronchus (3%) and skin (1.8%) were in much smaller proportion.

Lastly, many writers have insisted that the principles of cooperations are limited to *three, five or seven* and some have conveyed the impression that such listing is universal in effect for every association in existenee. This line of reasoning is inaccurate. The view presented herein recognises the cooperative development as a vital and dynamic phenomenon within a society. It assumes that the *number of principles which apply to any particular organisation is variable*. Furthermore, this presentation does not preclude the addition of other principles, that may yet come to light as *a means to attain further perfection in operating techniques and in the advancement of economic and social well-being*.

पूर्वमध्ययुगीन हिन्दू धार्मिक त्योहार

डॉ० जय शंकर मिश्र,

लेक्चरर, इतिहास विभाग, का० हि० वि० वि०

भारत में प्राचीन काल से विभिन्न प्रकार के त्योहार और उत्सव मनाने की प्रथा रही है, जो कालान्तर में भारतीय संस्कृति के प्रधान प्रेरक तत्त्व बन गये। विभिन्न देवी-देवताओं को धर्मप्रवण कथात्मक परिवेश में आकलित कर ऐसी तिथियाँ नियत की गई, जो विशेष पर्व अथवा त्योहार के नाम से हिन्दू समाज में जानी गईं। उन तिथियों पर व्रत, उत्सव और खुशियाँ मनाई जाती थीं तथा उन देवी-देवताओं का समारोहपूर्वक पूजन होता था। पूरे वर्ष की कतिपय तिथियाँ अपने-अपने विशेष पर्व के लिए विख्यात हुईं। फलतः प्रत्येक वर्ष उन तिथियों पर उत्सव और त्योहार मनाया जाता था, जिनका स्वरूप पूर्णतः पावन और पवित्र था। इन त्योहारों पर स्त्री-पुरुष समान रूप से भाग लेते थे। यद्यपि कोई-कोई त्योहार मात्र स्त्रियों के लिए ही था अथवा केवल पुरुषों के लिए।[१]

यहाँ हम ग्यारहवीं सदी के अरबयात्री अलबीरूनी के हिन्दू धार्मिक त्योहार संबंधी विवरण को तत्कालीन भारतीय स्रोतों से तुलना करते हुए प्रस्तुत कर रहे हैं, जो पूर्वमध्ययुगीन भारतीय संस्कृति पर नवीन प्रकाश डालता है। अलबीरूनी पहला विदेशी लेखक है जिसने हिन्दू त्योहारों पर अत्यन्त विस्तार और मनोयोगपूर्वक लिखा है। बाद में उसके विवरण को गरदीजी[२] नामक दूसरे अरब लेखक ने अपनी भाषा में उतार लिया, जिसका मैंने स्थान-स्थान पर उल्लेख किया है।

यहाँ मैं अलबीरूनी द्वारा निरूपित हिन्दू त्योहारों का समसामयिक ग्रंथों से परीक्षण करता हुआ उनकी मूल प्रकृति का हिन्दू माह और तिथि के तदनुरूप निरूपण कर रहा हूँ।

२ चत्र—अलबीरूनी लिखता है कि "चैत्र मास का दूसरा दिन 'अगदूस' कहा जाता है। कश्मीरियों के लिए त्योहार का दिन है, राजा[३] मुत्ते की तुर्कों पर विजय प्राप्ति के कारण सम्पन्न किया जाता है।"[४]

इस त्योहार का समसामयिक लेखकों ने कोई संकेत नहीं दिया है।[५] सम्प्रति अलबीरूनी

---

१ Mishra, J. S., Albiruni's Stay and Travel in India, *Journal of Indian History*, Kerala, Vol. XLIV, Part II, No. 131, August, 1966., pp. 518-28.

२ गरदीजी, जैन-उल-अखबार (रचनाकाल १०५२ ई०), Indian Historical Quarterly, Vol. IX, No. 4, 1933, p. 941.

३ *AI.*, Vol. II, p. 178.

४ मुत्ते नाम सिविस्तान के एक राजा के नाम से मिलता है—*Ed.*, Vol. I, pp. 145.

५ श्रीनगर के (कश्मीर) आवासकाल में मैंने वहाँ के निवासियों से इस विषय में जिज्ञासा प्रकट की, किंतु उन लोगों का मौन इस त्योहार की अवर्तमानता ही व्यक्त की।

के कथन से इतना अवश्य स्पष्ट है कि अलबीरूनी के काल में कश्मीर की जनता यह त्योहार मनाती थी।

६ **चैत्र**—अलबीरूनी का कथन है कि "चैत्र का छठाँ दिन व्रत का दिन है और सूर्य के लिए पवित्र है।"[१] अलबीरूनी के इस कथन का समर्थन चंडेश्वर के इस कथन से होता है कि चैत्र का छठाँ दिन सूर्य का दिन है जिसमें पूजन आदि का उपक्रम होता है।[२]

११ **चैत्र**—अलबीरूनी के अनुसार चैत्रमास की ११वीं तिथि का उत्सव 'हिंडोली चैत्र' कहलाता था। जब वे 'देवगृह' या वासुदेव के मंदिर में मिलते हैं और उसकी प्रतिमा को इधर-उधर हिलाते हैं, जैसे कि वह शैशवावस्था में झूले में झुलाया जाता था। वे इसी को अपने घर में पूरे दिन सम्पन्न करते हैं और आनंद मनाते हैं।[३]

किन्तु अभयतिलकगणि के अनुसार 'डोल' या 'डोला' त्योहार चैत्र के शुक्ल पक्ष के १४वें मास के चारों वर्णों द्वारा मनाया जाता था। उस अवसर पर शंभ और गौरी झुलाये जाते थे।[४] भविष्यत् पुराण को उद्धृत करते हुए अभयतिलकगणि का कथन है कि सोमनाथ का 'डोल' उत्सव सभी लोगों द्वारा सम्पन्न होता था।[५] ब्रह्मपुराण को उद्धृत करते हुए लक्ष्मीधर[६] और चंडेश्वर[७] का कथन है कि इस अवसर पर सुन्दर वस्त्राभूषण से सज-धज कर लोग माँस आदि ग्रहण करते थे। परमार उदयादित्य के अभिलेख से प्रकट होता है कि यह उत्सव 'दमनक' कहलाता था।[८] एक प्रमाण से विदित होता है कि आश्रित राजा वागमल्ल ने इस उत्सव के निमित्त शैव मंदिर को (वि० सं० १२४६–१२०७ ई०) सहायता दी थी।[९] दमनक में दमन नामक वृक्ष शिव या विष्णु को प्रार्थना के साथ भेंट किया जाता था।[१०] इस पर्व के दिन गुजरात के प्रायः सभी शिवमंदिरों में डोलोत्सव मनाया जाता था।[११]

अर्जुन वर्मन के धारप्रशस्ति से यह उद्घाटित होता है कि 'पारिजातमंजरी नाटिका' चैत्र पर्व (जो वसंतोत्सव भी कहा जाता है) पर खेली गयी थी।[१२]

चैत्र पूर्णिमा का दिन—अलबीरूनी वसंतोत्सव के विषय में लिखता है कि चैत्र के पूर्ण

---

१ *Ibid.*, p. 176.

२ कृत्यारत्नाकर, पृ० १२१–२३।

३ *AI.*, Vol. II, p. 178.

४ अभयतिलकगणि का 'द्वयाश्रय' पर भाष्य–५.१४१।

५ वही, 'असमिंश्च पर्वणि सोमनाथस्य चतुर्वणरमहाविस्तरेण डोलामहोत्सवः क्रियते।'

६ **कृत्यकल्पतरु** नियत०, पृ० ३८४–८५।

७ कृत्यरत्नाकर, पृ० १३८–३९।

८ *EI.*, XXIII, 134.

९ *IA.*, VI, 338.

१० हेमाद्रि : **स्मृतिकौस्तुभ** १९।

११ Majumdar, A. K. : *Chalukyas of Gujarat*, p. 306.

१२ *EI.*, VIII, 96.

चंद्रमा के दिन का उत्सव 'वसन्द' (वसंत) कहलाता है, स्त्रियों का त्योहार। जब वे आभूषण पहनती हैं और पतियों से उपहार की याचना करती हैं।[१]

हेमचन्द्र ने 'देशीनाममाला' में वसन्तोत्सव के लिए 'फागु' व्यवहृत किया है।[२] संभवतः यह डोल पर्व ही है।

वैशाख मास (अप्रैल-मई)

३ **वैशाख**—अलबीरूनी लिखता है कि तीसरा वैशाख औरतों का त्योहार है, 'गौर-त-र' (गौरी तृतीया) कहा जाता है, महादेव की पत्नी और हिमवन्त की पुत्री गौरी के कारण (यह पर्व) पावन है। वे स्वच्छ होती हैं और प्रसन्नतापूर्वक वस्त्र पहनती हैं। वे गौरी की प्रतिमा का पूजन करती हैं और उसके सामने दीप जलाती हैं। वे धूम देती हैं, भोजन से विलग रहती हैं और झूलों से खेलती हैं। बाद के दिन वे दान देती हैं और भोजन ग्रहण करती हैं।[३]

इस त्योहार का हेमाद्रि ने 'चतुर्वर्गचिंतामणि' में विस्तार से विवेचन किया है, जिसमें पूजा की विधि और व्रत-उपवास का वर्णन है।[४]

१० वैशाख—अलबीरूनी के अनुसार १० वैशाख को सभी ब्राह्मण राजा द्वारा खुले खेत में जाने के लिए निमंत्रित किये जाते हैं, जहाँ वे पूर्णिमा तक पाँच दिन होम के लिए वृहद् हवन करते हैं। वे सोलह भिन्न स्थानों पर चार भिन्न समूहों में अग्नि जलाते हैं। प्रत्येक समूह में एक ब्राह्मण होम करता है। इस प्रकार चार हवन करने वाले पुरोहित चार वेद की तरह हैं। १६ को वे घर लौट आते हैं।[५]

इस त्योहार का भारतीय ग्रंथों में उल्लेख नहीं मिलता। संभव है उस समय इसका कोई स्वरूप रहा हो।

वसन्त ऋतु का रात-दिन बराबर का समय—अलबीरूनी लिखता है कि "इस महीने में रात-दिन बराबर का समय होता है, जो वसंत कहलाता है। गणना के अनुसार दिन का निश्चय करते हैं और त्योहार मनाते हैं, जब लोग ब्राह्मणों को निमंत्रित करते हैं।"[६]

समसामयिक ग्रंथों में इस त्योहार का कोई उल्लेख नहीं। आज भी इस त्योहार का कोई विवरण नहीं मिलता। किंतु अलबीरूनी की विवृत्ति से प्रकट है कि उस समय के भारतीय समाज में इसका अवश्य प्रचलन रहा होगा। संभवतः यह कर्क-संक्रान्ति रही हो। अलबीरूनी का ज्ञान अधिकतर संवाददाताओं की सूचनाओं पर आधारित रहा। ये संवाददाता विभिन्न भारतीय प्रदेशों के थे जिन्होंने अलबीरूनी को समसामयिक समाज के धार्मिक पर्वों पर पारम्परिक विवरण दिये।

---

१ *AI.*, Vol. II, p. 178.
२ देशीनाममाला, ६.८२।
३ *AI.*, Vol. II, p. 179 : *Gardizi* MSS., p. 216.
४ *CC.*, Vol. II, pt. I, Vrata Khanda, Vol. VII, p. 450-52.
५ *AI.*, Vol. II, p. 179.
६ *AI.*, Vol. II, p. 179.

ज्येष्ठ मास (मई-जून)

१ ज्येष्ठ--अलबीरूनी कहता है कि "प्रथम ज्येष्ठ या नवीन चन्द्र के दिन वे एक त्योहार आयोजित करते हैं और सब फलों के पहले फल को अनुकूल पूर्व लक्षण जानने के लिए पानी में फेंकते हैं।"[१]

यह त्योहार भी भारतीय लोगों को विदित नहीं था किन्तु अलबीरूनी इस त्योहार के विषय में जानता था, जिसका उसने निरूपण कर दिया और तदयुगीन समाज में प्रचलित एक त्योहार को सम्मुख ला दिया।

ज्येष्ठ पूर्णिमा--अलबीरूनी ने इस पर्व का यथोचित विवरण नहीं दिया है। वह लिखता है कि "इस मास का पूर्ण चन्द्र का 'रूप पंच' नामक दिन औरतों के लिए एक त्योहार है।"[२]

उड़ीसा में इस दिन पुरुषोत्तम की प्रतिमा को सड़कों पर घुमाया जाता है। यह त्योहार 'महाज्येष्ठि' के नाम से विख्यात है। इस पर्व का ब्रह्म[३], स्कंद[४] और अग्निपुराण[५] में इसी रूप में वर्णन हुआ है। 'राजमार्तण्ड' में भोज ने कहा है कि महाज्येष्ठि त्योहार पुरी या पुरुषोत्तम स्थान पर वर्जित है।[६]

यह दिन संभवतः सावित्री का दिन माना गया है। भोज[७] और चंडेश्वर[८] ने इसी रूप में इसका विवेचन किया है। ऐसा विश्वास था कि इस त्योहार को सम्पन्न करने से औरतें विधवा होने से बचती थीं। इस अवसर पर अनेक फल-फूल के साथ सावित्री और ब्रह्म का पूजन होता था तथा ब्राह्मण दम्पति को दान दिया जाता था।[९]

आज भी सावित्री व्रत इसी दिन मनाया जाता है।[१०]

आषाढ़ मास (जून-जुलाई)

अलबीरूनी के अनुसार 'आषाढ मास के सभी दिन दान देने में व्यतीत होते हैं। यह 'आहारी' भी कहा जाता है। इस कालावधि में घर में नवीन बर्तन की व्यवस्था की जाती है।[११]

---

१ *Ibid.*

२ *Ibid.*, p. 179 ; *Gardizi*, MSS., p. 216.

३ **ब्रह्मपुराण**, ६५. ५८।

४ **स्कंदपुराण**, उत्कलखंड ३२.९।

५ **अग्निपुराण**, १२१.६३।

६ **राजमार्तण्ड**, ABORI, Vol. 36, p. 334, Verse 245.

७ *Ibid.*, verse 335.

८ **कृत्यरत्नाकर**, पृ० १९२–९५, चतुर्वर्गचिंतामणि, भा० २, पार्ट २, व्रतखंड, अ० २१, पृ० २७२–७४।

९ **कृत्यरत्नाकर**, पृ० १९५।

१० Gupte : *Hindu Holidays and Ceremonies*, p. 238.

११ *AI.*, Vol. II, p. 179 ; *Gardizi*, MSS., p. 217 A.

चंडेश्वर[१] ने भविष्यपुराण के आधार पर यह व्यवस्था दी है कि इस महीने की सभी रातों में फल पर प्रतिबंध था। इस मास में 'भौम' नामक त्योहार गौरीपूजन के संदर्भ में मनाया जाता था, यह हेमचंद्र के 'देशीनाममाला' से विदित होता है।[२] यह त्योहार फोर्ब्स के समय तक गुजरात में प्रचलित रहा है।[३]

आषाढ़ शुक्ल का आठवाँ दिन गणेश या विनायक पूजन के लिए था। यह त्योहार वाद्यसंगीत से सम्पन्न किया जाता था।[४]

आज की तिथियाँ ऐसे त्योहार का अनुमोदन नहीं करती। 'कालविवेक' के अनुसार अर्द्धआषाढ़ के कृष्ण-पक्ष में केवल चतुर्दशी को शिव का पूजन होता था।[५]

अर्द्धआषाढ़ के शुक्ल पक्ष में अनेक त्योहार मनाये जाते थे। सातवें दिन 'भास्कर' (सूर्य) का पूजन किया जाता था। लोक सोत्साह खाना और पीना आयोजित करते थे।[६] नवें दिन व्रत के साथ दुर्गा इंद्राणी के स्वर्ण प्रतिमा का पूजन किया जाता था। अपनी-अपनी स्थिति के अनुसार श्रद्धालु लड़कियों, औरतों और ब्राह्मणों को भोजन कराते थे।[७] यह त्योहार 'मार्गशीर्ष' को भी नवें दिन मनाया जाता था।[८]

११ आषाढ़ : देवशयनी एकादशी—अलबीरूनी लिखता है कि 'आषाढ़ मास के सत्रहवीं राशि में जब चन्द्रमा अनुराधा में होता है तब वासुदेव के नाम पर व्रत का दिन होता है, 'देवसीनी' (देवशयनी) कहलाता है, अर्थात् देव सो रहे हैं, क्योंकि यह चार महीनों का प्रारंभ होता है जिसमें वासुदेव सोता था। दूसरे लोग यह कहते हैं, दिन महीने का ग्यारहवाँ होना चाहिये।[९]

यह प्रकट है कि ऐसा दिन प्रत्येक वर्ष नहीं आता। इस दिन वासुदेव के अनुयायी मांस, मछली, मिठाई और संभोग से दूर रहते हैं। केवल फल दिन में एक बार लेते हैं। बिना विस्तर के जमीन पर सोते हैं, खाट का उपयोग नहीं करते।[१०]

वह आगे लिखता है कि 'लोग कहते हैं कि ये चार महीने देवों की रात्रि हैं, जिनमें एक महीना प्रारम्भ में, संध्या के रूप में जोड़ देना चाहिए और एक महीना अंत में सुबह के रूप में। इस प्रकार तब सूर्य के निकट होता है जो देवताओं के दिन में मध्याह्न है और में नहीं देखता कि चन्द्रमा दो संधियों के साथ कैसे सम्बद्ध है।[११]

१ **कृत्यरत्नाकर,** पृ० २०३।
२ **देशीनाममाला,** ४.१०३।
३ Forbes : *Rasamala*, Vol. II, p. 319.
४ **कृत्यकल्पतरु, नियतकालकांड,** पृ० ३९०, **कृत्यरत्नाकर,** पृ० १९९।
५ **कालविवेक,** पृ० ४७१।
६ **कृत्यकल्पतरु, नियत०,** पृ० ३९०–९१।
७ **कृत्यरत्नाकर,** पृ० २०३–४।
८ **वही,** पृ० ४४५–४६।
९ *AI.*, Vol. II, p. 176.
१० **वही।**
११ **वही।**

लक्ष्मीधर[१], जीमूतवाहन[२], चंडेश्वर[३] और भोज[४] का कथन है कि इस अवसर पर विष्णु शयन करते हैं। भक्तजन व्रत रखते थे और ११वें दिन की रात्रि में जगते थे, १२वें दिन उनकी पूजा करते थे और १३वें दिन नृत्य और संगीत का आयोजन करते थे। लक्ष्मीधर[५] और चंडेश्वर[६] का यह कहना है कि अपनी-अपनी सामर्थ्य के अनुसार लोग अभिनेताओं को द्रव्य देते थे। ब्रह्मपुराण, वाराहपुराण और वामनपुराण का उद्धरण देते हुए चंडेश्वर[७], देवशयनी एकादशी का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करता है।

श्रावण मास (जुलाई-अगस्त)

अलबीरूनी कहता है कि 'श्रावण की पूर्णमासी को वे ब्राह्मणों को ज्योनार कराते हैं'[८] तथा यह दिन 'सोमनाथ के लिए पवित्र उपवास का दिन है'[९]। हेमचंद्र ने 'देशी-नाममाला' में इस त्योहार का नाम 'वोरल्ली' दिया है और अर्द्धश्रावण के शुक्लपक्ष के चौदहवें दिन मनाये जाने का निर्देश किया है।[१०]

लक्ष्मीधर ने श्रावण के केवल एक त्योहार का उल्लेख किया है, जिस दिन तीन नक्षत्र मिलते थे, विष्णु की पूजा की जाती थी। मनोरंजनपूर्वक लोग अपने संबंधियों के साथ भोजन करते थे। अगर कोई कन्या अच्छा पति चाहती थी तो वह पानी की प्रतियोगिता में हिस्सा लेती थी।[११] श्रावण के शुक्लपक्ष के द्वादशी का दिन 'बुद्ध द्वादशी' के नाम से जाना जाता था।[१२] इस दिन का न तो लक्ष्मीधर ने उल्लेख किया है न जीमूतवाहन ने। इस प्रकार इस त्योहार के दिन बुद्ध की स्वर्ण प्रतिमा का पूजन किया जाता था और तब ब्राह्मण को आमंत्रित किया जाता था। यह व्रत का दिन होता था।[१३] बंगाल में 'बुद्धद्वादशी' का त्योहार ज्येष्ठ पूर्णिमा को होता है।

नदोल प्लेट (वि० सं० १२१८।११६१ ई०) के अनुसार इस अवसर पर चाहमान आश्रित प्रधान अल्हणदेव ने ब्राह्मणों को उपहार दिया था।[१४] डॉ०वी०पी० मजुमदार[१५] ने

---

१ **कृत्यकल्पतरु, नियत०** पृ० ३९१।

२ **कालविवेक,** पृ० १७५–८५।

३ **कृत्यरत्नाकर,** पृ० २०४–५।

४ **राजमार्तण्ड,** ABORI, Vol. 36, p. 314.

५ **कृत्यकल्पतरु, नियत०** पृ० ३९०–९४।

६ **कृत्यरत्नाकर,** पृ० २०४–५।

७ **कृत्यरत्नाकर,** पृ० २०४–७।

८ *AI.*, Vol. II, p. 179.

९ *Ibid.*, p. 177.

१० देशीनाममाला ७.८१।

११ कृत्यकल्पतरु, नियत० पृ० ३९५, कृत्यरत्नाकर, पृ० २५१।

१२ कृत्यरत्नाकर, पृ० २४७-४८, चतुर्वर्गचिंतामणि, भा० २, पार्ट १, पृ० १०३७-३८।

१३ कृत्यरत्नाकर, पृ० २४७।

१४ *EI.*, IX, 65-66.

१५ *Socio-Economic History of Northern India*, p. 284.

डॉ० अशोककुमार मजुमदार[१] के इस मत का खंडन किया है कि यह शैव उत्सव था। किन्तु आज उत्तरी भारत में, विशेषकर श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को वाराणसी में लोग व्रत रहकर विश्वनाथ (महादेव) का पूजन करते हैं। यह क्रम परम्परा से चला आ रहा है। अतः बिना किसी तथ्य के आधार पर डॉ० बी० पी० मजुमदार का कथन आश्चर्यजनक है।

भाद्र मास (अगस्त-सितम्बर)

भादों में होनेवाले अनेक हिन्दू त्योहारों का उल्लेख अलबीरूनी ने किया है।

१-७ भाद्र—अलबीरूनी लिखता है कि 'अर्धकृष्ण का पहला दिन, उन सात दिनों में से पहला है, जो 'करार' कहलाता है। जब वे बच्चों को सुंदरतापूर्वक सजाते हैं और उनको उत्तम भोजन देते हैं। वे अनेक जंतुओं के साथ खेलते हैं। सातवें दिन पुरुष अपने को सज्जित करते हैं तथा उत्सव मनाते हैं।[२]

८ भाद्र—भाद्रमास के ८वें दिन कृष्ण-जन्म[३] का उत्सव मनाया जाता है, जो 'कृष्ण जन्माष्टमी' नाम से विख्यात है। अलबीरूनी कहता है कि "इस मास में जब चंद्रमा 'रोहिणी' में हो तो यह वासुदेव के जन्म के व्रत का दिन है। दूसरे, इसके अतिरिक्त यह भी निर्देश करते हैं कि दिन कृष्णपक्ष का आठवाँ होना चाहिए। हम पहले ही यह संकेत कर चुके हैं ऐसा दिन प्रत्येक वर्ष नहीं आता, किन्तु वर्षों की बड़ी संख्या के विशेष वर्षों में ही।"[४] चंडेश्वर और जीमूतवाहन नक्षत्रों की सही स्थिति का भान कराते हैं। अलबीरूनी जहाँ इस दिन को उपवास का दिन बताता है वहीं लक्ष्मीधर[५] फल और दूध खाने का निर्देश करता है। जीमूतवाहन[६] ने श्रीकृष्ण जन्म के इस दिन को 'जयन्ती' के नाम से सम्बोधित किया है। जब रोहिणी नक्षत्र अष्टमी को होता है तब उसने व्रत रहने का निर्देश किया है। लक्ष्मीधर ने इस अवसर पर होनेवाले नाच-गाने का उल्लेख किया है, जो रात भर चलता था।[७] अलबीरूनी भी कहता है कि जब चंद्रमा चौथे नक्षत्र रोहिणी में होता है तब इस समय को 'गुनालहीद' कहते हैं। वासुदेव के जन्म पर वे प्रसन्नतापूर्वक तीन दिन उत्सव करते हैं तथा एक दूसरे के साथ क्रीड़ा करते हैं।[८] वाराणसी में आज भी जन्माष्टमी का यह उत्सव तीन दिन तक चलता है।

भाद्रपद अमावस्या—भादों के कृष्ण-पक्ष के आधे महीने में 'पितृपक्ष' रहता है। इन दिनों मरे हुए लोगों का श्राद्ध और तर्पण किया जाता है। अलबीरूनी लिखता है कि 'भाद्रपद के महीने में जब चन्द्रमा दसवें स्थान मघा पर रहता है, वे एक त्योहार मनाते हैं जिसे वे 'पितृ

१ *Chalukyas of Gujarat*, p. 308.

२ *AI.*, Vol. II, p. 181 ; *Gardizi*, MSS., p. 218 A.

३ श्री आयंगर ने 'कृत्यकल्पतरु' के तीसरे खंड की भूमिका पृ० ४७ पर श्रावण मास लिखा है, जो ठीक नहीं प्राप्त होता।

४ *AI.*, Vol. II, p. 177.

५ **कृत्यकल्पतरु, नियत०** पृ० ३९५-९६, **कृत्यरत्नाकर,** पृ० २५७।

६ **कालविवेक,** पृ० २९७।

७ **कृत्यकल्पतरु, नियत०,** पृ० ३९५–९६

८ *AI.*, Vol. II, p. 181.

पक्ष' कहते हैं अर्थात् पित्रों का आधा महीना, क्योंकि चन्द्रमा का इस स्थान में प्रवेश करना नये चंद्रमा के समय के निकट गिरना है। वे पन्द्रह दिनों तक पित्रों के नाम पर भिक्षा वितरित करते हैं।[1]

अमावस्या के दिन तो विशेषकर उन आदमियों के लिए पावन होता है जो वास्तविक श्राद्ध करते थे। वैसे ये संपूर्ण दिन पवित्र थे।[2] हेमचन्द्र के अनुसार इस पर्व का नाम 'महालवक्खो' है, जिसे 'महालय-पक्ष' का बिगड़ा रूप कहा जा सकता है। अभयतिलकगणि[3] ने इसे 'श्राद्धपक्ष' कहा है, जिसमें व्यक्ति को ब्रह्मचारी के रूप में रहने का निर्देश किया है, तथा पान, दंतकाष्ठ, शरीर में तेल लगाना, भोजन बनाना, स्त्री, औषधि और दूसरे द्वारा आमंत्रित भोजन को वर्जित बताया है। इस अवसर पर कश्मीर में वर्ष के भीतर मरे हुए व्यक्ति की हड्डियाँ पवित्र गंगा झील में छोड़ी जाती थीं।[4]

अर्द्धभाद्र के शुक्लपक्ष में भी अनेक त्योहार संपन्न किये जाते थे।

३ भाद्र—अलबीरूनी लिखता है कि ३ री भाद्रपदा 'हर्बाली' का त्योहार औरतों के लिए है। यह उनकी रीति है कि कुछ दिनों पहले वे सभी प्रकार के बीज टोकरियों में बो देती हैं और जब वे बढ़ना आरंभ कर देते हैं तब इस दिन वे टोकरियों को सम्मुख लाती हैं। वे उन पर गुलाब के फूल और सुगंध फेंकती हैं तथा एक दूसरे से रात भर खेलती हैं। दूसरे दिन सुबह वे उन्हें तालाब पर लाती हैं, उन्हें साफ करती हैं, स्वयं स्वच्छ होती हैं और दान देती हैं।[5]

जीमूतवाहन[6] के अनुसार शुक्लपक्ष के भाद्र पद को चौथा दिन औरतों के लिए व्रत और पूजन का दिन है। औरतें उपवास करती हैं तथा शिव या पार्वती का पूजन करती हैं। वे सास और श्वसुर को गुड़, नमक और पूप देती हैं। यह दिन 'हरितालिका' के नाम से प्रसिद्ध है। भोज[7] के अनुसार पार्वती के नाम से यह दिन पवित्र है।

५–६ भाद्र—अलबीरूनी के अनुसार 'भाद्रपक्ष' का 'षट्' कहलाने वाला पाँचवाँ दिन, व्रत का दिन है, सूर्य के लिए पवित्र। वे सौर किरणों का, विशेषत: उन किरणों को, जो वातायनों से प्रवेश करती हैं, अनेक प्रकार की औषधियुक्त विलेपन से उन पर सुगंधयुक्त पौधे और फूल रखते हैं।[8]

लक्ष्मीधर[9] और चंडेश्वर[10] ने ६ठें और सातवें भाद्रपद को पवित्र उल्लिखित किया है,

---

१ *Ibid.*, Vol. II, p. 180 ; *Gardizi* MSS. 217 B.

२ **कृत्यकल्पतरु, नियत०**, पृ० ३९६; **कृत्यरत्नाकर**, पृ० २५७।

३ **देशीनाममाला**, ६.१२७।

४ **द्वयाश्रय०** ३.५.१७।

५ *AI.*, Vol. II, p. 180.

६ **कालविवेक**, पृ० ४११।

७ **राजमार्तण्ड** ABORI., Vol. 36, p. 323.

८ *AI.*, Vol. II, p. 177.

९ **कृत्यकल्पतरु, नियत०** पृ० ३९७।

१० **कृत्यरत्नाकर**, पृ० २७७।

जब कृष्ण को प्रसिद्धि मिली थी। चंडेश्वर का कहना है कि जब इस अवसर पर लोग नौकरों, मित्रों और पत्नियों को भेंट प्रदान करते हैं। वह आगे निर्देश करता है कि ६ठें दिन तेल का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इस दिन सूर्य की पूजा होती है और 'पायस' और 'गुड़' दिया जाता है।[१] अलबीरूनी[२] ने छठें भाद्रपद को 'गाइहत' कहा है तथा इस अवसर पर 'कारावास' में रहने वाले लोगों को भोजन देने की बात कही है। लक्ष्मीधर और जीमूतवाहन ने इस पर्व को सूर्य के लिए पवित्र नहीं बताया है। अतः प्रकट होता है कि सूर्य-पूजा पूर्वी उत्तर प्रदेश और बंगाल में नहीं प्रचलित थी। लेकिन अलबीरूनी ने जब लिखा है तब यह भारत में अवश्य प्रचलित रहा होगा। वैसे मुल्तान में भारत प्रसिद्ध सूर्य मंदिर और सूर्यकुंड था, जहाँ सूर्य की पूजा होती थी तथा दूर-दूर के यात्री भी दर्शनार्थ आते थे।[३]

८ भाद्र—शुक्ल भाद्रपद का ८वां दिन अनेक त्योहारों के लिए विख्यात है। अलबीरूनी लिखता है कि ८वीं तिथि जब चाँदनी विकास के आवे पर पहुँची रहती है, वे एक पर्व करती हैं जो 'ध्रुवगृह' कहलाती हैं। वे अपने को स्वच्छ करती हैं और उगने वाला फल खाती हैं कि उनके बच्चे स्वस्थ हों। औरतें इस त्योहार को इसलिए मानती हैं या वे गर्भयुक्त होती हैं या संतान की इच्छा रखती हैं।[४] लेकिन अलबीरूनी द्वारा विवृत्ति हिंदू त्योहारों को फारसी में अनुदित करते हुए गरदीजी[५] का कथन है कि पूजा करने वाला ही फल खाता है, उसकी संतान नहीं। चंडेश्वर[६] के अनुसार इस पर्व पर अगर व्यक्ति, विशेषकर स्त्री व्रत रहकर अनेक फलों से शंकर और गणेश का पूजन करती हैं तो वे विद्या, संतान और धन से पुरस्कृत होती हैं। पर्व 'दूर्वाष्टमी' के नाम से जाना जाता था। इस 'दूर्वाष्टमी' से अलबीरूनी के 'ध्रुवगृह' का समर्थन होता है।

११ भाद्र—अलबीरूनी के अनुसार '११वां भाद्रपद' 'पर्वती' कहलाता है। यह एक धागे का नाम है जिसे पुरोहित उन सामग्रियों से बनाता है जो उसे इस प्रयोजन से दी गई रहती है। इसका एक भाग वह केसर के साथ रंग देता है, दूसरा उसी तरह छोड़ देता है। वह धागे को, जितनी ऊँची वासुदेव की मूर्ति होती है, बनाता है। तब वह उसे अपनी गर्दनपर फेंकता है, जिससे वह उसके पैर तक लटकता है। यह बहुत ही पूजनीय त्योहार है।[७]

समयुगीन भारतीय ग्रंथों में इसका उल्लेख नहीं मिलता। संभवतः अलबीरूनी के समय इसका प्रचलन रहा हो। हेमचन्द्र ने देशीनाममाला में १०वें दिन होनेवाला 'णेड्डरिया' त्योहार का उल्लेख किया है।[८]

---

१ वही, पृ० २७८–७९।
२ *AI.*, Vol. II, p. 180.
३ *Ibid.*, Vol. I, p. 116.
४ *AI.*, Vol. II, p. 180-81.
५ *Gardizi*, MSS., p. 217 B.
६ कृत्यरत्नाकर, पृ० २८३–८५।
७ *AI.*, Vol. II, p. 181.
८ देशीनाममाला, ४.४५।

२६, २७ भाद्र—इन तिथियों के अंतर्गत अलबीरूनी ने कश्मीर में होनेवाले त्योहार का वर्णन किया है। इस त्योहार का पता उसे जीवशर्मा नामक व्यक्ति से लगा था, जिसे सखाउ[1] ने अलबीरूनी का समकालीन माना है। अलबीरूनी लिखता है कि 'जीवशर्मा' बताता है कि इस मास के २६वें और २७वें दिन लकड़ी के विशेष टुकड़ों के कारण कश्मीर के लोग एक त्योहार मनाते हैं, जो 'गण' कहा जाता है, जिन्हें वितस्ता (झेलम) नदी का पानी उन दो दिनों में राजधानी अधिष्ठान में ले आता है। लोग मानते हैं कि महादेव इन्हें भेजता है। इन लकड़ी के टुकड़ों की यह विशेषता है कि जैसा वे कहते हैं, कोई भी इन्हें नहीं रोक पाता। इस प्रकार वह ऐसा प्रकट करते हैं कि वे (लकड़ी के टुकड़े) हमेशा उसकी पकड़ से निकल कर आगे बढ़ जाते हैं।[2]

वह आगे कहता है कि अतः इस विषय पर जिन कश्मीर वालों से मैंने वार्ता की, वे स्थान और समय पर भिन्न विवरण देते हैं और जिस नदी (वितस्ता झेलम) का अभी उल्लेख हुआ है वह उसके उद्गम स्थान की बाँई ओर कूदे शहर नामक तालाब में, वैशाख मास के मध्य में होता है। बाद का कथन अधिक संभाव्य है, इसलिए कि इस समय से पानी बढ़ने लगता है। यह बात जुर्जान नदी में लकड़ी की याद दिला देती है जब इसके उद्गम स्थल से जल बढ़ने लगता है।[3]

आश्वयुज या आश्विन या कुआर मास (सितम्बर-अक्टूबर)

८ आश्वयुज—अलबीरूनी के अनुसार 'आश्वयुज' के आठवें दिन जब चंद्रमा उन्नीसवें नक्षत्र 'मूल' में होता है, ईख का चूसना प्रारम्भ होता है। यह त्योहार महादेव की बहन महानवमी पर पवित्र है, जब वे चीनी के पहले फल और अन्य चीजों को उसकी प्रतिमा के लिए, जो भगवती कही जाती है, देता है। वे इसके सामने बहुत भेंट रखते हैं और बकरी के बच्चों की बलि देते हैं। वह, जब कुछ भी भेंट नहीं चढ़ा पाता तो मूर्ति की बगल में बिना कभी बैठे सीधा खड़ा रहता है और कुछ समय में किसी के भी मिलने पर उस पर प्रहार कर बलि कर डालता है।[4] अलबीरूनी द्वारा जीव बलि के स्पष्ट उल्लेख के विपरीत उपर्युक्त कथन पर डॉ० ए० के० मजूमदार की यह टिप्पणी कि 'इस उद्धरण का यह महत्व है कि अलबीरूनी यह नहीं कहता कि कोई पशु-बलि की जाती थी'[5] आश्चर्य ही है।

दुर्गापूजा त्योहार को हेमचन्द्र[6] ने 'नवाह' नाम से सम्बोधित किया है और उसके भाष्यकार अभयतिलकगणि ने 'महानवमी'। प्रथम दिवस से नौ दिन यह पूजा चलती थी और 'नवरात्र' कहा जाता था। मार्कण्डेयपुराण[7] के देवीमाहात्म्य को उद्धृत करते हुए अभय

---

[1] Sachau : *op. cit.*, Vol. II, p. 309.
[2] *AI.*, Vol. II, p. 181.
[3] *Ibid.*
[4] *AI.*, Vol. II, p. 179-80.
[5] "But the importance of this passage is that Al-Biruni does not say that any animal was sacrificed."—Chalukyas of Gujarat, p. 483.
[6] द्वयाश्रय ३.६।
[7] मारकण्डेयपुराण ११, अ० ९२।

तिलकगणि ने 'चंडी' के पूजन को अत्यन्त लाभप्रद बताया है। हेमचन्द्र ने देशीनाममाला में अलबीरूनी के कथन से साम्य रखते हुए ईख का चूसना त्योहार का मुख्य नैवेद्य निर्दिष्ट किया है।[१]

दुर्गापूजा में बलि की प्रथा थी। असंख्य जानवरों की बलि दी जाती थी। जयसिंह सूरि[२], राजशेखर[३] और जिनमंडन[४] ने चालुक्य कुमारपाल बलि बंद कर दिये जाने का निर्देश किया है। इस पर मंदिर के पुरोहितों ने राजा से दैवी की पूजा के पर्व को साधारण ढंग से मनाने के लिए प्रार्थना की। बंगाल और उसके बाहर बलि अधिक संख्या में होती थी। स्वामी दुर्गा चैतन्य[५] भारती के अनुसार बंगाल और उसके बाहर, काठमाण्डू आदि में असंख्य पशुओं की बलि दी जाती रही हैं।

१५ आश्वयुज—अलबीरूनी लिखता है कि "१५वें दिन जब चंद्रमा अपने अंतिम नक्षत्र रेवती में रहता है तब 'पुहाई' त्योहार होता है, वे एक दूसरे के साथ शास्त्रार्थ करते हैं तथा जानवरों के साथ खेलते हैं। यह वासुदेव के लिए प्रसिद्ध है क्योंकि उसके मामा कंस ने शास्त्रार्थ के लिए उसे अपने सम्मुख उपस्थित होने का आदेश दिया था।"[६] अलबीरूनी द्वारा दी गई यह तिथि भोज[७] के 'युक्तिकल्पतरु' में दी गई तिथि से मिलती है। लेकिन अलबीरूनी ने त्योहार की प्रसिद्धि की जो कथा दी है वह किसी भी समकालीन लेखक से अनुमोदित नहीं होती।

गुजरात में इस मास में एक त्योहार मनाया जाता था, जिसमें पत्नी के साथ से पति मालपुआ खाता था।[८]

१६ आश्वयुज—अलबीरूनी के अनुसार "१६वीं (तिथि) को एक पर्व होता है क्योंकि वे ब्राह्मणों को दान देते हैं।"[९]

इस दिन के त्योहार का अलबीरूनी युगीन किसी भारतीय लेखक ने कोई जिक्र नहीं किया है।

२३ आश्वयुज—अलबीरूनी कहता है कि "२३ को जब चंद्रमा ७वें नक्षत्र पुनर्वसु पर होता है तब 'अशोक' त्योहार होता है, 'आहोई' भी कहा जाता है। यह आनंद और शास्त्रार्थ का दिन है।"[१०]

उत्तरी भारत में आज भी 'अशोक' वृक्ष की पूजा की जाती है, आनंदोत्सव मनाया जाता है। हो सकता है, यह वही पर्व हो।

---

१ देशीनाममाला १.३२।
२ कुमारपालभूपालचरित् ७.१०९–१०।
३ राजशेखर : प्रबंधकोश 'हेमसूरि प्रबंध' ४७।
४ जिनमंडन : कुमारपालप्रबंध ६१।
५ **समाधान,** पृ० ९९।
६ *AI.*, Vol. II, p. 180.
७ **युक्तिकल्पतरु,** पृ० १७७।
८ **देशीनाममाला** ६.८१।
९ *AI.*, Vol. II, p. 180.
१० *AI.*, Vol. II, p. 180.

कार्तिक मास (अक्टूबर-नवम्बर)

१ कार्तिक--अलबीरूनी के अनुसार "प्रथम कार्तिक या नवीन चंद्रमा का दिन, जब सूर्य तुला राशि में रहता है 'दीपावली' कहा जाता है।" लोग सबसे पहले स्नान करते हैं, वस्त्र धारण करते हैं, एक दूसरे को पान और सुपाड़ी का उपहार देते हैं। वे सवार होकर दान देने के लिए मंदिर जाते हैं और दोपहर तक प्रफुल्लतापूर्वक एक दूसरे के साथ क्रीड़ा करते हैं। रात में वे प्रत्येक स्थान पर अनेक संख्याओं में दीप जलाते हैं जिससे वायु पूर्णत: स्वच्छ हो जाती है। इस त्योहार का कारण यह है कि वासुदेव की पत्नी, लक्ष्मी, साल में एक बार इस दिन विरोचन के पुत्र बलि को जो सातवीं पृथ्वी (पाताल) पर बंदी है, बंधनमुक्त करती हैं और उसे संसार में बाहर जाने देती हैं। इस प्रकार यह त्योहार 'बलिराज्य' अर्थात् 'बलि का राज्य' कहा जाता है। हिंदू मानते हैं कि कृतयुग में यह समय भाग्य का दिन था और वे प्रसन्न होते हैं क्योंकि इस त्योहार का समय कृतयुग के उस समय के बराबर है।"[१]

मेरुतुंग[२] ने सिद्धराज संबंधी कथा का निरूपण करते हुए 'दीवाली' उत्सव का वर्णन किया है। इस अवसर पर 'महालक्ष्मी' की पूजा होती थी। यह पूजा दीवाली के दिन के पहले होती थी। कोल्हापुर में 'महालक्ष्मी' की पूजा दीवाली के दिन से पहले हुई थी यह सिल्हारों के एक विरुद्ध 'श्रीमहालक्ष्मीदेवी-लब्ध-वर-प्रसाद' से विदित होता है।[३] अत: लक्ष्मी से संबंधित अलबीरूनी का कथन सही है। यद्यपि अलबीरूनी ने भ्रमवश अपने विवरण में लक्ष्मीपूजा, दीवाली और बलिपूजा तीनों को एक साथ वर्णित किया है। हेमचन्द्र ने द्वयाश्रय में 'बलिपूजा' के लिए 'बलिमह' कहा है, जिसे भाष्यकार अभयतिलकगणि ने स्पष्ट करते हुए 'बलिराज्यदिन' संबोधित किया है। भविष्यपुराण के आधार पर अभयतिलकगणि का कथन है कि 'बलिमह' उत्सव दीवाली की रात से प्रारम्भ होता था। असल में दूसरा दिन ही 'बलिमह' उत्सव का था जिसमें औरतें एक दूसरे की अभ्यर्थना करती थीं।[४]

दीवाली हिंदुओं का बहुत पुराना त्योहार है। नीलमत[५], स्कंद[६], पद्म[७], वाराह और भविष्यपुराणों को उद्धृत करते हुए हेमाद्रि[८], नागानंद[९] और वात्स्यायन[१०] इसकी प्राचीनता

---

१ *AI.*, Vol. II, p. 182 ; *Gardizi*. MSS. 219 A.

२ **प्रबंधचिंतामणि** (Tr. Tawny.) III. **प्रबंधचिंतामणि** (संपादक जिनविजय मुनि) ७२।

३ Gode, P. K.: *Some Notes on the History of Diwali Festival*, ABORI, XXVI, 237.

४ द्वयाश्रय ३.३२।

५ **नीलमतपुराण** (लाहौर संस्करण), ४२ श्लो० ४०५–१५ Ed. D. Verse श्लो० 398—406.

६ **स्कंदपुराण,** वैष्णवखंड, अ० ९।

७ **पद्मपुराण,** उत्तरखंड अ० १२२।

८ **चतुर्वर्गचिंतामणि,** कालनिर्णयखंड, पृ० ९१४–१५।

९ **वागानंद** अ० ४।

१० वात्स्यायन : **कामसूत्र** १.४.४३।

की पुष्टि करते हैं। कार्त्तिक अमावस्या की गहन रात्रि में इस त्योहार का आयोजन किया जाता था। 'ब्रह्मपुराण' का उद्धरण देते हुए लक्ष्मीधर[1] और चंडेश्वर[2] ने इस त्योहार को 'सुख सप्तिका' के नाम से अभिहित किया है। भोज[3] ने इसे 'सुखरात्रि' नाम से संबोधित किया है। इस अवसर पर भूखों को भोजन और दान दिया जाता था। रात में सर्वत्र दीप जलाये जाते थे तथा लक्ष्मी की पूजा की जाती थी। इसीलिए जीमूतवाहन[4] ने भी इसे 'सुखरात्रि' कहा है। सोमदेव[5] के अनुसार इस पर्व पर सब स्थान दीपमालिकाओं से सुसज्जित लोग आनंदविभोर हो जाते थे।

जीमूतवाहन[6], लक्ष्मीधर[7] और चंडेश्वर[8] स्पष्ट करते हैं कि दीवाली कार्त्तिक अमावस्या के बाद प्रतिपदा को मनायी जाती थी। कार्त्तिक अमावस्या बलिराज प्रवर्त्तिनी थी।[9] इस दिन को सुबह लोग जुआ खेलते थे। जूए का हारना और जीतना व्यक्ति के अभाग्य और भाग्य का द्योतक था।[10] 'कृत्यतत्वार्णव' में इस त्योहार को 'द्यूत प्रतिपदा' कहा गया है।[11]

हेमचन्द्र ने इस त्योहार को 'दीपोत्सव पक्ष' कहा है, जिसे अभयतिलकगणि ने अपनी व्याख्या से 'दीपमालिका'[12], 'देशीनाममाला' में हेमचंद्र[13] ने इस त्योहार के संस्कृत शब्द 'दीवाली' और 'दीपमालिका' को देशी 'जक्खरत्ती' से स्पष्ट किया है। 'जक्खरती' वात्स्यायन[14] के 'यक्षरात्रि' का बिगड़ा रूप लगता है।

११ कार्त्तिक : देवोत्थनी एकादशी—अलबीरूनी का कथन है कि 'कार्त्तिक के महीने में जब चंद्रमा अपने अंतिम नक्षत्र रेवती में रहता है तो वह वासुदेव के जागने के उपलक्ष में व्रत का दिन होता है। यह 'देवोत्थनी' कहा जाता है, अर्थात् देव का उत्थान। इसके अतिरिक्त, दूसरी स्थिति जोड़ते हैं कि यह शुक्ल पक्ष का ग्यारहवाँ दिन होना चाहिए। उस दिन गौओं के गोबर से अपने को पोतते और गाय के दूध, मूत्र और गोबर की संपृक्ति लेकर व्रत तोड़ते हैं। यह दिन उन पाँच दिनों का पहला है जो 'भीष्म पांचरात्रि' कहे जाते हैं। वे वासुदेव के सम्मान में

---

१ **कृत्यकल्पतरु, नियत०** ४२१–२३।
२ **कृत्यरत्नाकर,** पृ० ४१०–११।
३ **राजमार्तण्ड,** ABORI, Vol. 36, p. 329.
४ **कालविवेक,** पृ० ४०३–४०४
५ **यशस्तिलकचंपू** (निर्णयसागर प्रेस, पृ० ५९७–९८) बुक ३, श्लोक ४६२–६६।
६ **कालविवेक,** पृ० ४०६–७।
७ **कृत्यकल्पतरु,** नियत० पृ० ४२१–२२।
८ **कृत्यरत्नाकर,** पृ० ४१०–११।
९ **कृत्यतत्वार्णव,** *HB.*, Vol. I, p. 607.
१० **कृत्यकल्पतरु, नियत०,** पृ० ४२२, *HB.*, **कृत्यरत्नाकर,** पृ० ४११।
११ **कृत्यतत्वार्णव,** HB., Vol. I, p. 607.
१२ **द्वयाश्रय** २.१०६।
१३ **देशीनाममाला** ३.४३।
१४ **कामसूत्र** १.४.४३।

उस बीच उपवास करते हैं। उनमें से दूसरे दिन ब्राह्मण उपवास तोड़ते हैं, जिनके बाद अन्य लोग।[१]

भोज[२], लक्ष्मीधर[३] और चंडेश्वर[४] ने देवोत्थनी एकादशी पर विस्तार से लिखा है। यह त्योहार अत्यन्त महत्वपूर्ण था। रात में वेद और पुराण का पाठ किया जाता था। देव के स्वागतार्थ गाने-बजाने का आयोजन निष्पन्न होता था। वैष्णव लोग वासुदेव की कीर्त्ति और जीवन पर व्याख्यान देते थे। बारहवें दिन वासुदेव को घी, तेल और शहद में स्नान कराया जाता था।[५] द्वयाश्रय पर भाष्य करते हुए अभयतिलकगणि[६] ने भी इस त्योहार को 'विष्णु के जागने का दिन' निर्देशित किया है। चालुक्य आश्रित शासक वेजल्लदेव के ११७३ ई० के एक अभिलेख से विदित होता है कि इस अवसर पर उसने उपवास किया था।[७] 'हरिभक्तिविलास' से पता लगता है कि इस त्योहार का दूसरा नाम 'प्रबोधिनी एकादशी' था तथा कृष्ण का जुलूस निकलता था[८]। आज भी काशी में कुछ वैष्णवोपासक इस दिन स्थान-स्थान पर श्रीकृष्ण को जुलूस में लेकर निकलते हैं।

कार्त्तिक पूर्णिमा—अलबीरूनी लिखता है कि 'उसी महीने में जब पूर्ण रूप से चंद्रमा रहता है, वे कृष्णपक्ष के सभी दिनों तक ज्योनार करते हैं तथा अपनी स्त्रियों को सज्जित करते हैं।[९]

कार्त्तिक की चतुर्दशी या पूर्णिमा का दिन अत्यन्त पावन समझा जाता है। लक्ष्मीधर[१०] और चंडेश्वर[११] ने पूर्णिमा की पावनता का विशद वर्णन किया है। स्नान के बाद स्त्रियाँ फल वाले वृक्ष का पूजन करती थीं। यह व्यवहार था कि सबसे पहले भेंट संतानवाली औरतों को जाता था। उत्सव में मित्रों, सेवक, संबंधी, सभी लोगों को भोजन कराया जाता था। अभयतिलकगणि[१२] ने कार्त्तिक पूर्णिमा की पवित्रता और पावनता का उल्लेख किया है।

आज भी वाराणसी में 'कार्त्तिक मास' को 'पुरुषोत्तम मास' कहा जाता है तथा पूरे कार्त्तिक मास तक अधिकांश हिंदुओं द्वारा गंगास्नान और देवपूजन होता है। कार्त्तिक पूर्णिमा के दिन सभी प्रफुल्ल होकर व्रत रहते हैं, दान देते हैं और पुरुषोत्तम का पूजन-अर्चन करते हैं।

---

१ *AI.*, Vol. II, p. 177.

२ **राजमार्तण्ड**, ABORI, Vol. 36, p. 315.

३ **कृत्यकल्पतरु, नियत०** पृ० ४२७।

४ **कृत्यरत्नाकर,** पृ० ४२० और ४२७।

५ **कृत्यकल्पतरु, नियत०** पृ० ४२६-२९; **कृत्यरत्नाकर,** पृ० ४२०-२२ और ४२६-२७।

६ **अभयतिलकगणि का द्वयाश्रय पर भाष्य,** ३.२५।

७ *IA.*, XVIII, p. 83.

८ **हरिभक्तिविलास** अ० १६, श्लोक १७६—१९८।

९ *IA.*, Vol. II, p. 182.

१० **कृत्यकल्पतरु, नियत०** पृ० ३२५—२६।

११ **कृत्यरत्नाकर,** पृ० ४१३—१४।

१२ अभयतिलकगणि का द्वयाश्रय पर भाष्य—७.६९, भा० २, पृ० ३०७।

मार्गशीर्ष या अगहन मास (नवम्बर-दिसम्बर)

३ मार्गशीर्ष—अलबीरूनी लिखता है कि तीसरी मार्गशीर्ष, 'गुवान-बात्रीज' (तृतीया) कहलाती है, जो औरतों का त्योहार है, गौरी को पवित्र है। वे अपने में से अमीरों के घर इकट्ठा होती हैं, वे देवी की अनेक रजतमूर्तियाँ सिंहासन पर रहती हैं, धूप देती हैं और पूरे दिन एक दूसरे के साथ क्रीड़ा करती हैं। दूसरे दिन सुबह दान देती हैं।[१]

चंडेश्वर[२] और हेमाद्रि ने[३] इसका उल्लेख किया है कि इस दिन गौरी का पूजन होता था, और यह दिन शुक्ल पक्ष का था। किन्तु अलबीरूनी ने शुक्लपक्ष अथवा कृष्ण पक्ष का उल्लेख नहीं किया है।

१५ मार्गशीर्ष—अलबीरूनी के अनुसार "उसी महीने का पूर्ण चंद्रमा का दिन औरतों के दूसरे त्योहार का दिन है।"[४]

चतुर्दशी या पूर्णिमा के दिन लक्ष्मीधर[५] और चंडेश्वर[६] ने हिमपूजा का निदश किया है, जो विशेषकर स्त्रियों का त्योहार था। इस संबंध में अलबीरूनी का कथन सही है।

पौष मास (दिसम्बर-जनवरी)

अलबीरूनी लिखता है कि पौष महीने के अधिकांश दिनों में, वे काफी मात्रा में 'पूहबल' तैयार करते हैं, अर्थात् मिठाई, जिसे वे खाते हैं।[७]

लक्ष्मीधर[८] और चंडेश्वर[९] के अनुसार इन पर्वों का, पवित्रता के विचार से, अधिक महत्त्व था।

८ पौष—पौष कृष्ण-पक्ष में मुख्यतः दो पर्व के दिन रहे हैं। किन्तु अलबीरूनी ने कृष्ण-पक्ष के एक ही पर्व का दिग्दर्शन कराया है। वह लिखता है कि 'कृष्णपक्ष के आठवें दिन को 'साकार्तम' कहा जाता है। वे शलजम खाते हैं।[१०] लक्ष्मीधर[११] और चडेश्वर[१२] के अनुसार इस दिन लोग वनस्पति खाते हैं।

---

१ *IA*., Vol. II, p. 182.
२ **कृत्यरत्नाकर**, पृ० ४५२–५३।
३ **चतुर्वर्गचिंतामणि**, भा० २, पार्ट १, पृ० ४०२–३।
४ *AI*., Vol. II, p. 183.
५ **कृत्यकल्पतरु**, नियत० ४३३–३४।
६ **कृत्यरत्नाकर**, पृ० ४७८–७९।
७ *AI*., Vol. II, p. 182.
८ **कृत्यकल्पतरु**, नियत० पृ० ४३४।
९ **कृत्यरत्नाकर**, पृ० ४७८–७९।
१० *AI*., Vol. II, p. 183.
११ **कृत्यकल्पतरु, नियत०** पृ० ४३४।
१२ **कृत्यरत्नाकर**, पृ० ४७८–७९।

६ पौष—अलबीरूनी के अनुसार शुक्ल पक्ष के छठे पौष को सूर्य के सम्मान में व्रत रहता है।[१]

अलबीरूनी के समसामयिक भारतीय ग्रंथों में इसका कोई उल्लेख नहीं मिलता है लेकिन अलबीरूनी के विवरण से यह स्पष्ट है कि उस समय इसका कुछ न कुछ अस्तित्व अवश्य रहा होगा।

८ पौष—अलबीरूनी लिखता है कि पौष शुक्ल पक्ष के अष्टमी के दिन जिसे 'अष्टक' कहा जाता है, वे ब्राह्मणों को जुटाते हैं, उन्हें बथुए–अर्थात् अरबी में सरमक–के पौधे से तैयार हुई थालियाँ उपहार में देते हैं और उन पर अपना ध्यान प्रदर्शित करते हैं।[२]

भविष्यपुराण को उद्धृत करते हुए चंडेश्वर[३] कहता है कि यह दिन महादेव के लिए पवित्र था। इस अवसर पर विशेष रूप से ब्राह्मण भोजन करते थे। यह शैव त्योहार था।

माघ मास (जनवरी-फरवरी)

३ माघ—अलबीरूनी लिखता है कि "तीसरा माघ, औरतों का त्योहार है और गौरी को पवित्र है, 'महात्रीज' (माह–तृतीया) कहलाता है। वे अपने में से अत्यधिक प्रमुख घरों में गौरी की प्रतिमा के सामने जुटती हैं, इसके पहले वे अनेक बहुमूल्य वस्त्र, मनभावन गंध और उत्तम भोजन रखती हैं। प्रत्येक मिलन स्थान में वे १०८ पानी से भरा पात्र रखती हैं और पानी के ठंढे हो जाने के बाद वे उस रात की चार पहर को चार बार स्नान करती हैं, दूसरे दिन वे दान देती हैं, भोजन कराती हैं, और अतिथि सत्कार करती हैं। औरतों का ठंढे पानी से नहाना इस महीने के लिए सामान्य है।"[४]

इस त्योहार के बारे में एक दूसरे स्थान पर वह और कहता है कि माघ का तीसरा दिन औरतों के लिए उपवास का है, मर्दों के लिए नहीं। यह 'गौर–त–र' (गौरी–तृतीया) कहा जाता है और सारे दिन-रात रहता है। दूसरे दिन सुबह वे अपने पति के निकटतम संबंधियों को उपहार देती हैं।[५]

चंडेश्वर[६] के विवरण से अलबीरूनी का कथन अनुमोदित होता है। इस त्योहार को चंडेश्वर ने 'रसकल्याणीव्रतम्' नाम से अभिहित किया है। लेकिन अलबीरूनी की तरह वह यह नहीं कहता कि १०८ पात्रों में रखे गये ठंढे पानी से उस रात की चारपहर में चार बार औरतें स्नान करती हैं। लक्ष्मीधर[७] इस त्योहार का उल्लेख औरतों के विशेष संदर्भ में अवश्य करता है लेकिन वह त्योहार का दिन शुक्लपक्ष के माघ की चौथी रात्रि निर्देशित करता है।

---

१ *AI.*, Vol. II, p. 177.
२ *Ibid.*, p. 183.
३ **कृत्यरत्नाकर**, पृ० ४८०–८२।
४ *AI.*, Vol. II, p. 183, *Gardizi*, MSS., p. 219 B.
५ *Ibid.*, p. 177.
६ **कृत्यरत्नाकर**, पृ० ४९८–५००।
७ **कृत्यकल्पतरु, नियत०**, पृ० ४३७–३८।

चंडेश्वर[१] ने भी यही तिथि उल्लिखित की है। उसके अनुसार इस महीने के चौथे और पाँचवे दिन क्रमशः 'वर चतुर्थी' और 'श्रीपंचमी' के नाम से प्रसिद्ध थे, जो 'विनायक' के लिए पवित्र थे।[२] जीमूतवाहन[३] ने इस त्योहार पर गणेश की पूजा का विधान किया है और पौष के केवल चौथे दिन सम्पन्न करने का निर्देश किया है। वह आगे कहता है कि यह व्रत का दिन था और औरतें गुरु की पूजा करती थीं। भोज[४] के अनुसार ये दिन 'श्री' के लिए भी विख्यात थे।

२३ माघ—अलवीरूनी कहता है कि "२३वीं (तिथि) को, जिसे 'मांसर्तक' कहा जाता है, और 'महातन' भी, वे अतिथियों को आदरित करते हैं और उन्हें मांस तथा बड़ी काली मटर खिलाते हैं।"[५]

इस अंश को फारसी में अनूदित करते वक्त 'गरदीजी'[६] ने २३वें दिन को २७वां कर दिया है और 'मांसर्तक' को 'मंसडतक' तथा 'माहातन' को 'हमातान'।

इस त्योहार का भारतीय ग्रंथों में कोई उल्लेख नहीं मिलता।

२९ माघ—अलवीरूनी के अनुसार 'इस मास के अंतिम दिन अर्थात् २९वीं को, जब केवल ३ दिन–मिनट अर्थात् डेढ़ घंटे बचे होते हैं, सभी हिन्दू पानी में घुसते हैं और उसमें सात डुबकियाँ लगाते हैं।"[७]

अलवीरूनी द्वारा उल्लिखित इस त्योहार का भी भारतीय ग्रंथों द्वारा कोई पुष्टि नहीं होती।

१५ माघ—अलवीरूनी लिखता है कि "इस महीने का पूर्ण चंद्रमा का दिन 'चामाह' कहा जाता है। वे ऊँचे स्थानों पर दीप जलाते हैं।"[८]

मध्ययुगीन भारतीय लेखकों ने इस महीने की पूर्णिमा के किसी पर्व का वर्णन नहीं किया है। अलवीरूनी के भारतीय त्योहारों को अनुवाद करनेवाले लेखक गरदीजी ने भी इस अंश को छोड़ दिया है। लक्ष्मीधर[९] और चंडेश्वर[१०] ने इस दिन पितरों को तिल देने के लिए निर्देशित किया है।

---

१ कृत्यरत्नाकर, पृ० ५०३।

२ वही, पृ० ५०४।

३ कालविवेक, पृ० ४११, ABORI, Vol. 36, p. 331.

४ राजमार्तण्ड

५ *AI.*, Vol. II, p. 183.

६ *Gardizi*, MSS., p. 220. A.

७ *AI.*, Vol. II, p. 183.

८ *AI.*, Vol. II, p. 183.

९ कृत्यकल्पतरु, नियत० पृ० ४३८–३९।

१० कृत्यरत्नाकर, पृ० ५१२–१३।

फाल्गुन मास (फरवरी-मार्च)

८ फाल्गुन—अलबीरूनी कहता है कि "८ फाल्गुन को 'पूरार्टाकु' कहा जाता है, वे ब्राह्मणों के लिए आटे और मक्खन (घी) के अनेकानेक भोजन बनाते हैं।"[१]

अलबीरूनी ने अपने इस कथन में यह निर्देश नहीं किया है कि यह त्योहार कृष्णपक्ष के आठवें दिन मनाया जाता था। लक्ष्मीधर[२] और चंडेश्वर[३] ने फाल्गुन के कृष्णपक्ष के दिन सीता के जन्म दिन का उत्सव नियोजित करने का विधान किया है। इस अवसर पर ब्राह्मण, मित्र और संबंधियों को भोजन कराया जाता था।

१६ फाल्गुन—अलबीरूनी के अनुसार "दूसरे दिन अर्थात् १६ को 'शिवरात्रि' कहा जाता है, वे रात भर महादेव की पूजा करते हैं, जागते रहते हैं, सोने के लिए लेटते नहीं और उस पर धूप और फूल चढाते हैं।"[४]

अलबीरूनी ने शिवरात्रि के लिए फाल्गुन का जो '१६वां' दिन बताया है, वह गलत है। फारसी में इसी का अनुवाद गरदीजी ने भी किया है।[५] वस्तुतः इस त्योहार का दिन फाल्गुन के कृष्णपक्ष का १४वां होना चाहिए।

लक्ष्मीधर[६] और चंडेश्वर[७] ने फाल्गुन कृष्ण के १४वें दिन ही शंकर की पूजा करने की व्यवस्था दी है। लोग सारी रात जागते थे, नृत्य तथा गायन में निमग्न रहते थे तथा शिव संबंधी कथाओं को सुनते थे।

उत्तरी और मध्यभारत में शिवरात्रि विख्यात और जनस्वीकृत पर्व था। कश्मीर में यह त्योहार राजा और प्रजा दोनों में समान रूप से प्रचलित था। वहाँ के शासक इस पर्व के दिन दान दिया करते थे।[८] राजपूताना और मध्यप्रदेश के कुछ अभिलेखों से विदित होता है कि शिवरात्रि पर्व मनाया जाता था, किंतु इन्हे माघ में आयोजित होने का निर्देश किया गया गया है।[९] आज के पंचांगों के अनुसार माघ कृष्ण त्रयोदशी के दिन शिवरात्रि का व्रत किया जाता है। यह व्रत फाल्गुन कृष्ण महाशिवरात्रि उत्सव से ठीक एक महीने पहले किया जाता है। इन अभिलेखों में संभवतः इसी व्रत का उल्लेख है।

२३ फाल्गुन—अलबीरूनी लिखता है कि "तेइसवें दिन, जो 'पूयत्तान' कहा जाता है, वे मक्खन (घी) और चीनी के साथ चावल खाते हैं।"[१०]

---

[१] *AI.*, Vol. II, p. 183.

[२] **कृत्यकल्पतरु**, नियत०, पृ० ४३९।

[३] **कृत्यरत्नाकर**, पृ० ५१८।

[४] *AI.*, Vol. II, p. 184.

[५] *Gardizi* MSS., p. 220. A.

[६] **कृत्यकल्पतरु**, नियत० पृ० ४४०।

[७] **कृत्यकल्पतरु**, पृ० ५२०–२९।

[८] राजतरंगिणी १.१६६, ८.७० और १११।

[९] *EI.*, XI, 31—32 (Inscription 1115 A.D.); *Ibid*, 45 (Inscription 1153 A.D.); *Ibid.*, XXI, p. 150 (Inscription 972 A.D.).

[१०] *AI.*, Vol. II, p. 183.

यह शुक्ल पक्ष का आठवां दिन था। मध्ययुगीन ग्रंथों में इसका उल्लेख नहीं मिलता।

१५ फाल्गुन––अलबीरूनी लिखता है कि फाल्गुन के पूर्ण चंद्र (पूर्णिमा) का दिन 'औदाद' या 'धोल' (अर्थात् दोल) औरतों के त्योहार का है, जब वे उन स्थानों में आग जलाते हैं जो उन स्थानों से नीचे हैं जहाँ वे 'चामाह' पर्व में जलाते हैं और वे आग को गाँव के बाहर फेंक देते हैं।"[१]

यह हिन्दुओं का प्रमुख त्योहार होली है, जिसे स्त्री-पुरुष सभी सोत्साह मनाते हैं। परम्परा से इस त्योहार में 'होलिका' जलने और रंग-गुलाल खेलने की व्यवस्था रही है। अलबीरूनी का 'धोल' या 'दोल', 'होली'––'होलिका' या 'दोलयात्रा' से मिलता हैं। गरदीजी[२] ने इसे 'होली' नाम से फारसी में अनूदित किया है तथा इस त्योहार को केवल औरतों के लिए ही व्यवहृत बताया है।[३] फाल्गुन की पूर्णिमा को होनेवाले 'दोल' नामक दूसरे त्योहार का उल्लेख हेमचन्द्र ने भी किया है।[४] भाष्यकार अभयतिलकगणि[५] के अनुसार इस अवसर पर बच्चे एक कमरे में ले जाये जाते थे, जहाँ उन्हें अच्छा भोजन (पकवान) करवाया जाता था तथा इस दिन सभी लोग सो नाथ मंदिर में जाकर पूजा करते थें। भोज[६] के अनुसार इस त्योहार पर रंग और गुलाल फेंके जाते थे।

ऊपर के विश्लेषण से स्पष्ट है कि पूर्वमध्ययुगीन भारतीय समाज में पूरे वर्ष भर विभिन्न तिथियों पर अनेक त्योहार और व्रत सोल्लास मनाये जाते थे, जो आज भी किसी न किसी रूप में हिन्दू समाज में प्रचलित है।

---

१ *Ibid.*, p. 183.

२ Sachau, *op. cit.*, Vol. II, p. 377.

३ *Gardizi*, MSS., p. 220 A.

४ द्वयाश्रय, ५.१४१।

५ अभयतिलकगणि—द्वयाश्रय, ५.१४१।

६ राजमार्तण्ड, ABORI, Vol. 36, p. 332, Verses, 227—8.

अग्नि—एक वैदिक विश्लेषण

राधाकान्त ओझा,

प्राच्य विद्या एवं धर्म विज्ञान संकाय, का० हि० वि० वि०

विश्व की रचना में सर्वप्रथम अग्नि की उत्पत्ति बतलाई गई है। भाषा विज्ञान के अनुसार अग्रि शब्द ही अग्नि शब्द के रूप में परिवर्तित हो चुका है। परमात्मा ने सबसे पहले अग्नि को पैदा किया, अतएव उसे अग्रि कहा गया। देवताओं ने उसे ही अग्नि कह कर पुकारा।[१] देवों के अग्रज होने के कारण, प्रेय के लिए पूर्व आविर्भूत अग्नि की अग्रिता को उस विराट् पुरुष ने भी स्वीकार किया।[२] अग्नि ही विश्व की प्रथम ज्योति है,[३] जिससे सारा जगत् प्रकाशित हुआ। पंच महातत्त्वों में सर्वप्रथम अग्नि का प्रादुर्भाव जगत् कल्याणार्थ हुआ। "प्रजापति ने देवताओं की सृष्टि करते समय प्रथम अग्नि को ही उत्पन्न किया।"[४] प्रजापति ने अग्नि से कहा कि पुत्रों में तुम ही ज्येष्ठ पुत्र हो।[५] उसी अग्नि ने पस्त्यों में प्रथम जन्म लिया।[६] देवताओं और असुरों के युद्ध में अग्नि का सेनानी होना निरुक्त में कहा गया है।[७] अग्नि वरुण और ऋत का नेता और राजाओं का मित्र तथा जल को उत्पन्न करने वाला है।[८] अग्नि और ऋत का आविर्भाव तपस्या से हुआ है। अतः अग्नि ऋत का मित्र बतलाया गया है।

अग्नि शब्द की व्युत्पत्ति का विचार भी उचित है। 'इन्' धातु जाने के अर्थ में प्रयुक्त होता है "एत्येग्रे एतीति अग्निः" अर्थात् जो आगे की ओर बढ़े उसे अग्नि कहते हैं। 'अंग' धातु चमकने के अर्थ में प्रयुक्त होता है, उससे भी अग्नि शब्द की व्युत्पत्ति हुई है। "अंगयन्तीति अग्रयं जन्म प्रापयन्ति इति अग्निः"। आशय यह है कि जो देवतोद्देश्य से हवनीय पदार्थों का अग्नि में प्रक्षेप होता है, वह उन-उन देवताओं को पहुँचाता है। इस तरह के अग्नि की संख्या ६ है—जैसे गार्हपत्य, आह्वनीय, दक्षिणः, सभ्य, अवसथ्य और उपासना। ऊपर की ओर ही जलने वाला, अग्नि अपने में डाले गये हवनीय वस्तुओं को जला डालता है, जली हुई वस्तुओं का सारांश वायु के सहयोग से अन्तरिक्ष की ओर बढ़ता है उसका परिणाम वर्षा है। वर्षा से अन्नादिक की उत्पत्ति सर्वविदित ही है। उन फलादिकों पर चन्द्रमा की किरणों का सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है। अन्नफलादिकों पर गिरे ओस कण उन आकाशीय पिण्डों के तत्त्व हैं जिनके पुण्य क्षीण हो

---

[१] शतपथ ब्रा० ६,१,१,११—स यदस्याग्रमसृजत तस्मादग्रिरग्रिर्ह वैतमग्निरित्याचक्षते परोक्षं परोक्षकामा हि देवाः।

[२] शतपथ ब्रा०, २,२,४,२,।

[३] शतपथ ब्रा०—अग्निर्वा प्रथमा विश्व ज्योति ७,४,२; श० ब्रा० २,३,२,९।

[४] तैत्तरीय ब्रा० २,१,६,४।

[५] वही १,५,५,६।

[६] ऋग्वेद—स जायत प्रथमः पस्त्यासु—४, १,१३,।

[७] अग्निर्वै देवानां सेनानी—निरुक्त ६।१८।

[८] ऋ० वेद—६,४०,४।

चुके हैं (आध्यात्म रामायण)। वे ही तत्त्व अग्नि और फल के रूप में आकर प्राणियों के धातु रूप में परिणत हो जाते हैं और पुनः जन्म लेते हैं। अतः पारम्परिक रीति से अग्नि जीवों के जन्मादि का भी कारण है। अग्नि संहिता के ४९वें अध्याय के द्वारा अग्नि की उत्पत्ति की प्रक्रिया इससे कुछ भिन्न ही है, जिसे हम पौराणिक कल्पना कह सकते हैं। धर्म की वसु नाम की भार्या के प्रथम गर्भ से अग्नि का जन्म हुआ और उसका विवाह स्वाहा नाम की कन्या से हुआ। फिर अग्नि के पावक, पवमान और शुचि नाम के पुत्र पैदा हुए।

पौराणिक आख्यान

प्राचीन विद्वानों ने अग्नि के स्वरूप का वर्णन भी पुराणों में किया है। आदित्य पुराण में अग्नि का स्वरूप निम्न प्रकार से है। स्थूल शरीर, पीली भौंहे, सर पर केश और दाढ़ी, रोम सहित आँखें, रुद्राक्ष और उपवीत धारण करने वाला है तथा सप्तज्योति वाला अग्नि विश्व का पालन करता है। इसका वाहन बकरा है।

रूद्र कल्प में भी अग्नि का आकार प्रकार बतलाया गया है। रूद्र के तेज से उत्पन्न हुए अग्नि के दो मस्तक, दो नासिका, ४ कान, ३ पैर, ६ हाथ हैं। दक्षिण भाग में ४ हाथ और वाम भाग में ३ हाथ है। दक्षिण भाग वाले हाथों में स्रुव, स्रुच, शक्ति और माला धारित है। बायें हाथों में तोमर, व्यजन और पात्र सुशोभित हैं।

'गोभिलपुत्र कृत संग्रह' में कर्मानसार अग्नि के अनेक नाम कहे गये हैं। नये गृह प्रवेश में काम आने वाले अग्नि का नाम पावक है। गर्भाधान में मारुत, पुंसवन में चन्द्र, शुंगाकर्म में शोभन, सीमंत में मंगल, जातकर्म में प्रगल्भ, नाम कर्म में पार्थिव, अन्नप्राशन में शुचि, चूड़ाकरण में सत्य, यज्ञोपवीत में समुद्भव, गोदान में सूर्य, केशान्त में अग्नि, साग्निकर्तव्य में वैश्वानर, विवाह में योजक, चतुर्थीकर्म में शिखी, होमादि में घृति, प्रायश्चित्त में विधु, वाक् यज्ञ में साहस, लक्ष हवन में हुताशन, पूर्णाहुति में मृड, शान्तिकर्म में वरद, पौष्टिक कर्म में बलद, अभिचार में क्रोधाग्नि, वशीकरण में शमन, वरदान में अभिदूषक, कोष्ठ में जठर और अमृत भक्षण में क्रव्याद है।

आचार्य राज वल्लभ ने अग्नि के चार गुण माने हैं—वायुकफस्तम्भ, शीतकफनाशन, आमाशयजनन और रक्तपित्तकोपन। अग्नि के अन्य गुण भी निम्नलिखित हैं :—

अग्नेर्दुर्धर्षता ज्योतिस्तापः पाकः प्रकाशनम्।
शोको रोगो, लघुस्तैक्ष्णं सततं चोर्ध्वमासिता ॥[१]

दुर्धर्षता, ज्योति, ताप, पाक, प्रकाशन, शोक, रोग, लघु, तीक्ष्ण और हमेशा उर्ध्वज्वलन य अग्नि के गुण हैं। इस तरह दोनों मिलाकर अग्नि के १४ गुण हुए।

जठराग्नि के अन्य भी दशविध कर्मों का संकेत मिलता है :

भ्राजको रंजकश्चैव क्लेदकः स्नेहकस्तथा।
धारको बन्धकश्चैव द्रावकाख्यश्च सप्तमः ॥
व्यापकः पाचकश्चैव श्लेष्मको दशधा मतः।[२]

---

१ मोक्षधर्म।
२ पदार्थादर्श।

भ्राजक, रंजक, क्लेदक, स्नेहक, बन्धक, द्रावक, व्यापक, पाचक और श्लेष्मक—ये दश कर्म अग्नि के निर्दिष्ट हैं।

आयुर्वेद में अग्नि तीन प्रकार का बतलाया गया है—'भौम, दिव्य और उदर्य'।[१] भौम, नामक अग्नि काष्ठ से उत्पन्न होता है। ऊपर की ओर जलना इसका स्वभाव है। यह पाचन तथा पसीना इत्यादि को उत्पन्न करने में समर्थ है। द्वितीय प्रकार का अग्नि जल से उत्पन्न होता है। इसका आधार से पृथक् जलना ही स्वभाव है। उसे 'बाडव' कहते हैं। तृतीय प्रकार का अग्नि काष्ठ और जल से उत्पन्न होता है। यह भी आधाधार से पृथक् ही ज्वलनशील है। खाई गई वस्तुओं को रसादि के रूप में परिणत करना और विद्युत् पैदा करना इसका कार्य है। अन्नादि जठराग्नि से पकाये जाने पर खून पैदा होता है। खून अपने अग्नि से पचकर मांस के रूप में बदल जाता है। मांस स्वकोशस्थ अग्नि से मेद बनता ह। मेद से हड्डी, हड्डी से मज्जा और मज्जा से धातु बनता है।[२]

जठरानल के चार भेद हैं—सम, विषम, मंद और तीक्ष्ण।[३] इसमें मंद और तीक्ष्ण अग्नि के द्वारा अनेकानेक रोग उत्पन्न होते हैं। मन्दाग्नि से संग्रहणी आदि रोग होते हैं। तीक्ष्णाग्नि से शोणित का शोषण तथा धातुओं की न्यूनता हो जाती है, जिससे मनुष्य मरणासन्न हो जाता है। सम और विषम नामक अग्नि का फल नामानुसार है।

In middle-age economic insecurity or the prospect of a lost of sexual, virility, is frequently the occasion for a mental ailment. Leisure may become a critical problem at this time. The necessity of meeting old difficulties with lessened physical vigour and ability may signalise the onset of mental illness.

In this period the recognition of the hopelessness of childhood ambitions is also likely to occur. Children who go

wrong or fail to come up to their parents' expectations may be the occasion of a personality dissaster in their parents.The prospect depenence, the fear of growing old, and ever present fear of death are other critical declaration of bankruptcy. At all times, the loss of a mate or child or a long-held position, economic reverses, social tragedies, scandal, or severe disease may produce mental ailments.

Now we shall see how Indian culture effects mental ailments. Indian culture is in transition and another more modernized culture is entering in our traditional culture. Here, individual is socialized in the traditional culture but he has to act according to the expectation of modern culture otherwise he is seemed to be uncivilized and uncultured by modern men, on the other hand he is condemned by traditional men for his acts. This is the state of conflict for an Indian man and he blames for his acts comparing to traditional socio-cultural morals. This tendency of self-blame creates mental or psychosomatic illness. Thus, society forces the individuals to be a mental patient. If a society is unhealthy then how we can expect to the individuals about their healthiness ; it means our culture is being sick. According to the estimates of an expert committee appointed by Union Government of India under the chairmanship of Dr. A. Laxman Swami Mudaliar the ratio of mental patients in India is not less than 2 : 1000 of population. It means that about a million persons require hospitalization. However, this number does not include mental defectives and epileptics who are average about 1 in 200 population.[1] These are only recorded patients but we know more are unrecorded who are suffering from mental illness. No country has a really complete record of mental disorders among its population. Census of mental patients in mental hospitals or out-patient clinics are worthless.

Not only our Indian culture but whole cultures of all the societies of the world have now become sick. The mental

[1] 'Leader' Allahabad, Dec. 5, 1965 ; Vol. CCXXVI No. 20172.

hygiene expert Lawrence K. Frank, in his book "Society as the Patient", refers to the American culture as being "sick", mentally disordered and in need of treatment.[1] Read Bain, a Sociologist, speaks of 'Our Schizoid Culture'.[2] He regards the irrational and contradictory norms of Americans as "neurotic and psychotic societal behaviour". Emile Durkheim's analysis of suicide statistics shows that there is support for a theory that social cohesion can provide psychic support to individuals who undergo severe personal trauma and that suicide rates are a function of anomie—the absence of such social support.[3] R. K. Merton has proposed a more general theoretical formulation to explain how the social structure of a group experts pressure upon individuals to become conformists or innovators if they accept the normative cultural goals, or to show their rejection of these goals through ritualistic, retreatists, or rebellions behaviour.[4] The theoretical approaches which all claim that culture and social relationships are dynamic (or causal) factors in producing socially deviant or mentally disordered individuals.

Really, illness is a state of disturbance in normal functioning of the total human individual, including both the state of the organism as a biological system and of his personal and social adjustments. Many psychosomatic diseases which are influenced by social and cultural environment. For example, mental impotancy in men or frigidity in women from which the men or women suffer after failure in sexual contact with women or men. It is due to conflict between morality and immorality at the time of incest attempt. The impotent man and the frigid

---

2 Frank Lawrence K, Society as the Patient, New Brunswick, Rutgers University Press, 1949, p. 2.

2 Bain Read, "Our Schizoid Culture", Sociology and Social Research, Jan-. Feb. 1935, 19 : p. 266.

3 Durkheim Emile, Suicide—A Study in Sociology (translated from the French by John A. Spaulding and George Simpson), Free Press, Glencoe, 1961.

4 Merton Robert K., Social Theory and Social Structure, Free Press, Glencoe, 1949. See specially Chapter IV, "Social Structure and Anomie."

woman have one essential thing in common. They are both afraid. Indeed, it is usually fear which underlies their failure, and inhibits erection in the male, and a relaxed pelvic floor and patulous vagina in the female, while in every instance failure increases their guilt, despair, and further anxiety. This disease is caused fully due to condemnation for his immoral acts or failure in sexual contact due to some physical weakness. Another example mysophobia (fear of dirty things, washing hands) with obsessive-compulsive neurosis from which men and women suffer due to excessive masterbation and excessive condemnation for his acts judging it immoral. Obessional neurosis is due to too much control on sex. Not all but the man who is brought up in the religious family condemns for his acts and develops this type of disease. Here condemnation due to religious environment of family which has mae this type of personality of the individual. This religious environment of the family interferes in natural sexual development of the individual and due to this, most of our young men are being misguided and at last they become mental patient. So, our present attitude toward sex must be a realist one. The importance of sex enlightenment a necessary step toward successfully changing the increasing incidence of sexual maladjustment is aptly expressed by a Sociologist Robert Mac Iver.

"We should not be afraid on the truth about human behaviour. Knowledge of the facts would not cause immorality but it will remove false fears and unwise expectations. It will show what are true danger and what are imaginary one. We all agree that unenlightened guidance is bad where physical health is concerned. We must learn that it is no less bad when mental health is the issue. Only through knowledge of the facts we can deal intelligently with the serious problems of personality that arise in the area of sexual relations.

Our public assumptions are a morass of misdirections. We treat homo-sexuality as a crime, though itself it is no more criminal than an endocrine imbalance. We attach the ideas of abnormality or wickedness to manifestations of the sex drive

in the young that are profoundly natural. We associate their interests in sex with notions of unwholesomeness or 'uncleanness' that totally misrepresent the situation. We cannot give the direction here until we first acquire knowledge."[1]

It is inevitable that science of a sane sex life will be accepted by society as a major factor in achievement of better living. Like atomic energy, sex is a force which can be used to destroy soceity or to improve it. Really, most of the psycho-neurotic and psychosomatic ailments are due to sexual deviation and condemnation by individuals for their acts comparing with the morals of the sciety.

Here, abnormality (mental ailment) means deviation from a norm or standard, whereas ailment signifies a lack of vital ease. The deviant is defined by what it deviates from. Professor Parsons (1951)[2] subsumes emotional ailment as a special subtype under social deviance, interpreting it as one channel of expression for social discontent and alienation. In this view, motivated illness is functionally equivalent with crime, political rebellion, religious sectarianism. All of these are expressions of stresses and strains within the social system, and constitute a challenge to its dominant values. But there is this difference : deviance of the neurotic and psychotic is abetted by society as long as remains with in the confines of the (socially defined) "sick role". The psychiatric patient is that interesting curiosity, an officially sanctioned dissenter, but one whose challenge is attenuated by surrounding him as irresponsible, that is, as being in the grip of a 'condition' for which he needs help. By these means his sickness is largely divested of its element of social protest.

One can go with Parsons' premise that motivated illness is a suborder of social deviance without accepting his corrollary

---

[1] Mac Iver Robert M. Ph.D.—"Sex and the Social Attitudes" New American Library, N.Y. 1948—"About the Kinsey Report."

[2] Parsons Talcott. The Social System from Stern Paul J. The Abnormal Person and His World, D. Van Nostrand Company, INC. Princeton, New Jersey New York, London.

that "the apparent increase in chronic and mental illness in our society may constitute a diversion of tendencies to a deviation from other channels of expression into the role of illness, with consequences less dangerous to society than other alternatives might be." (This corrolary itself is based on an unproven premise, namely, that the incidence of mental illness has in fact increased in recent times in our society.).

In the end we can say boldly that the rates of mental illness can be reduced by modifying the social and cultural environment through fhe application of socioloical knowledge in the society. In the other words, if we want to change the individual or to cure the patient, at first, we should change the environment. Here, Parsons thesis can be extended to psychotherapy means that the therapists are primarily an agent of social control whose job is to reintegrate the patient into society. In order to do so, he has to be granted certain previleges and immunities. He must be allowed to enter temporarily alliances with his patients and to suspend for a whole some of basic tenets of his society.

References :

1 Herbert Goldhamer and Andrew W. Marshall, Psychosis and Civilization (Glencoe, I 11., Free Press, 1953).

2 Carney Landis and James D. Page, Modern Society and Mental Disease (New York : Farrar and Rinehart, Inc., 1939), p. 25.

3 For a recent review and evaluation of this approach see : Ernest M. Gruenberg, "The Epidemiology of Mental Disease", Scientific American Vol. 190, No. 3 (March, 1954) p. 38-42.

4 Lawrence K. Frank, Society as the Patient (New Brunswick : Rutgers University Press, 1949), p. 1.

5 Read Bain, "Our Schizoid Culture", Sociology and Social Research, Vol. 19 (Jan.—Feb., 1935), 266.

6 Emile Durkheim, Suicide : A Study in Sociology, translated from the French by John A. Spaulding and George Simpson (Glencoe, I 11. : Free Press, 1951).

7 Robert K. Merton, Social Theory and Social Structure (Glencoe, I 11. : Free Press, 1949). See especially Chapter IV, "Social Structure and Anomie."

8 Ralph Linton, The Cultural Background of Personality (New York Appleton Century Co., 1945) ; S. Stansfeld Sargent and Marion W. Smith, eds., Culture and Personality (New York : Viking Fund, 1949).

9 S. Kirson Weinberg, Society and Personality Disorders (New York, Prentice Hall, 1952), pp. 228—232, 255—258.

10 Joseph W. Eton and Robert J. Weil, "Psychotherapeutic Principles in Social Research—an interdisciplinary study of the Hutterites," Psychiatry, Vol. 14, No. 4 (Nov., 1951), Josph W. Eaton, "Social Processes of Professional Teamwork, " American Sociological Review, Vol., 16 No. 5 (October, 1951).

11 Surya Nath Prasad, "Social Conditioning of Mental Illness", Sachitra Ayurveda, Calcutta—16, January, 1969, pp. 401—402.

कबीर-पंथ की भगताही शाखा

विनोदकुमार सिंह

कबीर की मृत्यु के पश्चात् उनके नाम पर जो पंथ कायम हुआ, उसकी प्रमुख चार-पाँच शाखाओं में भगताही शाखा का प्रचार-प्रसार सर्वाधिक है। भगताही शाखा की स्थापना संत कबीर के शिष्य कहे जाने वाले संत भगवान् गोस्वामी ने की थी।

सिद्धांत

सैद्धान्तिक दृष्टि से कबीर-पंथ और भगताही शाखा में कोई तात्त्विक भेद नहीं है। ब्रह्म, जीव, जगत्, माया, मोक्ष आदि के संबंध में कबीर जैसे विचार ही इस शाखा के भी हैं।[१] केवल रीति-रस्म तथा पूजा-विधि में अन्य कबीरपंथी मतों से इस शाखा का ईषत् भेद है।

साधना

अन्य कबीरपंथी संत जहाँ परम तत्त्व की उपलब्धि के तीनों शास्त्र सम्मत साधनों– योग[२], ज्ञान और भक्ति पर समान बल देते हैं, वहाँ भगताही संत ज्ञान और भक्ति इन्हीं दो साधनों और इनमें भी भक्ति पर विशेष बल देते हैं। साधु हरिशरण गोस्वामी ने अपने ग्रंथ 'भक्ति पुष्पाञ्जलि' में इसी तथ्य को बड़े सुस्पष्ट रूप में अभिव्यक्त किया है :

अस्त्येतद्विदितं हि वेद विदुषां सद्धर्मनिष्ठावताम्।
मुक्तिर्नैव भवेच्छतो पकरणैर्ज्ञानं विना स्वात्मनः ॥
तज्ज्ञानं मनसो जयेन यमिनां निष्काम भक्त्या यतः।
तस्मात् बन्ध मुमुक्षवो विदधते भक्ति कलौ केवलाम् ॥[३]

---

१ संक्षेप में इस शाखा की सैद्धान्तिक मान्यताएँ ये हैं :

(क) परमात्म-तत्त्व और आत्म-तत्त्व पूर्णतः अभिन्न एवं अद्वैत हैं।

(ख) त्रिगुणात्मक प्रकृति से विकसित भौतिक जगत् भी परमात्म-तत्त्व से अभिन्न है।

(ग) ब्रह्म, जीव और जगत् के त्रिधाभेद का आभास माया किंवा अविद्या के कारण है।

(घ) परमात्मा त्रिगुणातीत अथवा निर्गुण ह।

(ङ) अद्वैत में द्वैत के अध्यास को समाप्त किये बिना परम गति संभव नहीं।

(च) जीव का चरम लक्ष्य 'पीव' में मिल जाना है।

२ नारायण गोस्वामी ने अपने 'भक्ति रत्नावली' नामक ग्रंथ में भक्ति को 'सुयोग' और हठयोगादि को 'कुयोग' की संज्ञा दी है :—

खेचरी भोचरी उनमुनी मुद्रा साध प्रवीन।
भक्ति सुयोग न साध किये भये कुयोगाधीन॥

३ भक्ति पुष्पाञ्जलि, पृ० ५ श्लोक १।

संत नारायण गोस्वामी ने भक्ति की साधना के बिना मुक्ति की कामना करने वाले को चन्द्र-सूर्य को उनकी किरणों को पकड़कर खींचने की मूर्खता करने वाला कहा है :

भक्ति विहीन विमुक्ति पद आस होत डर जाहिं ।
रवि ससि किरण समेट कर खैंचन चाहत ताहि ॥[१]

भक्ति के बिना परम सुख की प्राप्ति असंभव है ।[२] भक्त को संसार में किसी साधना की आवश्यकता नहीं ।[३] हरि से विमुख करने वाले लोभ, मोह, मद, क्रोध, शोक, संदेह आदि माया के दूतों का भक्ति सहज ही निवारण कर देती है ।[४] भक्ति का यत्न न करने वाला अंततः जीवन की संध्या में पछताता है । समय बीतने पर पछताने से बेहतर है समय पर चेत जाना ।[५]

भक्ति का मर्म है प्रेम[६] । प्रेम विहीन भक्ति मिथ्याडम्बर मात्र है[७] । प्रेम भक्ति को निष्काम बनाता है । सकाम भक्ति की भगताही संतों ने निंदा की है ।[८]

---

[१] भक्ति रत्नावली, पृ० ३१ छंद २ ।

[२] चहहि मूढ सुख भजन बिनु अधम अजान अबोध ।
युक्ति करत शठ मुकुर तिय होत न पूत प्रबोध ॥
—भक्ति रत्नावली, ३२।३

[३] भक्ति निपुणता जिन्ह लही तिन्हे अपर का जान ।
मलय परस मनि प्रीत गति पलटि न निज अस्थान ॥
—वही ३३।१७

[४] जिन्ह हरि पद चित बित करी कर्षत लोभ पयोधि ।
घटज सरिस तिन्ह तन धरी सकल अंग लइ सोधि ॥
—वही ३३।१९

सोक मोह संदेह भ्रम अमित ग्रसित भव रोग ।
संत पुकार न करत सठ भक्ति चिकित्सा योग ॥
—वही ३३।२२

[५] भक्ति यत्न बिनु सुनहु सठ पुनि पछितैहहु अंत ।
सौरभ पल्लव को करै होइहै बिगत बसंत ॥
—वही ६६।११०

[६] ज्ञान भक्ति वैराग्य को साधि प्रेम अनुकूल ।
—भक्ति रत्नावली, ६८।१३१

[७] करत भक्ति बिनु प्रीत को रस विशेष नहिं जानि ।
कमठ उरग जल जीव बहु झषन जियत बहु पानि ॥
—वही ३३।१३

[८] राग रहित बिनु भक्ति को खर शूकर धृग जन्म ।
वंचक वेष बनाइ जग छलत रहत अघ कर्म ॥
—वही ३४।२६

ज्ञान और भक्ति में अन्योन्याश्रय संबंध है। यही कारण है कि भगताही संतों ने विमल वैराग्य के लिए ज्ञान और भक्ति दोनों की साधना का उपदेश दिया है। ज्ञान और भक्ति मन के घनान्धकार को वैसे ही मिटा देते हैं जैसे सूर्य रात के अंधेरेपन को।[१]

इन्द्रिय निग्रह के बिना कोई भी साधना संभव नहीं। भगताही पंथ में निग्रह के लिए कुछ विधि निषेधों का विधान है। पंथ के अनुसार साधक को काम, क्रोध, लोभ, कपट, छल, दंभ, मद, मोह, तृष्णा, हिंसा, निद्रा, भय, मैथुन, आलस्य आदि का हर हालत में त्याग[२] तथा सत्य, शील, नम्रता, परोपकार, स्वल्प भोजन, मृदु भाषण, क्षमा, धीरज, अद्वेष, संतोष, अहिंसा और करुणा आदि का अपने में समावेश करना चाहिए।[३] धनौती मठ के साधु मुनीश्वरानन्द ने अपनी छोटी-सी पुस्तक 'मुमुक्षुओं के कर्तव्य' में इस पर अच्छी तरह विचार किया है। उनके अनुसार मन को मारने के लिए रजोगुण और तमोगुण पर सत्वगुण द्वारा और सत्वगुण पर उपरति द्वारा विजय पानी चाहिए। हरि-गुरु की कृपा और संतों के समागम से ही ऐसा संभव है।

रीति-रस्म

भगताही शाखा के प्रवर्तक भगवान् गोस्वामी कबीर मत को ग्रहण करने के पूर्व वैष्णव मत के हरिव्यासी सम्प्रदाय में दीक्षित थे। कबीर के मत को ग्रहण करने के बाद भी उन्होंने

---

१ जहाँ दिनेस प्रवेस तहँ रहत न तम लवलेस।
ज्ञान भक्ति बिनु यतन बहु मिटहिं न जीव कलेस।।

—वही ३४।२५

२ काम मद गयंद जिन मृगपति को स्वभाव कीन्हीं,
काम क्रोध बाढ़े वैन सीतल जल बुझावई।
लोभ बन्दरी को गहि सुवस नट रूप होई,
ताड़ना विशेष दे नचाइ के थकावई।
मोह कूकरी को द्वार भीतर न ठौर होवे,
ज्ञान के लबेदन मार तुरत खसावई।
अहं है चमारिन सो देह कौन परस राखे,
पीछे प्रभु चरन गहे स्थित दृढ़ सुबसावई।।

—वही ७८।१९

३ ज्ञान को कृपान क्षमा चर्म गहि ओट धारे,
शील की जमूर साजि उत्तम सवारि के।
नवनि को धनुष तीर तीक्षण विराग होवे।
पर की भलाई भाल जिनकर दृढ़ धारि के।
कठिन व्रत धर्म ताको कटि मो कटार बाँधे,
सुर की सुराई सांज सकलो विचारि के।
ऐसा अस्त्र हीन भक्त समर सो न यश पावे,
ताते भले पहिल ही जे बैठे घर हारि के।।

—वही ७९–२०

बहुत दूर तक वैष्णवाचार को अपनाये रखा। भगताही संतों के कथनानुसार उन्होंने ऐसा अपने हरिव्यासी गुरु के आग्रह पर किया। यही कारण है कि उपाधि, कंठी-माला, वेश, जनेऊ, तिलक आदि भगताहियों और हरिव्यासियों के समान हैं।

भगताही पंथ को मानने वाले मुख्यतः दो प्रकार के लोग हैं—साधु और गृहस्थ। साधु वे हैं जिन्होंने घर-बार छोड़ दिया है तथा सिर मुड़ाकर सफेद कौपीन धारण कर निस्पृह भाव से किसी मठ में या घूमते-फिरते ईश्वर के भजन भाव में लीन रहते हैं। सभी जाति और श्रेणी के लोग इस मत में दीक्षित हो सकते हैं, किंतु दीक्षित होने के पूर्व उन्हें कठिन परीक्षा देनी होती है। बिना परिवार के बुजुर्गों की अनुमति के किसी गृहस्थ को साधु नहीं बनाया जाता। अनुमति के बाद दीक्षित होने के अभिलाषी को गुरु सभी मतों की सामान्य जानकारी देकर पूछता है कि क्या वह अब भी भगताही भक्त बनना चाहता है? स्वीकारात्मक उत्तर के बाद वह समारोहपूर्वक चौका की तैयारी करवाता है—धरती लीप कर उस पर मिट्टी का कलश पल्लव सहित रख दिया जाता है। उसके आस-पास अगरवत्ती और धूप-दीप जला देते हैं। एक थाली में हल्दी, दूब, अरवा चावल आदि को मिला कर अक्षत बनाकर रखते हैं। दही और घिसा हुआ चंदन भी रखते हैं। सभी संतों के सामने दीक्षाकांक्षी को एक बार फिर दीक्षा की प्रार्थना करनी होती है। तब गुरु उसके हाथ में कंठी और जनेऊ देकर ललाट पर साम्प्रदायिक चंदन लगा देता है। इसके बाद चरणोदक पिलाकर शिष्य को गुरुमंत्र प्रदान किया जाता है। दीक्षोपरान्त गुरु की शिष्य तीन बार वंदना करता है, तदुपरांत अन्य संतों की वंदना करता है।

यहाँ तक की विधि साधु और गृहस्थ के लिए एक-सी होती है। किंतु कंठी लेने के बाद साधु बनने के आकांक्षी को कठिन परीक्षा देनी होती है। उसके आचार-विचार की सूक्ष्मता से जाँच की जाती है और मठ के सभी संत जब उसके शील स्वभाव से संतुष्ट हो जाते हैं और साधक दीक्षा की पुनः-पुनः याचना करता है तब उपर्युक्त विधि से ही उसे फिर दीक्षित किया जाता है।

दीक्षा के बाद यदि शिष्य निरक्षर है तो गुरु उसे साक्षर बनाता है और कबीर साहब के बीजक को धीरे-धीरे कंठाग्र कराता है।

दीक्षित गृहस्थ या साधु दोनों 'भक्त' कहे जाते हैं। हर भक्त के लिए कबीर साहब के बीजक का नियमित पाठ करना आवश्यक है। ख्याति प्राप्त साधु या महंथ गोस्वामी की उपाधि से विभूषित होते हैं।

अक्सर व्यवहार निपुण और निष्ठावान साधु ही महंथ बनाया जाता है। मठ के महंथ की मृत्यु के पश्चात् या इच्छा व्यक्त करने पर उसके जीवन काल में ही महंथ का निर्वाचन होता है। निर्वाचन भंडारे में उपस्थित सभी साधु और महंथ शाखा के प्रधान आचार्य धनौती सरकार के परामर्श से करते हैं। चादर प्रधान आचार्य प्रदान करते हैं। प्रधान आचार्य को अयोग्य, शिथिल और दुराचारी महंथ को महंथी से हटा देने का भी अधिकार है।

भगताही पंथ के सभी नियम-उपनियम 'अमल दस्तूरनामा उर्फ हिदायत नामा' नामक पोथी में विधिवत दर्ज हैं। बड़हड़वा मठ के कनिष्ठ महंथ रामरूप गोस्वामी के अनुसार इन

नियमों की सन् १९२० में ही धनौती के प्रधानाचार्य द्वारा अदालत में विधिवत् रजिस्ट्री हो चुकी है। उपर्युक्त पुस्तक के अनुसार सभी मठ और साधु नियमित होते हैं।

पूजा के रूप में गृहस्थ और भगताही संत केवल कबीर साहब के बीजक का नियमित पाठ करते हैं। पाठ के पूर्व और बाद में गुरु वन्दना की जाती है। गुरु के अतिरिक्त और किसी देवी-देवता या ग्रंथादि के पूजन का विधान नहीं है।

भगताही तथा कबीर मत की अन्य शाखाओं में अन्तर

(क) पूजा-विधि

भगताही और कबीर मत की अन्य शाखाओं के बीजक-पाठ में तनिक भेद है। जहाँ भगताही शाखा वाले बीजक का आरंभ 'अन्तर जोति शब्द एक नारी, हरि ब्रह्मा ताके त्रिपुरारी' से मानते हैं, वहाँ अन्य शाखाओं वाले 'जीव रूप एकअन्तर वासा, अन्तर जोति कीन्ह परगासा' से। भगताही शाखा में बीजक का अत्यधिक महत्व है। बीजक का पाठ संतों के लिए अपरिहार्य है। बीजक के अतिरिक्त न किसी ग्रंथ या देवी-देवता और उनके मंदिरों आदि के प्रति इस शाखा में आसक्ति और महत्त्व है न आरती, चौका, तिनकार्पण, जोत प्रसाद आदि उपचारों का विधान ही। हाँ, अपने आचार्यों और गुरुओं के प्रति भक्तिभाव और पूजा की प्रथा है। अन्य कबीरपंथी शाखाओं के मठों के समान इस शाखा में ध्वजा पताका आदि नहीं होते।

(ख) उपाधि

भगताही शाखा में दीक्षित साधक जहाँ भक्त कहलाता है वहाँ अन्य कबीर मतावलम्बी दास। प्रसिद्ध भगताही संत या महंथ 'गोस्वामी' शब्द से अभिहित होते हैं, अन्य शाखावलम्बी संत या महंथ 'साहब' कहे जाते हैं।

(ग) भेष और टीका

भगताही शाखा का साम्प्रदायिक चंदन कबीर पंथ की अन्य शाखाओं से भिन्न और हरिव्यासी वैष्णवों के अनुरूप होता है—फर्क केवल बेंदी का है। हरिव्यासी चंदन के घेरे के भीतर काली बेंदी करते हैं, भगताही सफेद। अन्य कबीरपंथियों का चंदन सीधा होता है।

भगताही संत सदा माथ मुड़ाये रहते हैं—दाढ़ी मूँछ सफाचट। अन्य शाखाओं के साथ ऐसा प्रतिबंध नहीं।

मठ

भारत में भगताही पंथ का सर्वाधिक प्रचार-प्रसार है। बड़हड़वा के कनिष्ठ महंथ श्री रामरूप गोस्वामी के अनुसार इस शाखा में लगभग ५५०० मठ हैं। भारत के अतिरिक्त मारीशस द्वीप में भी इस मत का प्रचार है। समग्र देश में इस मत के मानने वालों की संख्या लाखों में है। पंथ का संक्षिप्त इतिहास और सम्पूर्ण वंश वृक्ष 'चेतन पुराण' नामक ग्रंथ में—जो धनौती मठ में सुरक्षित है और जिसे किसी को देखने नहीं दिया जाता —संकलित है।

भगताही शाखा के मठों का आचार्य स्थान धनौती (सारन) है। धनौती में महंथ ही सभी मठाधीशों एवं संतों के प्रधान हैं। नये महंथों को चादर प्रधानाचार्य धनौती सरकार ही देते हैं। कहते हैं भगवान् गोस्वामी ने पिठौराबाद से आकर बिहार के चम्पारन जिला में

नारायणी नदी के किनारे चटिया बड़हड़वा (थाना गोविन्द गंज) में अपना मुकाम कायम किया। यहीं से इस मत का प्रचार-प्रसार प्रारंभ हुआ। पहले यह माना जाता था कि बड़हड़वा में ही इस मत की प्रधान गद्दी है। भगवान् गोस्वामी से लेकर बनवारी गोस्वामी तक पंथ के प्रधानाचार्य का निवास होने का सौभाग्य बड़हड़वा को ही प्राप्त था। श्री बनवारी गोस्वामी अपने ज्येष्ठ गुरुभाई श्री नयन गोस्वामी को, जो बड़हड़वा के महंथ न बन पाने के कारण रूठकर धनौती चले गये थे और नया स्थान बनाया था, मनाकर पुनः बड़हड़वा लाये और उन्होंने स्वयं बड़हड़वा के महंथ पद एवं पंथ के प्रधानाचार्य का सम्माननीय पद त्यागकर उस पर नयन गोस्वामी को अधिष्ठित किया था। किंतु नयन गोस्वामी बड़हड़वा में न रहकर धनौती में ही मुख्यतः रहते रहे और इस प्रकार धनौती एवं बड़हड़वा मठों का एक साथ संचालन धनौती से ही होने लगा। तभी से धनौती को ही प्रधानाचार्य की निवास भूमि होने के कारण पंथ की प्रधान गद्दी का स्थान माना गया। परमेश्वर गोस्वामी ने प्रबंध विषयक कठिनाइयों को देख कर बड़हड़वा मठ को पुनः स्वतंत्र कर दिया और अपने शिष्य रामप्रसाद गोस्वामी को वहाँ का महंथ बना दिया। आज-कल पंथ के प्रधानाचार्य धनौती की फांडी लहेजी (सीवान, सारन) में रहते हैं।

धनौती, लहेजी और बड़हड़वा के अतिरिक्त बिहार में इस शाखा के प्रसिद्ध मठ हैं मधुवनी, चनावे (थावे, सारन), बिद्दूपुर (मुजफ्फरपुर), दर्पा (चम्पारन), बैरगनिया (मुजफ्फरपुर), औराही (पूर्णिया), बुचुआ (पूर्णिया), तथवा नन्दपुर (चम्पारन), मानसर कुमना (सारन), सुखलहिया (चम्पारन), तुर्की (मुजफ्फरपुर), खोदाई बाग (सारन) आदि।

वंशावली

भगताही शाखा का सम्पूर्ण वंश-वृक्ष देना संभव नहीं है। इसलिए प्रधानाचार्यों का नामोल्लेख ही हो सकता है जो इस प्रकार है :

१—भगवान् गोस्वामी
|
२—घनश्याम गोस्वामी
|
३—उद्धोरण गोस्वामी
|
४—दमन गोस्वामी
|
५—गुणाकर गोस्वामी
|
६—गणेश गोस्वामी
|
७—कोकिल गोस्वामी
|
८—बनवारी गोस्वामी
|
९—नयन गोस्वामी
|

१०—भीष्म गोस्वामी
|
११—भूपाल गोस्वामी
|
१३—परमेश्वर गोस्वामी
|
१३—गुणपाल गोस्वामी
|
१४—शेषमणि गोस्वामी
|
१५—जयमन गोस्वामी
|
१६—हरिनाम गोस्वामी
|
१७—स्वरूप गोस्वामी
|
१८—रामरूप गोस्वामी
|
१९—रघुनन्दन गोस्वामी
|
२०—रामधारी गोस्वामी (वर्तमान)
|
२१—नरसिंह गोस्वामी (प्रधान शिष्य)।

बड़हड़वा मठ की वंशावली

ऊपर कहा जा चुका है कि भगवान् गोस्वामी से लेकर बनवारी गोस्वामी तक भगताही के प्रधानाचार्य का निवास बड़हड़वा था। नयन गोस्वामी से लेकर परमेश्वर गोस्वामी के काल तक बड़हड़वा मठ धनौती मठ द्वारा अनुशासित रहा। परमेश्वर गोस्वामी ने बड़हड़वा को स्वतंत्र कर दिया और अपने शिष्य रामप्रसाद को वहाँ का महंथ बनाया। रामप्रसाद गोस्वामी से लेकर आज तक की बड़हड़वा की वंशावली इस प्रकार है :

१—रामप्रसाद गोस्वामी
|
२—तुला गोस्वामी
|
३—गोपाल गोस्वामी
|
४—राम लगन गोस्वामी
|
५—राम खिलावन गोस्वामी (वर्तमान)
|
६—रामरूप गोस्वामी (प्रधान शिष्य)।

मानसर (कुमना, सारन) मठ की वंशावली

१—नारायण गोस्वामी
|
२—अजगैब गोस्वामी
|
३—गोपी गोस्वामी
|
४—द्वारका गोस्वामी
|
५—बालमुकुन्द गोस्वामी
|
६—जगदेव गोस्वामी
|
७—मेथी गोस्वामी
|
८—विश्वनाथ गोस्वामी } उच्च न्यायालय में महंथी के लिए मुक़दमा चल
नरसिंह गोस्वामी } रहा है, जिसमें अभी फैसला नहीं हुआ है।

साहित्य में असाम्प्रदायिकता

डॉ० विजयपाल सिंह

आचार्य एवं अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, का० हि० वि० वि०

आज-कल साहित्य शब्द का प्रयोग बहुत व्यापक अर्थ में होता है, जैसे वैज्ञानिक साहित्य, चिकित्सा साहित्य, कृषि साहित्य। अंग्रेजी का 'लिटरेचर' शब्द भी इतना ही व्यापक है या यह माना जाय कि लिटरेचर की व्याप्ति अधुना हिन्दी के साहित्य शब्द को मिल गई। पर यहाँ इस शब्द का प्रयोग हम जिस अर्थ में कर रहे हैं वह गद्य या पद्य रूप काव्य साहित्य है। काव्य और साहित्य पर्याय हैं। संस्कृत धातु 'धा' के स्थान पर 'हि' आदेश कर हित बनाते हैं जिसका अर्थ कल्याण है उसमें सम् उपसर्ग लगाते हैं। इस प्रकार साहित्य शब्द व्युत्पन्न होता है। अंग्रेजी का 'लिटरेचर' मूल शब्द 'लिटरा' से बना है जिसका अर्थ है लिखना। पर साहित्य की कोई ऐसी संकल्पना नहीं की जा सकती जिसमें मौखिक साहित्य नहीं शामिल किया जा सकता। वैदिक साहित्य बहुत काल तक मौखिक परम्परा में जीवित रहा। साहित्य का जर्मन पर्याय वोर्टकुन्स्ट और रूसी 'स्लोवेस्तोस्त' है। अर्थ की दृष्टि से ये शब्द लिटरेचर से अधिक उपयुक्त हैं। सबसे अच्छा यह है कि उन रचनाओं को या उनके इस अंश को साहित्य माना जाय, जिनका प्रयोजन रस होता है।

मनुष्य की रसात्मक क्रिया का अनूदन साहित्य है। इस क्रिया को रसानुभूति कहते हैं। रस आनन्द का पर्याय है। इससे प्रतीत होता है कि साहित्य का चरम लक्ष्य आनन्द है। इसी अर्थ में साहित्य मोक्ष का साधन है। सत्, चित् और आनन्द को ब्रह्म कहते हैं। इस सूत्र का अंतिम प्रत्यय आनन्द है अर्थात् आनन्द ब्रह्म या भगवत रूप है। चूँकि साहित्य इस लक्ष्य तक हमें पहुँचाता है इसीलिए वह मोक्ष का साधन है। आनन्द का क्या प्रयोजन है? चरम लक्ष्य होने के कारण यह प्रश्न निरर्थक है। यह सत्य है कि काव्य का उपयोग सम्प्रदाय या प्रचार के लिए किया जाता है। जैसे किसी सुन्दर कलाकृति का उपयोग विज्ञापन के लिए किया जाता है। विज्ञापन में सुन्दर कृति आनन्द का विषय है। उसमें मन को खींचने की शक्ति होती है। इस शक्ति का दूषित प्रयोग विज्ञापन के साथ जनमन खींचने के लिए करने पर उसका सौंदर्य कुछ मलीन होता है। क्योंकि उसे किसी स्वार्थ सिद्धि के प्रचार का साधन बना दिया जाता है। शुद्ध साहित्य सत्य का निश्छल अनन्त रूप होता है। उसमें प्रवंचना का उक्त भाव नहीं होता। इसलिए यह नहीं माना जा सकता कि कलाकृति विज्ञापन है और साहित्य सम्प्रदाय है। यह मात्र उसका दूषित प्रयोग है। जैसा मैंने पहले कहा—काव्य रसात्मक क्रीड़ा है। रसात्मक क्रीड़ा में संयम और नियंत्रण की आवश्यकता होती है। मनुष्य की रसात्मक अभिरुचि कल्पना द्वारा प्रतिमासृष्टि के सतत् प्रवाह का नियमन करती है। इसी में काल्पनिक क्रीड़ा निहित होती है। काव्य से जो रस प्राप्त होता है वह काल्पनिक होता है इसलिए वह भौतिक वस्तु से प्राप्त रस से भिन्न होता है। क्रीड़ा-संवलित कल्पनाप्रसूत क्रिया का आस्वाद-मंडित रूप काव्य है। इसीलिए काव्य को अनुभूति या संवेदना कहते हैं। क्रीड़ा के सभी उन्नत रूपों में आवेग और विधि का संश्लेषण होता है। मानव प्रकृति का युक्ति

प्रधान अंश काल्पनिक और भावात्मक अंश से समरस मिला रहता है। इसलिए शिलर कहता है कि मानव तभी क्रीड़ा करता है जब वह सच्चे अर्थ में मनुष्य होता है और तभी वह पूर्ण रूप से मनुष्य होता है, जब वह खेलता है। क्रीड़ा बाल अवस्था की कला है और काव्य क्रीड़ा का प्रौढ़ रूप है। ये दोनों अतिशय मानसिक शक्ति और मानव आवेगों तथा योग्यताओं के पूर्णतर अभ्यास की आवश्यकता से उत्पन्न होते हैं।

किसी दर्शन या विचार का संगठित रूप सम्प्रदाय होता है। कुछ लोग भ्रमवश समझते हैं कि साहित्य विचारों का परिधान या जामा है। इसलिए वे साहित्य से रसदोहन न कर उसमें किसी दर्शन या सम्प्रदाय का अन्वेषण करते हैं। सामान्यतया धर्म या सम्प्रदाय शब्द सुनने के साथ हमारी पहली प्रतिक्रिया क्या होती है? यही कि हम उससे ईश्वर या दूसरे दैव में निहित शक्ति और उस शक्ति के साथ मानव के संबंध का विचार करते हैं। इसके अन्तर्गत वह ज्ञान भी आता है जिससे मनुष्य ईश्वर, देवता या किसी दूसरी दैवी शक्ति की अनुकूलता प्राप्ति के कृत्य या प्रतिकूलता निवारण के कृत्य का सम्पादन करना आवश्यक समझता है। धर्म का सार्वत्रिक कृत्य मानव के भौतिक और सामाजिक वातावरण की शक्तियों के साथ उसके संबंध का अनुशासन और निर्वचन है। इन शक्तियों को किसी दैवी शक्ति के नियंत्रण के अधीन माना जाता है। इनके साथ मनुष्य का संबंध निरूपित करने के लिए उनकी प्रकृति के विषय में किसी तरह का ज्ञान आवश्यक होता है। मानव के विकास की प्रधान शक्ति उसकी बौद्धिकता में निहित होती है। यह शक्ति उसकी सहज प्रवृति में नहीं पायी जाती। इसलिए धार्मिक भावनाओं के प्रवल संवेगात्मक रागों की व्याख्या करने के लिए यह कहना यथार्थ नहीं है कि सम्प्रदाय सहज भावनाओं और संवेगों पर आधृत होता है। सम्प्रदाय के संवेगात्मक बंधन उन प्रमुख जीवन प्रक्रियाओं से निष्पन्न होते हैं जिनके अधीन रोटी, बेटी और रक्षा का प्रश्न होता है। धार्मिक भावनाएँ इसे सफल बनाने का प्रयास करती हैं अर्थात् इनका समाधान उपस्थित करती हैं। जिस सीमा तक व्यक्ति यह विश्वास करता है कि धार्मिक उपदेश और आचरण निरपेक्ष तथा अतर्क्य सत्य हैं और इसलिए मान्य हैं उसी सीमा तक उसका वैयक्तिक और सामाजिक आचरण धार्मिक सम्प्रदायों द्वारा शासित होता है।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट हो गया कि साहित्य और सम्प्रदाय के क्षेत्र भिन्न-भिन्न हैं और शुद्ध साहित्य में साम्प्रदायिकता का कोई स्थान नहीं है। यदि सम्प्रदाय का दर्शन जानना हमारा लक्ष्य हो तो हम सूरसागर, रामचरित मानस या पद्मावत न पढ़कर शुद्धाद्वैत, विशिष्टाद्वैत या सूफी दर्शन पढ़ने की प्रवृति रखें। चूँकि साहित्य जीवन के निमित्त जीवन और प्रकृति को लेकर रचा जाता है इसलिए उसमें जीवन क्षेत्र के अनेक विषय आ जाते हैं। पर इसका तात्पर्य यह नहीं है कि साहित्य सम्प्रदाय है, धर्म है, नैतिकता है, विज्ञान है या वाणिज्य है।

जब इस भूमि का अन्वेषण हम हिन्दी साहित्य में करते हैं तो देखते हैं कि कबीर, सूर, तुलसी आदि कवि अपनी जातीय स्थिति के कारण किसी न किसी सम्प्रदाय से संबद्ध थे। केशवदास ने काव्य का शुद्ध अर्थ ग्रहण किया। उन्होंने काव्य में कलात्मकता को महत्वपूर्ण स्थान दिया। रीतिकाल के आलम, रहीम, रसखान आदि कवि भी जाति के विचार से मुसल-

मान थे, पर उन्होंने हिन्दी में अच्छे साहित्य की रचना की। इसका अर्थ यह नहीं होगा कि उन्होंने किसी प्रकार की जातीयता का प्रचार किया।

मानव मात्र की सामान्य भूमि या सहज वृत्ति आनन्द प्राप्ति है। आनन्द लाभ करते समय व्यक्ति अपनी जातीय विशेषता से या साम्प्रदायिक विशिष्टता से मुक्त होता है। उसका साधारणीकरण हो जाता है। वह शुद्ध मनुष्यता की भूमि पर खड़ा होता है। इसलिए साहित्य असाम्प्रदायिकता का राज्य है। यदि ऐसा न होता तो नीति और ज्ञान के दोहे साहित्य माने जाते, सारा साम्प्रदायिक साहित्य काव्य माना जाता। काव्य का उपयोग सम्प्रदाय या प्रचार में होने से यह सिद्ध नहीं होता कि साहित्य कोई सम्प्रदाय है या उसमें किसी प्रकार की साम्प्रदायिकता है। काव्य की प्रकृति का विश्लेषण करने से जो निष्पन्न होता है वह यह है कि काव्य आनन्द का साधन होने के कारण मानवता की सामान्य थाती है, उसका प्रयोजन शुद्ध रूप से असाम्प्रदायिक होता है।

आइए, एक दूसरी परिस्थिति का विचार करें। हम अंग्रेजी साहित्य पढ़ते हैं, उर्दू साहित्य पढ़ते हैं, फ्रेंच साहित्य पढ़ते हैं, ग्रीक साहित्य पढ़ते हैं। हो सकता है इन साहित्यों के उत्तम ग्रंथों के रचयिता ईसाई हों, मुसलमान हों, यहूदी हों। इनका पाठक कोई अन्य मतावलंबी हो। क्या मत के आग्रह के कारण किसी हिन्दू पाठक को 'गालिब' की कृति आनन्ददायक नहीं प्रतीत होती, या मुसलमान पाठक को सेक्सपियर की कृति नीरस लगती है। हम कालिदास की जयन्ती मनाते हैं, सेक्सपियर की चतुश्शती मनाते हैं, गालिब की शती मनाते हैं, तुलसीदास की चतुश्शती मनाते हैं। इनके पीछे यदि किसी प्रकार का साम्प्रदायिक मताग्रह छिपा हो तो हम ऐसे आयोजन कैसे करें। वस्तुतः विज्ञान और साहित्य का सार्वत्रिक आचरण होता है। जैसे कोई वैज्ञानिक उपलब्धि किसी देश, जाति या सम्प्रदाय की निजी सम्पत्ति नहीं होती, उसी तरह कोई महान् काव्यकृति देश, काल और सम्प्रदाय की सीमा के परे होती है। जैसे विज्ञान को कोई साम्प्रदायिक तत्व नहीं कहता, उसी प्रकार साहित्य का आचरण भी साम्प्रदायिक नहीं होता। विज्ञान में तथ्यों का संयोजन होता है। उसमें तथ्य का शुद्ध अर्थ ग्रहण किया जाता है। उनकी यथार्थ परीक्षा से लब्ध परिणाम को वैज्ञानिक सत्य कहा जाता है। तथ्यों से रहित मूल्य एकदम काल्पनिक होते हैं। जैसे विज्ञान में तथ्यों का वर्णन होता है, वैसे ही साहित्य में मूल्यों की अभिव्यक्ति। मूल्यों की प्रवृत्ति परिवर्तनशील होती है। वह प्रत्येक पाठक की अपनी योग्यता पर निर्भर होती है। साहित्य इस परिवर्तनशीलता का नियमन करता है जिससे मूल्यों को सामाजिक वस्तुनिष्ठता प्राप्त हो जाती है। पर वह वस्तुनिष्ठता विज्ञान की वस्तुनिष्ठता से भिन्न होती है। वैज्ञानिक सत्य परिप्रश्नों द्वारा खोजा जाता है। उसमें न्यूनतम परिग्रह और अधिकतम सहभोग होता है। साहित्यिक अभिव्यंजना भी इसी तरह अन्तर्वैयक्तिक होती है। संचार की प्रक्रिया से सौंदर्य की सृष्टि होती है। कवि की मौलिकता का परिणाम मनुष्यता की सामान्य सम्पत्ति होती है जिसे भावराशि का संचित भण्डार कहते हैं। इस पर्यालोचन से सिद्ध होता है कि शुद्ध साहित्य में साम्प्रदायिक तत्व नगण्य होता है।

ASSESSMENT OF NEUROTICISM AND INTROVERSION TRAIT AS COVARIABLE IN ADOLESCENTS— PILOT STUDY

Km. PURNIMA

Department of Psychology, B.H.U.

The problem of personality is the most important area of research in psychology. An important contribution to the problem of human personality has been made by different psychologists in postulating different theories of personality. Prominent psychologists like Sheldon, Freud, Lewin, Jung, Allport, Cattell, Eysenck, Murphy etc. presented their own conceptual framework and discussed the related problems in scientific light. The approaches are manifold constitutional, dynamic, biosocial, organisimic and experimental. In the present work trait approach to personality has been made. It is somewhat judicious that in the contemporary period type theory has been replaced by trait theory. The technique used herein is that of questionnaire for the assessment of two traits— Neuraticism and Introversion. Herein they are taken as the most prominent components of human personality. It has been hypothesised that these two traits are controlling factors and are found in profuse simultaneously in adolescent period. As a matter of fact adolescence is the most critical period of human life, a period of transition between childhood and adulthood. This period is concerned as one wherein rapid physiological and psychological changes take place in the interests, aspiration, ideologies and value systems as such. A new birth in personality in individual takes place.

The tool adopted for the study of present problem is that of Inventory. A questionnaire containing 70 items, 35 for Neuroticism and 35 for Introversion was constructed in Hindi for the study of Neuroticism and Introversion trait present as such particularly in the adolescents. Some of the items for the questionnaire have been borrowed from different existing

inventories. The construction of sentences in Hindi has been made in such a form that the items may be adequately understood by a particular age group.

It was kept in view that the questionnaire is administered in a group of 35 to 45. Instructions printed on the test form were read aloud and also explained to the subjects. No time limit was imposed. Accuracy of result depends on the truthfulness of responses and thorough cooperation of the subjects. There are three alternative responses 'Yes', '?' and 'No'. Value assigned for 'yes responses' is two. Yes responses are taken as correct answers and indicate the neurotic and introverted tendencies as such. High scores indicate the dominance of the trait. Some items in questionnaire are of such nature for which the value is in reverse order.

It has been kept in view that the sample may represent the Meerut region and hence the subjects were drawn from each district in proportion to the total population of the students of that particular district.

SAMPLE

N,300

Boys——————————Girls

150 — 150

Place : Meerut region of Western U.P. (All the five districts).

Area : Urban

Age : Ranging from 14 to 18 years.

Education : Intermediate.

Developmental Phase : Adolescence.

After collecting the data, the scoring was done. The 'R' (right) and 'W' (wrong) responses were counted. For item analysis significance of each item was worked out. To find out the significance of each item the discrimination value has been worked out. The discrimination value concerns the degree to which performance on an item correctly differentiates between

individuals who differ in the criterion. The value of the test may be viewed in terms of the comparative validity of items. Guilford has suggested four coefficients of correlation. They are Biserial r, Point-biserial r, Tetrachoric r and the Phi-coefficient. It is seen that in item analysis the Phi-coefficient is mostly applied. The item discrimination has been calculated by Phi-coefficient because Phi-coefficient may be applied also when the score distribution is arbitrarily dischotomised after cutting some scores.

Booklets were arranged in order of merit on the basis of scores obtained for item discrimination. We used the extreme groups, i.e. top and bottom of 25%. By retaining 25%, we used extreme groups because 50% of middle scores were arranged in normal distribution. It was pointed out that the discrimination value would be high as extreme groups would be used for item discrimination.

The arranged booklets in order of merit were then divided into four equal parts of 75 each that is 25%. The two middle groups were then discarded. The upper and the lowermost group i.e. Q 3 and Q 1 were retained. The number of correct responses for each item in the test were calculated by the formula :

$$\phi = \frac{Pu - Pl}{\sqrt{Pq}} .$$

Pu—Proportion of passing the subjects in upper group.
Pl—Proportion of passing the subjects in lower group.
P—The Arithmatic mean of Pu and Pl.
q—1—P

The minimum and maximum value of Phi-coefficient is given below :

Traits	*High Group (Pu)*		*Lower Group (Pl)*		*Phi Value*	
	Mini.	*Maxi.*	*Mini.*	*Maxi.*	*Mini.*	*Maxi.*
Neuroticism	.16	.89	.00	.69	.03	.62
Introversion	.06	.93	.00	.88	.03	.86

In selecting the items which will be retained in final form, it is necessary to retain only those items for which the Phi-coefficients were statistically significant. Guilford has given the following formula for significance of Phi-coefficient at .05 and .01 level.

$$\phi = .05 = \frac{1.96}{\sqrt{N}}$$

$$\phi - .05 = \frac{1.96}{\sqrt{150}} = \frac{1.46}{12.25} = .16$$

$$\phi = .01 = \frac{2.58}{\sqrt{N}}$$

$$\phi = .01 = \frac{2.58}{\sqrt{150}} = \frac{2.58}{12.25} = .21$$

Thus all the values of ϕ which are equal to and above at .21 are significant at .01 level and those equal to and above at .16 are significant at .05 level.

The results of item analysis show that out of 70 items only 8 items were found insignificant. Some items were also cancelled which were not highly significant. Except few only those items for the final study were taken which were significant at .01 level.

Thus, total 50 items were kept for the final form of questionnaire—25 for Neuroticism trait and 25 for Introversion trait to try on a large sample. The purpose of the study is to attain a reliable measure of neurotic and introverted tendencies operative in adolescents. In the younger age persons are mostly emotionally unstable than in the old-age, and particularly girls have been found to have higher scores on Neuroticism and Introversion as compared to boys.

———

सौन्दर्य मीमांसा

भगवतीप्रसाद राय

किसी प्रसिद्ध विद्वान् के मत के आधार पर हम कहते हैं कि सौंदर्य सत्य है, सत्य आदर्श की अभिव्यक्ति है जो नैसर्गिक पूर्णता का प्रतीक है और शिव की भावात्मक अभिव्यंजना है। ऐसी उक्तियाँ चिंतन को आवेशित करती हैं और हमें क्षणिक आनन्द प्रदान करती हैं परन्तु इनसे कोई स्थायी प्रबोध नहीं मिलता। इसलिए सौंदर्य की किसी परिभाषा में, जिसमें वास्तव में उसे परिभाषित करने का प्रयास हो, मानव अनुभूति को द्रव्य मानकर सौंदर्य के उत्स, देश और तत्त्व की व्याख्या करनी होगी। इससे यथासंभव हम जानेंगे कि क्यों, कहाँ और कैसे सौंदर्य प्रकट होता है। सुन्दर होने के लिए किसी वस्तु की कौन-सी आवश्यक शर्तें हैं। हमारी प्रकृति के कौन से तत्त्व हमें सौंदर्य के प्रति संवेदनशील बनाते हैं। हमारी प्रकृति की उत्तेजना और वस्तु-संरचना के बीच क्या संबंध है। यदि इन बातों की ठीक व्याख्या न हो तो हम नहीं समझ सकते कि सौंदर्य-गुण-विवेचन क्या चीज है। इस अर्थ में सौंदर्य की परिभाषा इस निबंध का विषय है। इस सीमा के अधीन यह कार्य अपूर्णता के साथ संपन्न हो सकता है।

हमारे अधिकांश लेखक सौंदर्य-दर्शन को आलोचना या समीक्षा कहते हैं। आज भी कलाकृति के तार्किक गुण विवेचन को समीक्षा पद से ज्ञापित किया जाता है। परन्तु प्रकृत में सुख को समीक्षा कैसे कहा जाय। सूर्यास्त आलोचित नहीं होता, उसकी अनुभूति होती है और उसका उपभोग होता है। ऐसे अवसर पर समीक्षा शब्द का प्रयोग मानकों के साथ तुलना और निर्णय के तत्त्व पर अधिक बल देता है। यद्यपि सौंदर्य की व्याख्या इसी तरह की जाती है तथापि वह इस रूप में प्रत्यक्ष नहीं होता। प्रकृति और कला के श्रेष्ठ प्रकर्ष किसी नियम द्वारा शासित होने से बहुत दूर होते हैं। वे स्वयं उस मानक और आदर्श को प्रस्तुत करते हैं जिससे आलोचक उससे अवर प्रभाव को माप सकते हैं।

इसीलिए नामकरण और विज्ञान के इस युग ने अधिक उपयुक्त सौंदर्यशास्त्र पद का प्रयोग स्वीकार किया है। यह ग्रहणशीलता या प्रत्यक्षीकरण का सिद्धान्त है। आलोचना कुछ संकीर्ण शब्द है जिसमें ऐकान्तिक रूप से हमारे कूट निर्णय की ओर संकेत होता है पर सौंदर्यशास्त्र व्यापक पद ज्ञात होता है। इसके उदर में सुख और दुःख की सभी अनुभूति सन्निविष्ट होती है। कान्ट ने अपने देश-काल के सिद्धान्त को सभी प्रत्यक्षों के आकार रूप में माना। समय-समय पर संकुचित करके उसे कला-दर्शन के पर्याय के रूप में प्रयोग किया जाने लगा।

यदि हम समीक्षा और सौंदर्यशास्त्र इन दोनों शब्दों से व्युत्पन्न अर्थ को परस्पर मिला दें तो सौंदर्य सिद्धान्त के दो प्रधान गुण एकत्र हो जाते हैं। आलोचना में निर्णय प्रधान होता है और सौंदर्यशास्त्र में प्रत्यक्ष। दोनों के उभयनिष्ठ तत्त्व को लेकर अर्थात् निर्णय के उस अंश को जो दर्शन है और दर्शन के उस अंश को जो समीक्षा है, हम समीक्षा के क्षेत्र में अपनी मान्यता

को विस्तृत करते हैं। उसमें मूल्यों के सहज और आसन्न निर्णय होते हैं। अर्थात् उसमें आनन्द और वेदना निहित होती है। इसी तरह सौंदर्य के क्षेत्र से दर्शन की उन चीजों को निकाल कर जो आशंसनीय नहीं हैं जिनका वस्तु में मूल्य नहीं है हम उसके क्षेत्र को संकुचित कर देते हैं। इस तरह हम समीक्षात्मक या आशंसी दर्शन के क्षेत्र में पहुँच जाते हैं। मोटे तौर पर यही हमारा कथ्य है। आज के प्रचलित 'सौंदर्यशास्त्र' शब्द का प्रयोग कर हम कहना चाहते हैं सौंदर्यशास्त्र का संबंध मूल्यदर्शन से है।

पुराकाल से दार्शनिकों को यह बात ज्ञात रही है कि प्रकृति की प्रत्येक दृश्य घटना की व्याख्या पूर्ववर्ती दृश्य घटना द्वारा हो सकती है तथा शारीरिक गतियों का केवल भौतिक कारण है, जैसे बोलने में जीभ की गति और चित्रांकन में हाथ की गति। यदि इस प्रकार चेतना को जीवन में आनुषंगिक मान लिया जाय, उसे अनिवार्य न माना जाय तो मानव जाति पृथ्वी पर अपने अस्तित्व की सभी महत्वपूर्ण कलाओं को बिना किसी भावना, आदर्श और संवेग को धारण किये अर्जित कर लेती। प्राकृतिक वरण उन स्व-तंत्रों के स्वत्व की सुरक्षा करता जिन्होंने अपने परिवेश पर सार्थक प्रतिक्रिया की। आत्मसुरक्षा की प्रवृत्ति विकसित होती, बिना भय के संकटों का प्रतिकार होता और बिना अनुभूति के वेदनाओं का प्रतिशोध होता। ऐसे संसार में अत्यन्त पूर्ण संगठनों का अस्तित्व होता। गंभीरतम हितों की अभिव्यक्ति होती और पूर्व निर्णीत शिव की प्रत्यक्ष साधना होती। विशेष दुर्घटनाओं के प्रतिकार की सतत और स्वाभाविक प्रवृत्ति होती। अवेक्षकों के लिए मूक प्रदर्शन और चिन्तन के प्रमाण पेटेन्ट होते। सम्पूर्ण प्रक्रिया में निश्चित रूप से कोई चिन्तन, आशा या चेतन-उपलब्धि नहीं होती।

दर्शक प्राक्चिन्तन के उद्देश्य और साधन को कूटार्थ मान सकता है जैसे हम जल के विषय में मान लेते हैं जो अपना तल स्वयं ढूँढ़ लेता है या उस निर्वात के विषय में मान लेते हैं जिसका तिरस्कार प्रकृति करती है। परन्तु द्रव्य के अणु अपनी सहस्थिति के विषय में अचेत रहते हैं और सारी प्रकृति उनकी निवर्तमान व्यवस्था के विषय में अचेत रहती है। उस प्रक्रिया के मुग्ध दर्शक अपनी रुचि और प्रवृत्ति के आधार पर उसकी प्रगति या पराकाष्ठा देखते हैं। हमें पराकाष्ठा वहाँ माननी चाहिए जहाँ प्राप्त परिणाम हमारी व्यावहारिक या सौंदर्यपरक इच्छा की पूर्ति करता है। जहाँ यह तुष्टि होती है वहीं प्रगति माननी चाहिए। परन्तु मानव के अतिरिक्त और मानवीय अभिनति से अलग, ऐसी यांत्रिक दुनिया में किसी मूल्य का तत्त्व नहीं दिखाई देता। चेतना को हटाकर, अर्थ की संभावना को समाप्त कर दिया जाता है।

परन्तु केवल संपूर्ण चेतना के अभाव में ही संसार से मूल्य का लोप नहीं ोता है, मानव -अनुभूति की पूर्णता से कम तीव्र सारांकन से हम मानव को शुद्ध बौद्धिक प्रतिमूर्ति के रूप में ग्रहण कर सकते हैं, उस बुद्धि के रूप में मान सकते हैं जिसमें प्रकृति के रूपान्तरण संवेगहीन प्रतिबिंबित होते हैं। ऐसी स्थिति में प्रत्येक घटना का आलेख हो सकता है, उसके संबंधों का अवलोकन हो सकता है, उसका आवर्तन हो सकता है। यह सब कामना, आनन्द या खेद की झलक बिना हो सकता है। कोई घटना उद्वेगजनक नहीं होगी, कोई स्थिति भयानक नहीं लगेगी।

हमारे साथ बिना आकांक्षा के, केवल विचारों की दुनिया होगी। जैसे चेतना के अभाव में वैसे ही उसके भाव में भी सभी मूल्य और प्रकर्ष लुप्त होंगे। इसलिए किसी भी रूप में शिव के अस्तित्व के लिए केवल चेतना नहीं, अपितु संवेगनात्मक चेतना की आवश्यकता है। अवेक्षण से काम नहीं होगा, आशंसा की जरूरत होगी।

इस स्वयंसिद्धि को हम अभी स्वीकार कर लें क्योंकि यह सभी नैतिक दर्शनों के लिए महत्वपूर्ण है तथा अविनेय विचारों के लिए घातक है कि अन्ततः वरणीयता अयुक्त होती है। इसकी ईषत् आशंसा के बिना कोई मूल्य नहीं होता, इसके अभाव या भाव के पहले इसकी किंचित् वरणीयता बिना कोई शिव नहीं होता। सभी प्रकर्षों का मूल और सत् आशंसा और वरणीयता में निहित होता है। किसी चीज की इच्छा हम इसलिए नहीं करते कि वह शिव है बल्कि वह शिव इसलिए है कि हम उसकी इच्छा करते हैं।

यह ठीक है कि किसी सहज-प्रतिक्रिया के अभाव में भी हम व्यवहार के अनुरोध से इन उपाधियों का प्रयोग कर सकते हैं। हम स्वीकार कर सकते हैं कि इसलिए कोई क्रिया अशुभ है या कोई निर्माण शुभ है कि उसमें हम किसी ऐसे लक्षण को जानते हैं जिसका हमने उस विशेषण से उल्लेख सीखा है। लेकिन जब तक हमारे भीतर कोई भावाविष्ट घृणा या भावात्मक प्रसन्नता न हो, कोई नैतिक या सौंदर्यात्मक निर्णय नहीं हो सकता। यह केवल वाणी के औचित्य और वस्तुओं के रिक्त नामों का प्रश्न है। गुणों के निर्णय के लिए इन बातों में प्रयुक्त शाब्दिक या यांत्रिक तर्कवाक्य अनौचित्य के आवरण हैं। भाषा के साम्प्रदायिक प्रयोग में असंवेदन शक्ति बहुत तीव्र होती है। यदि हम वास्तविक भावनाओं का आग्रह करें तो हमारे निर्णय बहुत भिन्न होंगे परन्तु वे अधिक वैध और स्पष्ट होंगे। प्रायः शाब्दिक निर्णय चिन्तन के उपयोगी उपकरण होते हैं और अंततोगत्वा उन्हीं से मूल्यों का निर्धारण होता है।

जीवन्त संवेगों की आसन्न और दुर्बोध प्रतिक्रिया तथा हमारी प्रकृति के अयुक्ति सिद्ध अंश से मूल्य उत्पन्न होते हैं। युक्ति सिद्ध अंश सत् रूप में सापेक्ष होता है। वह हमें तथ्यों से निगमित निर्णय की ओर ले जाता है, या अंश से पूर्ण की ओर उन्मुख करता है। उन तथ्यों को नहीं अनावृत करता जिनसे अपना कार्य सम्पन्न करता है। यदि कोई वरणीयता या दृष्टि परमसिद्ध और पौराणिक कह दी जाय तो इसी आधार पर उसे अयुक्ति सिद्ध माना जायेगा। व्यवहितता, अनुमिति और संश्लेषण युक्ति सिद्धि के मूल तत्त्व हैं। स्वयंसिद्धि का आदर्श भी उतना ही यादृच्छिक है, उतना ही किसी परिमित संगठन के अभाव पर निर्भर है जितना कोई दूसरा आदर्श। अंततः केवल मन की शांति ही उसमें किसी काम की चीज होती है जिसकी आराधना दार्शनिक सहज भाव से करता है। इस कथन के शाब्दिक औचित्य के बावजूद कि तर्क में युक्तता आवश्यक है वास्तव में युक्तता की क्या आकांक्षा है, कौन-सी चीज उसे शिव बनाती है, उसे अपरिहार्य वस्तु बनाती है, उसे उसका पूरा प्राधिकार देती है, वह उसकी अपनी प्रकृति नहीं होती बल्कि सुरक्षित और मितव्ययी कार्य में तथा संबोध सुख में हमारी उसकी आवश्यकता होती है।

यह स्पष्ट है कि सौंदर्य मूल्य की एक विशेष जाति है और मूल्य के विषय में सामान्य रूप से जो कहा गया है वह उसके विशिष्ट रूप पर भी लागू होता है। इस प्रकार सभी बौद्धिक निर्णयों, वस्तु-तथ्यों और संबंधों के निर्णयों को त्यागकर सौंदर्य की परिभाषा करने का प्रयास

किया गया है। मूल्य निर्णय के स्थान पर तथ्य निर्णय को स्थानापन्न करना पाण्डित्यदर्प और उद्धृत आलोचना का लक्षण है। यदि हम ऐतिहासिक संबंध या उचित वर्गीकरण के प्रयोजन के लिए किसी वैज्ञानिक रीति से किसी कलाकृति या प्राकृतिक सौंदर्य की व्याख्या करते हैं तो उसका तात्पर्य यह नहीं है कि हम सौंदर्यशास्त्रीय दृष्टि से उसकी व्याख्या कर रहे हैं। कलाकृति या उसके रचयिता की जन्मतिथि का अन्वेषण किसी प्रकार रोचक हो सकता है, वह प्रत्यक्ष भाव में किसी साहचर्य को जोड़ कर हमारी सौंदर्य आशंसा को अल्पमेव भावित करता है। यदि प्रत्यक्ष प्रभाव का अभाव हो और वस्तु अपने आप में अरुचि कर हो तो उसका परिवेश महत्वहीन होगा।

दूसरी ओर जब तथ्यों का पुनर्कथन कलात्मक प्रकर्ष का एकमात्र मानक बना लिया जाता है तब मूल्यों की जगह तथ्यों की स्थापना का आभास लक्षित होता है। कुछ अनाड़ी भावुक किसी सरल और भावुक नवलेखक की कृति की भर्त्सना इसलिए करते हैं कि वह मात्र अनुकरण है। परन्तु स्थापना यह है किसी आदर्श का ठीक-ठीक अनुकरण करना सौंदर्य-सृष्टि की पहली सीढ़ी है। वास्तव में शुद्धता एक प्रभाव तत्त्व है। यह परिमित वस्तुओं के संबंध में अत्याज्य है। उसका अभाव आमोद के स्थान पर निराशा और अतोष पैदा करता है। जैसे-जैसे प्रकृति विषयक हमारा प्रेम और ज्ञान बढ़ता है वैसे-वैसे हम सत्य का मूल्यांकन करना सीखते हैं। परन्तु सत्यनिष्ठा केवल एक गुण है क्योंकि उस रूप में वह हमारे आमोद का उपस्कारक है। वह प्रभाव के अन्य घटकों के समशील है। जब कोई व्यक्ति उसका ऐकान्तिक महत्व स्वीकार कर लेता है और किसी दूसरी चीज की आशंसा करने में अक्षम हो जाता है तो वह अपनी सौंदर्यग्राही क्षमता के ह्रास का कपट करता है। उसकी वैज्ञानिक प्रवृत्ति कलात्मक प्रवृत्ति का तिरस्कार करती है।

तथ्यों का अपना निजी मूल्य होता है। प्रत्येक मूल्य दर्शन से हम प्रसन्न होते हैं। ज्ञान और आश्चर्य विशेषतः तीव्र आवेग होते हैं। जब हम किसी अनुकरण में लक्षणभूत सत्य पाते हैं, प्रसन्न होते हैं। इस प्रकार का आनन्द बहुत उचित होता है और सभी अनुकृत कलाओं के उत्तम प्रभावों में सन्निविष्ट होता है। इसलिए सत्यता और आदर्शवाद रसात्मक रूप से शिव होते हैं परन्तु चूँकि प्रत्येक वस्तु का अनुकरण समान रूप से आनन्ददायक और प्रभावकारी नहीं होता है, इसलिए वह सम्पूर्ण नहीं होता है। समरूपता तोष का उत्तम उत्स है इसलिए आलोचक उसकी माँग करने का अधिकारी होता है। परन्तु सत्यशीलता की रसात्मक अवाप्ति विज्ञान और कला के क्षेत्र में सत्य के भिन्न-भिन्न मूल्यों को व्यक्त करती है। विज्ञान सूचना की आकांक्षा से प्रेरित होता है। उसमें हम सम्पूर्ण सत्य और केवल सत्य की ही माँग करते हैं। कला मनोरंजन की आकांक्षा से प्रेरित होती है, वह हमारी अनुभूति और कल्पना को उत्तेजित करती है। जैसे-जैसे कला इन साधनों का उपसेवन करती है उसमें सत्य निविष्ट होता है।

सत्य का वैज्ञानिक मूल्य भी चरम या ऐकान्तिक नहीं होता। वह आंशिक रूप से व्यावहारिक अभिरुचि और आंशिक रूप से रसात्मक अभिरुचि पर निर्भर होता है। जैसे-जैसे चयन की पीड़ापूर्ण प्रक्रिया द्वारा धीरे-धीरे तथ्यों की समरूपता में आदर्श लाये जाते हैं, हम अपने वातावरण के ऊपर काबू पाते जाते हैं। चयन को पीड़ापूर्ण इसलिए कहा गया है कि

सत्य और असत्य में समान रूप से हमारी सहज-प्रवृत्ति रमती है और यदि अनुभव द्वारा नियंत्रण न किया जाय तो किसी बात का निर्णय नहीं हो सकता है। प्राकृतिक विज्ञान का यह चिरंतन मूल्य है और यही आज हमें फल दे रहा है। प्रकृति और जीवन के विषय में हम अपने पूर्वजों से उत्तम दृष्टि नहीं रखते परन्तु हमारे पास उनसे अधिक भौतिक उपलब्धियाँ हैं। इसी कारण वस्तुओं की संरचना और इतिहास के सत्य को जानना श्रेयस्कर है। यह इसलिए भी अच्छा है कि इससे हमें बृहतर क्षितिज का दर्शन मिलता है, क्योंकि प्रकृति का दर्पण दिव्य और आकर्षक है, घोर करुणा और महाशान्ति से आपूर्ण है। यह पृथ्वी के बच्चे के रूप में हमारा जन्म अधिकार हमें वापस कर देता है और पृथ्वी पर हमारा देशीकरण करता है। व्यावहारिक और काल्पनिक इन दो गुणों से सत्य के सारे मूल्य व्युत्पन्न होते हैं।

इसी प्रकार वौद्धिक विवेक से भिन्न रसात्मक और नैतिक विवेक को एक कोटि में रखना चाहिए। ये दोनों मूल्य-विवेक हैं। बौद्धिक विवेक तथ्य निर्णय है। यदि इसमें कोई मूल्य होता है तो वह केवल व्युत्पन्न। हमारा सम्पूर्ण बौद्धिक जीवन यदि सार्थक है तो केवल हमारे सुख-दुःख के संबंध के कारण।

रसात्मक और नैतिक विवेक का संबंध, सुन्दर और शिव का संबंध बहुत गहरा है परन्तु इनकी भिन्नता भी महत्वपूर्ण है। इस भिन्नता का एक कारक रसात्मक विवेक है। यह मुख्यतः भावात्मक होता है, शिव का प्रत्यक्ष दर्शन होता है। नैतिक विवेक प्रधानतः अभावात्मक होते हैं, अशिव के प्रत्यक्ष दर्शन होते हैं। भिन्नता का यह दूसरा कारक है। सौंदर्य के प्रत्यक्ष-दर्शन में, हमारा निर्णय अनिवार्यतः वास्तविक होता है और आसन्न अनुभूति के लक्षणों पर आधृत होता है। यह चेतना में कभी वस्तु की अंतिम उपयोगिता का विचार नहीं होता। इसके विपरीत नैति। सार्थकता का निर्णय उसमें सन्निविष्ट उपयोगिता की चेतना पर आधृत होता है। इन दोनों विशिष्टताओं के स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।

सुखवादी नीति को मानव की नैतिक भावना से सर्वदा संघर्ष करना होता है। जीवन की गम्भीरता और मर्यादा के पोषक सत्यनिष्ठ मन इस मान्यता का विरोध करते हैं कि सदाचार का लक्ष्य सुखभोग है। सुख उनके लिए प्रलोभन-सा लगता है और कभी-कभी वे इस सीमा तक चले जाते हैं कि इसके तिरस्कार को गुण कहने लगते हैं। सत्य यह है कि सुख की प्राप्ति के साथ नैतिकता का विशेष संबंध नहीं है। यह गंभीर रूप से और अधिक श्रेय रूप से दुःख के निरोध से संबंधित है। सुख की संचित आराधना में कुछ कृत्रिमता है, आत्म भोग की अनिवार्यता में कुछ विसंगति प्रतीत होती है। उस दिशा में हम किसी कर्तव्य की भावना नहीं रखते, जीवन के कर्तव्य को पूरा कर हम भोग को स्वाभाविक मानते हैं, सुखभोग की हमारी स्वच्छन्दता और उसका नैरंतर्य कर्तव्य के निमित्त परम आवश्यक है।

कुछ भयावह अनिष्टों से पलायन जीवन का अमंगल व्यापार है। ये हैं मृत्यु, बुभुक्षा, रोग, क्लान्ति, वियोग और घृणा। इन चीजों का अपडर प्रत्येक नैतिक निषेध के पीछे दण्ड लिए खड़ा रहता है। अन्तरात्मा सत् में व्यक्त होती है और जिस मन को इन बातों ने अभिभूत कर लिया है, वे सुख के अन्वेषण की निराशाजनक निस्सारता का अनुभव करते हैं। वे सोचते हैं कि अमोदों और परिवर्तमान आवेगों के प्रति आसक्त जीवन घातक खतरों में अनजाने फँस जाता है। जिस क्षण समाज अपने वातावरण के प्रारंभिक दबाव से मुक्त होता है और प्राथमिक

दोषों से सह्य रूप में सुरक्षित हो जाता है, नैतिकता शिथिल हो जाती है। आगे जीवन किन रूपों को स्वीकार करेगा, यह नैतिक अधिकारों द्वारा आरोपित नहीं होता है, उनका निर्धारण जाति की प्रतिभा, समय की माँग और प्रत्येक मन की रुचि तथा लब्ध साधन करते हैं। कर्तव्य का शासन स्वतंत्रता के शासन का नियंत्रण करता है और महिमा के बचाव के लिए विधि-निषेध करता है।

सौंदर्य की आशंसा और कला में उसका सन्निवेश ऐसी क्रियाएँ हैं जो हमारे अवकाश के क्षणों में सम्पादित होती हैं। उस क्षण हम अमंगल की छाया और भय की दासता से मुक्त होते हैं और अपनी प्रकृति के आनयन का अनुसरण करते हैं। वह हमें जहाँ ले जाती है वहाँ जाते हैं। इसलिए यहाँ जिन मूल्यों की हम चर्चा करेंगे वे गुणात्मक हैं। वे नैतिक जगत् में रिक्त माने जाते हैं। विरूपता कोई अपवाद नहीं है क्योंकि वह किसी वास्तविक पीड़ा का कारण नहीं है। अपने आप में वह विनोद का एक श्रोत है। जब उसका लक्षण मुख्यतया अप्रिय माना जाता है तब उसका दर्शन वास्तविक अनिष्ट हो जाता है जिसके प्रति हम व्यावहारिक और नैतिक धारणा बना लेते हैं। इसलिए सुखदायक कभी वास्तविक नैतिक निषेध का लक्ष्य नहीं होता।

अब हम रसात्मक और नैतिक मूल्यों का भेद निरूपित करने का प्रयास करेंगे। कर्म और क्रीड़ा के बीच जो भिन्नता है, वही यहाँ भी होती है। इन पदों का प्रयोग भिन्न अर्थों में हो सकता है। नैतिक वर्गीकरण के महत्त्व का जो अर्थ किया गया है वह इससे भिन्न हो सकता है। हम उन सब चीजों को क्रीड़ा कह सकते हैं जो अनुपयोगी क्रियाएँ हैं, उस कसरत को क्रीड़ा कह सकते हैं जो ऊर्जा व्यय करने के शारीरिक आवेग से पैदा होती है जिसे जीवन की आवश्यकता ने खर्च नहीं किया है। हमारी ऐसी सभी क्रियाएँ कर्म हैं जो जीवन के लिए आवश्यक या उपयोगी हैं। स्पष्ट रूप से यदि कर्म और क्रीड़ा का विभाजन इस प्रकार लक्ष्यपूर्वक उपयोगी और अनुपयोगी क्रियाओं में किया गया तो कर्म स्तुतिवाचक पद होगा और क्रीड़ा अवज्ञासूचक। अच्छा यह है कि हम अपनी सम्पूर्ण ऊर्जा का लेखा करें और उसका कुछ भी अंश निरुद्देश्य गति में बर्बाद न होने दें। इस अर्थ में क्रीड़ा अपूर्ण अनुकूलन का लक्षण है। बाल्यावस्था के लिए यह उचित है जब शरीर और मन वातावरण के साथ मिलकर चलने में सक्षम नहीं होते परन्तु युवावस्था में यह अनुचित कहा जाता है और वृद्धावस्था में दया का पात्र माना जाता है क्योंकि यह मानव प्रकृति के क्षय और जीवन के अवसरों को पकड़ने की असफलता का लक्षण है।

इस प्रकार क्रीड़ा चपल कृत्य है। इस अर्थ को समझ कर कुछ लोग उसके प्रति घृणा भाव रखते हैं। किसी अंश तक प्रत्येक उदार व्यक्ति इस भाँति सोचता है। वह सामाजिक आमोद, कला और धर्म को क्रीड़ा के अंतर्गत मानता है और इस शब्द से उसकी भर्त्सना करता है। जैसे-जैसे जाति अपनी मानसिक परिपक्वता की ओर अग्रसर होती है वैसे-वैसे क्रीड़ा-वृत्ति का ह्रास होता है। परन्तु यदि इस प्रकार के अनुकूलन की प्रक्रिया में हमारे जीवन के सभी अलंकारों को छिन्न कर दिया जाय तो हमारी प्रकृति का विकास रुक जायगा और मानव अधिक दरिद्र हो जायगा। संभवतः विकास की यही प्रवृत्ति है और हमारे वन्य पूर्वजों ने अपने श्रम और युद्ध के बीच, अपनी वासना और गाथा के साथ अपने देशीकृत वंशजों के लिए सुरक्षित जीवन से अच्छा जीवन व्यतीत किया।

हम आशा कर सकते हैं कि अत्यन्त उपयोगितावादी मन में भी परोपजीवी रूप में कुछ कल्पना शेष रहेगी। इतिहास की जो भी दिशा हो, हम यहाँ भविष्यवाणी नहीं कर रहे हैं, पर जो काम्य है वह प्रभावित नहीं होगा। इस आधार पर स्वतःस्फूर्त और आमोदजनक व्यापारों की भर्त्सना करना जीवन का अविचारित मूल्यांकन करना है कि वे आत्म-रक्षा के लिए व्यर्थ हैं। इस प्रकार की पद्धति के लिए शाश्वत गति की स्थापना करना विश्व का योग्यतम कृत्य होगा। स्वीकृत उपयोगिता के लिए किये गये कार्य के विरुद्ध व्यर्थता का आरोप घातक है परन्तु जो कृत्य स्वतः कृत्य के लिए ही किये जाते हैं उनका अपना औचित्य है।

मनुष्य की सभी उदार और काल्पनिक क्रियाओं को क्रीड़ा कहने में मान्य औचित्य है क्योंकि वे स्वतःस्फूर्त होती हैं और किसी बाहरी आवश्यकता के दबाव या भय वश नहीं की जातीं। आत्मरक्षा के लिए उनका उपयोग बहुत अप्रत्यक्ष और आनुषंगिक हो सकता है परन्तु इसी कारण वे व्यर्थ नहीं कही जा सकतीं। इसके विरुद्ध, हम स्वच्छन्द और उदार कृत्यों में, जीवन के अलंकरण और कल्पना के संस्कार में नियोजित शक्ति के अनुपात में, उपलब्धि के आधार पर किसी जाति की खुशहाली और सभ्यता के स्तर का मापन कर सकते हैं। क्योंकि मनुष्य अपनी प्रतिभा की स्वतःस्फूर्त क्रीड़ा में अपने आपको और अपनी खुशी को पाता है। दासता उसकी हीनतम अवस्था है। प्रायः वह पृथिवी की कृपणता और स्वर्ग की निष्ठुरता का वैसे ही दास होता है जैसे किसी मालिक या संस्था का। वह तब भी दास ही रहता है जब उसकी सारी शक्ति आपदा और मृत्यु के प्रतिकार में व्यय होती है, जब उसकी सभी क्रियाएँ बाहर से आरोपित होती हैं और उसके स्वच्छन्द भोग के लिए कोई दम या शक्ति शेष नहीं रहती।

यहाँ कर्म और क्रीड़ा का प्रयोग भिन्न अर्थों में किया गया है। ये दासता और स्वच्छन्दता के पर्याय हैं। यह परिवर्तन आत्मपरक दृष्टि से गोचर होता है। अब हम कर्म से केवल उपयोगी क्रिया का भाव नहीं ग्रहण करते बल्कि उसे भी कर्म मानते हैं जो अनिच्छापूर्वक और आवश्यकता की उत्तेजनावश किया जाता है। अब हम क्रीड़ा पद से उन क्रियाओं का ही संकेत नहीं करते जो निरुद्देश्य हैं बल्कि जो स्वतःस्फूर्ति के प्रयोजन के लिए की जाती हैं चाहे उनका बाह्य उपयोग हो या न हो। इस अर्थ में क्रीड़ा अत्यन्त उपयोगी व्यापार है। क्रीड़ा को निरपेक्ष बनाकर जहाँ तक वातावरण के साथ हमारा क्रमात् अनुकूलन होगा वहाँ तक यह कर्म भाव के उच्छेदन की ओर प्रवृत्त होगा और क्रीड़ा को सार्वत्रिक बनायेगा। क्योंकि अन्तर्मन के सभी विरोधों और भूलों के उन्मूलन के साथ मानव जाति अपनी स्फूर्ति से वह सब करने लगेगी जो उसके लिए हितकर है और बाह्य उत्तेजना और दबाव के बिना सुरक्षा और समृद्धिपूर्वक रहने लगेगी।

किसी अर्थ में सभी मूल्य रसात्मक होते हैं। इस अर्थ में कर्म अवज्ञासूचक और क्रीड़ा स्तुतिपरक पद हैं। कल्पना प्रसूत वस्तुओं की गरिमा और महत्व को मानने वाले लोगों को इस वर्गीकरण को अपनाने में हिचकने की जरूरत नहीं कि कर्म क्रीड़ा है। इससे हमारा यह संकेत नहीं है कि उनका कोई मूल्य नहीं होता, बल्कि उनका वास्तविक मूल्य होता है। उसमें सभी अर्थों का एक स्रोत होता है। स्पष्ट रूप से सभी मूल्यों को अंततः वास्तविक होना चाहिए। उपयोगी अपने परिणाम के प्रकर्ष के कारण शिव होता है परन्तु उसे कहीं न कहीं केवल उपयोगी होना अथवा केवल प्रकर्षशील होना त्यागना पड़ता है। कहीं न कहीं हमें शिव

की उस स्थिति पर पहुँचना होता है जहाँ वह अपने आप में शिव हो, अपने लिए ही शिव हो अन्यथा सम्पूर्ण प्रक्रिया निरर्थक होगी और हमारे पहले लक्ष्य की उपयोगिता भ्रामक होगी। हम यहाँ परस्पर प्रतिद्वन्दी रसात्मक और नैतिक मूल्यों के भेद-निरूपण के दूसरे कारक पर पहुँचते हैं।

यदि हम जीवन से सारे दोषों का वर्जन करने का प्रयत्न करें, जैसा लोकप्रिय कल्पना ने प्रायः किया है, तो रसात्मक सुखों के अतिरिक्त बहुत कम अमिश्र सुख-घटक अवशेष रहेंगे। हम वासना और बुभुक्षा की तुष्टि में भौतिक सुख प्रधान मानते हैं, परन्तु जब हम आदर्श रूप से हानि या विचलन की संभवता का वर्जन करते हैं तो वे भी रसात्मक रंग पकड़ लेते हैं। प्रकाश और संगीत के अतिरिक्त किस साधन से स्वर्ग की दिव्यता की प्रतीति हो सकती है। अधिकांश उदारमना धर्मगुरु सत्य ज्ञान को मोक्षदायक दृष्टि का सार मानते हैं, वह भी रसात्मक आह्लाद है क्योंकि सत्य का जब कोई और व्यावहारिक उपयोग नहीं रहता, वह भूदृश्य बन जाता है। उसकी रम्यता काल्पनिक होती है और उसका मूल्य रसात्मक होता है।

भावात्मक या सारभूत क्रियाओं के प्रति सभी मूल्यों की यह न्यूनता इतनी अपरिहार्य है कि इसने अत्यन्त साहसी और तर्कशील मन को भी अनुभावित किया है। व्यावहारिक उलझनों और जीवन में सत् और शिव मूल्यों के रूप में उन की स्थिति से—रसात्मक वस्तुओं की स्वच्छन्दता के आनयन से–सत् और शिव वस्तुओं का निषेध किया गया है। ऐसे विचारक प्रकृत रूप में मान लेते हैं कि नैतिक मूल्य वास्तविक और श्रेष्ठ होते हैं और चूँकि नैतिक मूल्य भौतिक अनिष्ट के अस्तित्व या प्राधान्य के लिए उत्पन्न नहीं होते, इसलिए वे इस अयुक्त मत का स्वागत करते हैं कि अनिष्ट के बिना किसी शिव की कल्पना नहीं की जा सकती।

निःसंदेह उपदेशकों के कठोर निषेध ने इस स्थिति में रहने में सहायता की है। पर वसन्त का मादक समीर या किसी सुन्दर रूप का दर्शन उन्हें उस स्थिति से च्युत करने के लिए पर्याप्त होगा। उनका नैतिक स्वभाव, उनकी कल्पना की बेड़ियाँ और उनकी प्राचीन धारणाएँ उन्हें पुनर्चिन्तन से रोकती हैं और यह स्वीकार करने से मना करती हैं कि नैतिकता साधन है साध्य नहीं है। यह मानव के अदेशीकरण की कीमत है और अनुकूलन के प्रारंभिक दोष का परिणाम है। यह सुरक्षा और संभवता की संकीर्ण सीमा के अधीन मानव आचार का दमन है। भय को हटायें, पीड़ा को दूर करें, दया के अवसर को हटायें तो नैतिकता की आवश्यकता अपने आप हट जायेगी, तब "तुम्हें यह नहीं करना चाहिए" जैसा कथन अशिष्ट समझा जायेगा।

उपदेश के उन्मूलन से जीवन का उच्छेद नहीं होगा। भावनाएँ तब भी व्यक्त होंगी, सहज प्रवृतियाँ तब भी कार्यशील रहेंगी और सभी जीवों को उन क्रीड़ाओं तथा व्यापारों की ओर ले जायेंगी जो उनके लिए प्रिय होंगे। उस आदर्श समाज का खाली समय हमारी प्रकृति के नानात्व, कला की असीमता तथा हमारे सहवासियों के सौहार्द से भर जायेगा। ये हमारे यथार्थ आनन्द के तत्त्व हैं। ऐसे तत्त्व हैं जो हजारों दुखों और प्रमादों के बीच जीवन के यथार्थ लाभ को प्रदान करते हैं।

जब इस प्रकार की अन्तरात्मा का निर्माण हो जाता है और युक्तियुक्त विचार आसन्न सत्ता ग्रहण कर लेते हैं तब उन विचारों के प्रति हमारी अभिवृत्ति रसात्मक हो जाती है। प्रतिष्ठा, सत्यनिष्ठा और स्वच्छता इसके स्पष्ट उदाहरण हैं। जब इन गुणों का अभाव कोई

प्रवृत्यात्मक क्षोभ उत्पन्न करता है जैसा सुसंस्कृत जन में होता है तब उसकी प्रतिक्रिया मूलतः रसात्मक होती है क्योंकि यह आक्षेप या परहित की इच्छा पर आधृत नहीं होती बल्कि रचनात्मक संवेदनशीलता पर निर्भर होती है। इस रसात्मक संवेदनशीलता को औचित्यपूर्वक नैतिक कहा जा सकता है क्योंकि यह अन्तरात्मा के संस्कार का प्रभाव होती है और शिव के श्रमसाध्य गुणों की अपेक्षा समाज में अधिक शक्तिशाली होती है क्योंकि यह बहुत अधिक स्थिर और ग्रहणशील होती है। यह नैतिक रूप से शिव की रसात्मक आकांक्षा है और मानव प्रकृति का श्रेष्ठ गुण है।

सत्ता के स्वतंत्र होने के लिए और वास्तविक मूल्य अर्जित करने के लिए अनुकरण सिद्धान्तों की आदर्श प्रवृत्ति कभी-कभी अमंगलकारी होती है। सहज प्रवृत्ति और उपयोगितावादी नैतिकता के विरोध की जड़ उक्त भावना और न्याय है। प्रत्येक मानव-सुधार सामान्य सिद्धान्तों की सत्ता के विरुद्ध उसके प्राथमिक हितों का पुनर्ज्ञापन होता है। ये सिद्धान्त जन-हितों का उचित रूप से प्रतिनिधान नहीं करते, फिर भी मानव की मूर्तिपूजक श्रद्धा प्राप्त करते हैं। इस नैतिक अंधविश्वास में शौर्य और धर्म पतन के पात्र नहीं होते। यह तब होता है जब यथार्थ शिव के स्थान पर कोई अमूर्त शिव रखा जाता है। कार्पण्य दोष इसका विशेष उदाहरण है। कुछ इसी तरह हमारे श्रद्धापरक जनों के अर्द्धांश का नैतिक सिद्धान्त है। कुछ उपयोगी आदतों का अभ्यास करने में व्यक्ति को उन लाभों का उत्सर्ग करना पड़ता है जो उन आदतों के प्राथमिक आधार और औचित्य होते हैं। मस्तिष्क की शक्ति को व्यय कर सूक्ष्म ज्ञान प्राप्त होता है और सुख तथा स्वच्छन्दता की बलि देकर धन प्राप्त होता है।

यह भूल उस समय अधिक रमणीय हो जाती है जब व्युत्पन्न मूल्य अपने आप कुछ रसात्मक आकर्षणयुक्त हो जाता है जैसे जगत् के विस्तृत नाट्य में अपना अभिनय पूरा करने के निःसंग विचार में आकर्षण निहित होता है। चाहे उससे किसी अन्य को कोई लाभ हो। इसी तरह कृपण की वासना उस समय कुछ सामान्य हो जाती है जब उसकी आँखें केवल अपने बैंक खाते की संख्याओं से उतनी आर्कषित नहीं होतीं जितनी स्वर्ण की पीत आभा से। किसी दुःखदूर्ण अभिनय के दर्प और सचेत आत्मत्याग की महिमा में ऐसा ही आसन्न आकर्षण होता है। इस प्रकार अनेक अयुक्त निकष एक तरह की महत्ता प्राप्त कर लेते हैं। किसी लक्ष्य का चयन महत्तम शिव के रूप में किया जाता है। उसमें काल्पनिक मूल्य ही नहीं बल्कि वास्तविक मूल्य होते हैं। वह न केवल दूसरे मूल्यों की प्राप्ति का साधन होता है बल्कि स्वयं उसकी उपलब्धि एक मूल्य होती है।

आत्मनिग्रही के लिए प्राकृतिक विधान या तर्क की अनुरूपता का जो महत्व होता है वही ईसाई लोगों में भगवान् की आज्ञा के पालन का होता है। उपयोगिता के निकष पर परीक्षित मौलिक औचित्य के अलावा, इस अभिवृत्ति में विशेष भावात्मक और काम्य अर्थ होता है। यह भावात्मक और भावाविष्ट शक्ति भक्ति-उन्माद का रहस्य है। यह आस्था को विशिष्ट बना देती है और अन्तरात्मा के ऊपर ऐकान्तिक ईशत्व प्रदान करती है। इससे मानव प्रकृति की अनेक आकांक्षाओं के प्रति अन्याय होता है और वे एकांगी हो जाती हैं।

भगवान् या विवेक की आज्ञा का पालन पूर्व सुनिश्चित और श्रेष्ठ रूप से मनुष्य को उसके लक्ष्यों का संतुलन और उसकी इच्छाओं का संश्लेषण करने का अल्पतम पीड़ाजनक मार्ग प्रस्तुत करता है। अत्यन्त प्रेरक प्रकृति के लिए भी यह अनुशासन परमावश्यक है, क्योंकि यदि बलिदानी को यह विश्वास न हो कि न्याय के समय प्राकृतिक शक्तियाँ उसके पक्ष में होंगी, वह अपना उत्सर्ग नहीं करेगा। परन्तु मानव मन एक चंचल द्रव्य है और वे विधियाँ जो उच्चतम शिव के लिए उसे तैयार करती हैं, बिना किसी आंशिक त्याग के, अनेक विशेष आवेगों के दमन बिना, उसमें स्थापित नहीं की जा सकतीं। इसलिए विवेक की पुकार या परमदेव का आदेश उसे चरम संतोष प्रदान करता है। यह आदेश अनेक विकीर्ण और अपवर्ती शक्तियों के विरुद्ध होता है जिन्हें हम अमंगल शब्द से ज्ञापित करते हैं। अचिन्तनशील अन्तरात्मा अपने प्रकर्ष के अंतस्थ उत्स को भूलकर शान्त और संकुचित आसन्नता ग्रहण कर लेती है। मानो उक्त आदेश निरपेक्ष और वास्तविक रूप से आधिकारिक है। पर कोई यह नहीं वता सकता कि वह कहाँ से उत्पन्न हुआ। सहज प्रवृत्तियाँ सरलतापूर्वक इस रहस्यमयता को पैदा करती हैं। वे किसी रुचिकर और उत्सुक भावावेश से पूर्ण काल्पनिक क्रिया का सम्पादन करती हैं। भक्ति और प्रेम की कामना में निरपेक्ष रूप से अंतरात्मा में यह प्रभाव स्पष्ट लक्षित होता है। क्योंकि इन सबमें इष्ट वस्तु के प्रति वैयक्तिकता, निश्चितता और ऐकान्तिकता होती है। यह बात कर्त्तव्यनिष्ठता के अनुकूल होती है। संकल्प की विधियाँ और भावावेश की ऊष्मा किसी पूज्य प्रभाव की चेतना में विगलित हो जाती है।

ये जटिलताएँ घोर सांसारिक और वाचाल पुरुष के लिए चाहे प्रवंचक हों, वे मानव-प्रकृति के आलोचक के ऊपर आरोपित नहीं हो सकतीं। यदि सामान्य वस्तुएँ विशेष संतोष प्रदान कर अपना स्वनिष्ठ मूल्य नहीं प्राप्त करतीं तो भी उनके प्रति कल्पनातीत रूप से सुखद और ओजपूर्ण धारणा होती है। कुछ सिद्धान्तों और रीतियों का वास्तविक लाभ किसी अर्थ में रसात्मक होने के लिए कम सत्य नहीं होता है। घोर उपयोगितावाद मानव-प्रकृति से कल्पना को घटा देता है, या कम से कम हमारी प्रसन्नता में उसके अमित योगदान का उपहास करता है। वह कल्पना को वस्तुतः शिव के ऊपर प्राथमिकता नहीं देता।

इसका एक उदाहरण लें। यदि यह सिद्ध किया जा सके कि किसी विशेष परिस्थिति में जन कल्याण की सुरक्षा के लिए राजतंत्र उपयुक्त है, इसलिए काल्पनिक और नाटकीय उत्तमता के आधार पर राजतंत्र वरेण्य होना चाहिए और उसे स्थापित करना चाहिए। परन्तु यदि इस अमूर्त लाभ से मतान्ध हो कोई दल जनता के महत्वपूर्ण हितों का त्याग कर दे तो उससे अन्याय व्यक्त होगा। किसी संदेह की स्थिति में कोई राष्ट्र पीड़ाजनक संघर्षों के पश्चात् निश्चय करता है कि वह अपनी भावात्मक माँग के लिए कितना त्याग करे। महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी सिद्धान्त का प्रतिनिधि या वास्तविक मूल्य एक चीज है और उसका रसात्मक मूल्य दूसरी चीज। रसात्मक मूल्य का निर्णय बाहरी हानियों की तुलना में किया जा सकता है। जब कभी क्रोधवश, जनपीड़ा या सुख के अवमान वश किसी निरपेक्ष सिद्धान्त की स्थापना के लिए इस तरह के श्रेष्ठ लाभ की समीक्षा और संतुलन का बहिष्कार कर दिया जाता है, हमारे पास व्यावहारिक अनुशासन रहित नैतिकता की वैयक्तिक और विचित्र पद्धति होती है। यह प्रमाण है कि मिथ्याधर्मी कल्पना ने नैतिकता के सुष्ठ और वास्तविक राज्य को आक्रान्त किया है।

अब तक हमने अपने क्षेत्र से बौद्धिक और नैतिक निर्णयों को सावधानीपूर्वक पृथक् किया और देखा कि हमारा संबंध केवल मूल्यों के विविक्त और आसन्न प्रत्यक्षीकरण से है। परन्तु इन विभेदों के बावजूद सौंदर्य भावना के अत्यन्त स्पष्ट लक्षण की परिभाषा नहीं की जा सकी है। सारे आनन्द वास्तविक और प्रत्यक्ष मूल्य होते हैं। परन्तु वे सब सौंदर्य के प्रत्यक्षीकरण नहीं होते। वस्तुतः उस प्रत्यक्ष का सत् आनन्द होता है। स्फुट रूप से उस विशेष आनन्द में जटिलता होती है जो दूसरों में विद्यमान नहीं होती और जो भाषा और बुद्धि द्वारा उनके और दूसरों के बीच भद निरूपित करन का आधार है। इस भेद की कोटियों को लक्ष्य करना लाभप्रद होगा।

शारीरिक आनन्द सौंदर्य के विभावन आनन्द के समान नहीं होता। शारीरिक आनन्द से हमारा तात्पर्य उन आनन्दों से है जो शरीरपिंड से संबद्ध हैं। इसमें रूप और ज्ञान के सभी तत्त्व होते हैं। रसात्मक आनन्दों की भी भौतिक दशाएँ होती हैं। वे नयन-श्रवण की क्रिया पर निर्भर होते हैं, स्मृति और मस्तिष्क की दूसरी आदर्श क्रियाओं पर निर्भर होते हैं। परन्तु शरीर-क्रियात्मक अध्ययनों को छोड़कर हम इन आनन्दों को उनके शरीरपिंड से संबद्ध नहीं करते। रसात्मक आनन्द से संबद्ध विचार शारीरिक कारणों से संबद्ध विचार नहीं होते। ऐसे आनन्द जिन्हें हम शरीरनिष्ठ कहते हैं, और तुच्छ मानते हैं, हमारा ध्यान शरीर के किसी अंग की ओर आकृष्ट करते हैं और वे किसी दूसरी वस्तु को उतना व्यक्त नहीं करते जितना उस अंग को जिसमें वे उत्पन्न होते हैं।

यहीं शारीरिक और रसात्मक आनन्द में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है। रसात्मक आनन्द का अंग अवश्य ही पारदर्शी होना चाहिए। उसे हमारे ध्यान का अवरोध नहीं होना चाहिए। उसे सीधे किसी बाह्य वस्तु तक ले जाना चाहिए। इस प्रकार रसात्मक आनन्द की महिमा और उसका परास बहुत बुद्धिग्राही होता है। आत्मा मुग्ध हो जाती है, मानो वह शरीर से अपना संबंध भूल चुकी है और कल्पना करती है कि वह स्वच्छन्दतापूर्वक सम्पूर्ण संसार में विचर सकती है। मन भारत से अमेरिका या इंगलैण्ड तक शरीर के किसी स्थानीय तनाव में चेतन परिवर्तन लाये बिना भ्रमण करता है। अशरीरी होने का यह भ्रम बड़ा उत्साहवर्द्धक और आनन्ददायक है जब कि रक्त-मांस मे अवगाहन और अंगों में परिसीमन हमारी चेतना को स्थूलता और स्वार्थ के रंग से भर देता है। सामान्यतः शारीरिक आनंद का तुच्छतर साहचर्य आपेक्षिक ग्राम्यता को समझने में मदद करता है।

कभी-कभी कहा जाता है कि आनन्द और सौंदर्य-भावना के बीच भेद रसात्मक तुष्टि की अनासक्ति के कारण होता है। यह माना जा सकता है कि दूसरे सुखों में हम अपनी भावना और वासना का उपकार करते हैं। सौंदर्य की आराधना में हम अपने से ऊपर उठ जाते हैं, वासनाएँ शान्त हो जाती हैं और हम किसी शिव के परिचय से मुदित होते हैं और उस पर अधिकार करने के फेर में नहीं पड़ते। चित्रकार निर्झर की ओर प्यासे आदमी की आँख से नहीं देखता, न तो लावण्यमयी कामिनी की ओर ग्राम्य भाव से देखता है। कहा जाता है कि यह भेद सुखभोग की निर्वैयक्तिकता में निहित होता है जो प्रकृत न होकर भी बड़ा तीव्र और कोमल होता है और ईषत् रसिक मन को तुष्टिकारक प्रतीत होता है।

दूसरी ओर रसात्मक प्रमोदों की अनुमित अनासक्ति बहुत मुख्य नहीं होती। किसी चित्र की आशंसा उसके क्रय की भावना के अनुरूप नहीं होती बल्कि उस इच्छा के निकट या उसको पूर्वगामी होती है। प्रकृति का सौंदर्य या मूर्तिकला का सौंदर्य उपभुक्त होने से समाप्त नहीं हो जाता। एक व्यक्ति के उपभोग के बाद भी दूसरे दर्शक को मुग्ध करने का सारा गुण यथावत् धारण करता है। परन्तु यह परिस्थिति आनुषंगिक है। नाट्य-अभिनय जैसे कालभंगुर और अचिरस्थायी रसात्मक तत्त्व का सुखभोग स्पर्धा का कारण हो जाता है और किसी भी दूसरे आनन्द की भाँति ईर्ष्या का विषय बन जाता है। मूर्ति का सौंदर्य कभी-कभी थोड़े लोगों के सुखभोग का विषय हो जाता है क्योंकि उसके लिए स्थान-विशेष की यात्रा आवश्यक होती है या उस तक पहुँचने का कोई दूसरा बाधा होती है। इसलिए ऐसा रसात्मक सुख उतने ही स्वार्थपूर्वक ग्रहण होता है जैसा दूसरा।

स्थापना यह है कि जब हम रसात्मक सुख का अन्वेषण करते हैं हमारे मन में कोई दूसरा भोग नहीं होता। हम अपने अहम् और स्वत्वाधिकार के तोष को ध्यान सुख से मिलाना नहीं चाहते। यह सत्य है, पर यह सभी प्रयत्नों और भोगों का मूल है। प्रत्येक वास्तविक आनन्द किसी अर्थ में अनासक्त होता है, उसका अन्वेषण किसी बाह्य प्रयोजन से नहीं होता। जिससे मन भरता है, वह परिगणन नहीं होता बल्कि संवेग श्लिष्ट कोई वस्तु या घटना होती है। तर्कशील व्यक्ति अहम् के विचार को उसके आनयन का निकष मानते हैं परन्तु वह अहम् जिसके परितोष और अभ्युदय के लिए मनुष्य जी सकता है, उद्देश्यों और स्मृतियों का संघात है। उससे कोई प्रत्यक्ष वस्तु ग्रहण होती है जिसमें कभी नूतन और अनासक्त अभिरुचि निहित होती है। वही परितोष से मिलकर स्वार्थपरता का निर्माण करती है, जो निष्कपट होती है और अत्यन्त परोपकारी निर्वैयक्तिक संवेगों से अधिक स्वार्थी नहीं होती। स्वार्थपरता की अन्तर-वस्तु परार्थता की संहति है। किसी की बुभुक्षा या प्रकृत प्रेम में अहम् जैसा निर्देश नहीं होता फिर भी अपने आहार, पान, भवन, भूमि, बालक, श्वान में अनुरक्त व्यक्ति स्वार्थी कहा जाता है। क्योंकि ये रुचियाँ सहज और स्वाभाविक होने पर भी दूसरों द्वारा सहभुक्त नहीं हैं। वह व्यक्ति निःस्वार्थी होता है जिसकी प्रकृति अधिक सार्वजनिक दिशोन्मुख होती है, जिसकी रुचि अधिक व्यापक रूप से विस्तृत होती है।

विचार केवल अपने वस्तु रूप में निर्वैयक्तिक होते हैं, अपने विषय या अभिकर्ता में आकर वे वैसे नहीं होते। चूँकि विचार व्यक्ति के होते हैं इसलिए अनासक्ति रुचि किसी की रुचि ही होती है। यदि सौंदर्य में हमारी रुचि न हो, यदि हमें अपने सुख से कोई मतलब न हो तो चाहे वस्तुएँ सुन्दर हों या असुन्दर हों, हम रसात्मक भावना का पूरा अभाव व्यक्त करेंगे। सुख की अनासक्ति सभी ग्राम्य और सहज तुष्टियों से विरक्ति है। वह आत्मा जैसी किसी सामान्य धारणा के नियमों से बद्ध नहीं होती है जिसकी सारी शक्ति उसके घटक तत्त्वों की स्वतंत्र ऊर्जा से उत्पन्न होती है। मैं अपनी आत्मा की चिन्ता करता हूँ क्योंकि आत्मा उस वस्तु का नाम है जो मेरे हृदय में है। व्यक्तित्व की मानससृष्टि को मौखिक रूप से खड़ा करना, उसे उन रुचियों से अलग, अनुरक्ति की कोई वस्तु बनाना जो उसकी विषय-वस्तु और तथ्य हैं, नैतिकतावादी को दंभी बना देता है और नैतिकता को अंधविश्वास। आत्मा विशेष

वस्तु है, जाति की छाया है। तर्क द्वारा उसके स्वरूप का निर्णय करने से पहले वस्तुनिष्ठ रुचियों से उसे अलग करना होगा।

सौंदर्य के प्रति हमारे प्रेम की उक्त अनासक्ति उसके दूसरे लक्षण का उद्‌घाटन करती है जिसे हम उसकी सार्वभौमता या सार्वजनिकता कहते हैं। ऐन्द्रिक सुख में कोई रूढ़िवादिता नहीं होती। कोई वस्तु जो हमें आनन्द देती है उसकी क्षमता में कोई ऐसी सत्ता नहीं निहित होती जो दूसरे को भी आनन्द दे। परन्तु जब हम कहते हैं कि कोई वस्तु सुन्दर है तो हमारे निर्णय का भाव यह होता है कि वस्तु अपने आप में सुन्दर है। समीक्षा के क्षेत्र में इस अभिव्यक्ति का अर्थ यह होता है कि वह दूसरे को भी सुन्दर लगनी चाहिए। इस सिद्धान्त के अनुसार सार्वभौमिकता का दावा रसात्मकता का सत् है जो सौंदर्य के प्रत्यक्षीकरण को संवेग के स्थान पर निर्णय बना देता है। जब तक हम अपने निर्णय में किसी विरोधाभासी सार्वजनिकता को स्वीकार नहीं करते, सारी रसात्मक धारणाएँ असंभव होंगी और सारी समीक्षा यादृच्छिक और आत्मनिष्ठ होगी। इस प्रकार हम दार्शनिक द्वन्द को बढ़ाते जायेंगे। पर संयोगवश हमें भूलभुलैया में जाने की आवश्यकता नहीं है। ऐसी समस्याओं के अध्ययन की अधिक सरल और स्पष्ट रीतियाँ हैं। इनके अनुसार हम प्रस्तुत कथन के सत्य को चुनौती दें और उसकी व्याख्या करें तथा मानव-प्रकृति में ही उसकी भूमि पाने का प्रयास करें। इसको सिद्ध करने के पहले, हम विचार के प्रकृत भ्रम या अशुद्धि को बद्धमूल और घातक पक्षपात के रूप में फैलाकर उसे किसी विस्तृत संरचना का केन्द्रविन्दु बनाने का साहस दिखाएँ।

सार्वत्रिकता का दावा कितनी प्रकृत भ्रान्ति है, इसे बताना कठिन नहीं है। दुर्भायवश रसात्मक वस्तुओं के विषय पर कुछ अधिक मतैक्य नहीं है और जो कुछ मतैक्य है भी तो वह मनुष्य की पैदाइश, प्रकृति और परिस्थिति की समानता के आधार पर परिमित है। यह ऐसी समानता है जो देश के अनुकूल सभी निर्णयों और भावनाओं में एकरूपता लाने की ओर प्रवृत होती है। यह कहना निरर्थक है कि एक व्यक्ति के लिए जो सुन्दर है वही दूसरे के लिए भी। यदि उनकी भावनाएँ एक जैसी हों, उनके साहचर्य और स्वभाव एक समान हों तो निश्चय ही दोनों के लिए एक वस्तु सुन्दर होगी। यदि उनकी प्रकृति भिन्न है तो जो रूप एक के लिए ग्राह्य होगा, दूसरे के लिए अग्राह्‌य हो सकता है। स्पष्ट है कि एक समान गुणों को स्वीकार करने का दावा एक प्रकार की क्षमता होने पर निर्भर है। परन्तु दो व्यक्तियों की ठीक-ठीक एक ही क्षमता नहीं होती और न तो दो व्यक्तियों के लिए वस्तुओं का ठीक-ठीक एक ही मूल्य होता है।

यहाँ हम जो कहना चाहते हैं मोटे तौर पर उसका तात्पर्य यह है कि कोई व्यक्ति निर्दिष्ट सौंदर्य देख सकता है यदि उसकी क्षमता, शिक्षा या अवधान ऐसा हो जैसा हमारा आदर्श उससे चाहता है और किसी व्यक्ति को हमारे आदर्श के अनुकूल कैसे होना चाहिए, इसका उत्स जटिल और अन्वेषण का विषय है। हम अपने संदिग्ध विचारों को सार्वजनिक रूप से स्वीकृत देखकर आश्वस्त होते हैं या प्रसन्न होते हैं। हम अपनी अनुभूति में अपने स्वाद का आधार पाने में असफल होते हैं और इसलिए उसे वहाँ ढूँढ़ने की कोशिश नहीं करते। यदि हम अपनी विचार-भूमि के प्रति दृढ़ हों तो हम उस व्यक्ति की भाँति भाषा की प्रतीकता को प्रसन्नतापूर्वक स्वीकार कर लेंगे जो बलाघात पूर्वक अपनी भाषा का उच्चारण करने में प्रगल्भ होता है और

देशी रूप में उसके परिवर्तन को देखकर खुश होता है तथा उसमें रुचि लेता है। परन्तु देशीजन यह सिद्ध करने में बड़ा उत्साह दिखाते हैं कि उसकी विलक्षणता को प्रमाणित करने के लिए उनके पास औचित्य है और प्राचीन मत है। इसलिए ऐसे लोग जिनको अर्थबोध नहीं होता है और यह नहीं जानते हैं कि वे कैसे निर्णय करते हैं, हमेशा यह सिद्ध करने का प्रयास करते हैं कि वे लोक-ज्ञान के आधार पर निर्णय करते हैं।

इस प्रकार हमारे अपने निर्णय का प्रमाद और अल्पता विरोध नहीं प्रदर्शित करती। जब हम स्वयं अपने विश्वास का कारण नहीं बता पाते तब हम दूसरों के संदेह की भर्त्सना करते हैं। इस प्रकार दूसरे व्यक्ति का हमारा आदर्श हमारे अपने निर्णय के साथ उसके निर्णय का मतैक्य लिये होता है। इसलिए हम यह अपेक्षा करने में अयुक्त हो सकते हैं कि सभी जातियों को एक शैली की स्थापत्यकला की और सभी युगों को एक ही कवि की प्रशंसा करनी चाहिए।

परम्परागत इतिहास की सीमा में मानव अभिरुचि की वास्तविक एकता इस दावे में सहयोग देती है परन्तु सिद्धान्ततः यह अलभ्य है। वास्तविक मूल्य की किसी कल्पना-सृष्टि की आशंसा करने की मानव-क्षमता से इतर किसी अन्य वस्तु से इसका सरोकार नहीं होता। उसकी शुद्ध कसौटी यह है कि वह रचना आशंसक को किस कोटि और किस तरह का तोष प्रदान करती है। इस बात से सुन्दर संगीत की क्षति नहीं होती यदि संसार के आधे लोग बधिर होते। आज भी हम जानते हैं कि दस में से नौ व्यक्ति संगीत की लय-गति की बारीकियों के विषय में अनभिज्ञ होते हैं। परन्तु इस बात से मनुष्यता की बहुत बड़ी क्षति होती यदि तानसेन, सूरदास, पलुष्कर प्रभृति संगीतकार न पैदा हुए होते। किसी विशेष प्रकार के सौंदर्य की आशंसन-अक्षमता इस कारण भी होती है कि हममें किसी दूसरे प्रकार के सौंदर्य की गहन आशंसन क्षमता होती है। सुखभोग और सृजन दोनों की महानतम क्षमता अत्यन्त विशिष्ट और ऐकान्तिक होती है। यही कारण है कि कला के महान् युग अन्य युगों के प्रति असहिष्णु होते हैं।

एक विचारधारा के विरुद्ध दूसरी विचार पद्धति की आलोचना कलात्मक दृष्टि से स्वस्थ लक्षण है। क्योंकि इससे किसी विशेष तरह के सौंदर्य की महत्वपूर्ण आशंसा का संकेत मिलता है। उन लोगों की अनुरक्ति का पता चलता है जो द्वेष वृत्ति में पले हुए हैं। ये बातें दार्शनिक दृष्टि से परस्पर विरुद्ध लगती हैं। किसी दृष्टि से हम उन वास्तुकारों की निन्दा कर सकते हैं जिन्होंने अपने विचारों से पुराने भवनों की पूर्णता का खंडन किया और उनके स्थान पर नयी भवन कला का निर्माण किया। उन्होने खंडन द्वारा पुरानी भावना का ह्रास किया पर अपनी पद्धति में अद्भुत विश्वास प्रदर्शित किया, अपनी अभिरुचि का उपस्थापन किया। यह रसात्मक आस्था का सबसे बड़ा प्रमाण है। इसके विपरीत हमारी अंधभक्ति हमारी अक्षमता का लक्षण है। यदि हम कम शिक्षित हों, कम न्यायशील हों तो संभव है हम अपनी पुरानी रीति में अधिक दक्ष हों। यदि हमारी आशंसा बहुत सामान्य न हो तो वह अधिक वास्तविक हो सकती है। यदि हम अपनी प्रतिभा का पृथक् विनियोग करें तो उसमें विशेष चरित्र या लक्षणों की उपलब्धि हो सकती है।

रसात्मक निर्णय में हमारे अपने मत के साधारणीकरण की इच्छा के स्थान पर सार्वत्रिकता का दावा होता है। संवेदना के किसी तत्त्व का वस्तु के गुण में रूपान्तरण जैसी अभिव्यक्ति में

विचित्र पर ज्ञात मनोवैज्ञानिक घटना का संकेत है। हम कहें कि किसी वस्तु में अन्य लोगों को भी वही सौंदर्य देखना चाहिए जो हमें दिखाई देता है, क्योंकि हम सोचते हैं कि सौंदर्य वस्तु में है जैसे उसका रंग, अनुपात और आकार। हमारा निर्णय किसी बाह्य सत्ता या किसी बाह्य वास्तविक प्रकर्ष का प्रत्यक्षीकरण और अन्वेषण है। परन्तु यह धारणा ऊटपटांग और अनर्गल है। सौंदर्य एक मूल्य है। उसे किसी स्वाधीन सत्ता के रूप में नहीं स्वीकार किया जा सकता जो हमारी भाव-वृत्ति को प्रभावित करती है और जिसे हम तत्पश्चात् देखते हैं। उसकी सत्ता प्रत्यक्षीकरण में होती है। दूसरे रूप में उसका अस्तित्व नहीं होता है। अदृष्ट सौंदर्य अननुभूत सुख है। यही व्याघात का मूल है। पर आधुनिक दर्शन के अनुसार दृष्ट जगत् के सारे तत्त्वों के विषय में यही कहा जाता है, सभी कुछ संवेदना है, और वस्तु रूप में उनके वर्गीकरण को शाश्वत और स्थायी होने की कल्पना हमारी बौद्धिक प्रवृति का कार्य है। यदि हम जीवन के विस्तृत अनुभवों का संगठन और वर्गीकरण न करें और संस्कारों की अव्यवस्था के बीच परम्परागत तथा परिचयात्मक वस्तुओं की दुनिया की रचना न कर सकें तो उनका सर्वेक्षण और संग्रहण करने में अक्षम होंगे।

प्रत्यक्षीकरण के आधुनिक सिद्धान्त व्याख्या करते हैं कि यह सब कैसे होता है। बाह्य वस्तुएँ हमारी उन इन्द्रियों को तुरंत प्रभावित करती हैं जिनके साथ उनके साहचर्य का प्रभाव होता है। एक वस्तु की बार-बार अनुभूति उसके सादृश्य के साथ संबद्ध होती है। इसलिए एक ही प्रत्यक्ष में उसके मिश्रण और समेकन की द्वैधी प्रवृत्ति होती है। इस प्रकार नाम के साथ उन स्मृतियों और प्रतिक्रियाओं का समूह लग जाता है जिनका वास्तविक कारण बाह्य वस्तु होती है। परन्तु एक बार निर्मित यह दृष्टि उन विशेष अनुभूतियों से स्पष्टतः भिन्न होती है जिनसे इसका विकास होता है। यह स्थायी होती है और वे व्यभिचारी होती हैं। वे इसकी केवल आंशिक दृष्टि और झलक होती हैं। इस प्रकार विहित विचार सत् हो जाता है और उसकी सामग्री केवल आभास होती है। अतएव तत्त्व और गुण, सत् और आभास, द्रव्य और मन के भेद का अन्य कोई उत्स नहीं है।

इस प्रकार संकल्पित और विभक्त वस्तु में उसके प्रति हमारे विचारों में गृहीत सभी प्रभावों, भावनाओं और स्मृतियों का पहले संघनन होता है। वे स्वयं अपने को संश्लेषकारी कल्पना के चतुर्दिक साहचर्य के लिए निवेदित करती हैं। वस्तु से प्राप्त प्रत्येक संवेदना प्रारंभ में उसके गुणों में से एक गुण प्रतीत होती है। प्रयोग से और वस्तु की संरचना के सरल संप्रत्ययन की व्यावहारिक आवश्यकता से हम धीरे-धीरे वस्तु के गुणों को किसी न्यूनतम सीमा तक छाँटते हैं और उन्हीं स्वल्प गुणों के प्रभाव के रूप में अधिकांश प्रत्यक्षों को स्वीकार करते हैं। ये थोड़े से मौलिक गुण हमारे अनुभूति-क्रम की व्याख्या करने के लिए पर्याप्त होते हैं। रंग आदि जैसे अन्य सभी को हम केवल मन के ऊपर प्रभाव मानते हैं, उसे वस्तु का आभासी और गौण गुण समझते हैं।

इस विभाजन का व्यावहारिक औचित्य है। सुविधा और विचार की मितव्ययिता द्वारा निर्धारित होता है कि हम अपने संवेदनों में से किनको वस्तु भाव में संजोये रखें और उसे शेष का कारण समझें। वस्तुनिष्ठ होने का अधिकार और प्रवृत्ति सबमें बराबर होती है।

क्योंकि वे सब उस विचार-निपुणता की पूर्वगामी होती हैं जिससे हम द्रव्य को उसके संप्रत्यय से अलग करते हैं, वस्तु को अपनी अनुभूतियों से अलग करते हैं।

वस्तु के अधिकांश गुण दृष्टि और स्पर्श की प्रतिमाएँ हैं, उन्हें हम वस्तु का गुण समझते हैं। पहली कोटि के प्रभाव जिन्हें हम गौण मान सकते हैं वास्तव में सुख और दुःख हैं। वस्तु में सुख-दुःख को मानना बुद्धि और क्रिया द्वारा अमान्य हो जाता है। पर तत्त्वतः संवेग वस्तूकरण के पात्र होते हैं वैसे ही जैसे बोध के प्रभाव। कोई अनुमान कर सकता है कि आदिम और अनुभवहीन चेतना से युक्त संसार ऐसे लोगों से आबाद होगा जो अपने भय और वासना के प्रेतों के साथ होंगे।

विचार की पाशविक और काल्पनिक प्रवृत्ति ज्ञान के संकीर्ण क्षेत्रों में अब भी पाई जाती है। जहाँ यांत्रिक विज्ञान की प्रगति हो गई है, वहाँ सत् के संप्रत्यय के साथ संवेगात्मक या वासनात्मक तत्त्वों को मिलाना अत्यारोप होगा। वहाँ वस्तु के विचार का निर्माण ऐकान्तिक रूप से प्रत्यक्ष तत्त्व, रूप और गति के आधार पर होता है।

वस्तुसौंदर्य इस नियम का अपवाद है। सौंदर्य संवेगात्मक सत्ता है। वह हमारी आनन्दानुभूति है जिसे हम वस्तु का गुण मानते हैं। हमें इस अपवाद की प्रकृति को समझने का प्रयास करना चाहिए। किसी चीज का वैज्ञानिक विचार प्रत्यक्षों और प्रतिक्रियाओं के बीच घोर अमूर्तिकरण का परिणाम होता है, जब कि रसात्मक विचार कम अमूर्त होता है क्योंकि वह संवेगात्मक प्रतिक्रिया और प्रत्यक्षीकरण के सुख को संकल्पित वस्तु के संघटक के रूप में प्रतिधारित करता है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि सौंदर्य भावात्मक, अंतस्थ और विषयभूत मूल्य है। अथवा सौंदर्य किसी वस्तु के गुण के रूप में मान्य रस या सुख है। सौंदर्य मूल्य है, इसका यह अर्थ नहीं है कि यह किसी वस्तु-तथ्य या संबंध का प्रत्यक्ष है। वह हमारा संवेग है, हमारी ऐच्छिक और आशंसी प्रकृति का प्यार है। वह वस्तु सुन्दर नहीं हो सकती जिससे किसी को रस नहीं मिलता। जिस सौंदर्य से सब लोग विमुख हों, वह सौंदर्य का उपहास है।

यह मूल्य भावात्मक होता है। उसमें किसी शिव की सत्ता का भाव होता है और (विरूपता की स्थिति में) अभाव होता है। वह कभी वास्तविक अनिष्ट का प्रत्यक्ष नहीं होता, वह कभी अभावात्मक मूल्य नहीं होता। सौंदर्य की भावना से मंडित होना शुद्ध लाभ है जो अपने साथ कोई अमंगल नहीं लाती। जब विरूपता मनोरंजक नहीं रह जाती, विक्षोभकारी हो जाती है, तब वह वास्तव में नैतिकता और व्यवहार के क्षेत्र में भावात्मक अशुभ हो जाती है। रस के विषय में यह कथन सत्य है कि शिव का अभाव अशिव है। रसात्मक शिव का अभाव नैतिक अशुभ है। रसात्मक अशुभ आपेक्षिक होता है अर्थात् उसमें उस देश-काल की आकांक्षा के अनुकूल अल्प शिव होता है। उसमें किसी रूप में अपने आप पीड़ा देने की शक्ति नहीं होती।

रसात्मक सुख किसी वस्तु या घटना की उपयोगिता का परिणाम नहीं होता, वह उसके प्रत्यक्षीकरण के कारण होता है अर्थात् सौंदर्य मौलिक शिव होता है। वह प्राकृतिक कृत्य के रूप में तोषकारी होता है। हमारे मन की किसी मूलभूत आवश्यकता और पात्रता

को तुष्ट करता है। इस प्रकार सौंदर्य भावात्मक मूल्य है, वह अंतस्थ होता है, वह रस होता है। नैतिक मूल्य प्रायः अभावात्मक होते हैं और दूरस्थ होते हैं। नैतिकता का संबंध अमंगल निवारण से होता है। शिव का लक्ष्य रस, केवल रस होता है।

अन्त में हम इन्द्रिय सुख को सौंदर्य के प्रत्यक्षीकरण से पृथक् करते हैं जैसा सामान्यतः संवेदना और प्रत्यक्ष में भेद किया जाता है। संवेदना से प्रारंभ होकर प्रत्यक्ष का मार्ग धीरे-धीरे तय होता है। इस मार्ग का अन्वेषण हो सकता है जो संवेदना से होकर आनन्द और सौंदर्य तक जाता है। इनके बीच कोई स्पष्ट विभाजन रेखा नहीं है। यह उस क्षण हमारी भावना की लब्ध वस्तुनिष्ठता की कोटि पर निर्भर है। चाहे हम कहें कि 'यह हमें सुखकर है' या 'यह हमें सुन्दर लगता है' बात एक ही है। यदि हम आत्मचैतन्य और आलोचक हैं तो पहली उक्ति का प्रयोग करेंगे, यदि आवेगयुक्त और ग्रहणशील हैं तो दूसरी का। सुख जितना ही दूरस्थ, समिश्र और संशिलष्ट होता है उतना ही वस्तुनिष्ठ प्रतीत होता है और दो सुखों के गठन से प्रायः एक सौंदर्य निर्मित होता है। एक अलंकार पृथक् रूप से प्रदर्शन और संवेदन का विषय होता है पर वही सत् और सौंदर्य के तत्त्व में योग देकर रंग को गहरा बना देता है। जैसे प्रत्यक्ष का सहयोग सत् करता है वैसे ही सुख का सहयोग सौंदर्य। यदि गंध की मधुरता विना रंग, रूप और गति सुन्दर न हों तो मधुरता को सुन्दर बनाने के लिए ये कितने आवश्यक होंगे। यदि सुगंध शीशी में बन्द हो तो उसे सुन्दर कहने का किसी को विचार भी नहीं होगा। परन्तु जब वही गंध उपवन के मादक समीर के साथ बहती है तो उपवन के सौंदर्य में एक और मुग्धकारी गुण जोड़ देती है और उसे सुन्दर होने में सहयोग देती है। इस प्रकार सुख के वस्तू-करण द्वारा सौंदर्य संगठित होता है अर्थात् रस या सुख की वस्तुनिष्ठता सौंदर्य है।

———

विश्वविद्यालय के उद्देश्य

१. अखिल जगत् की सर्वसाधारण जनता के एवं मुख्यतः हिन्दुओं के लाभार्थ हिन्दू शास्त्र तथा संस्कृत साहित्य की शिक्षा का प्रसार करना, जिससे प्राचीन भारत की संस्कृति और उसके विचार-रत्नों की रक्षा हो सके, तथा प्राचीन भारत की सभ्यता में जो कुछ महान् तथा गौरवपूर्ण था, उसका निदर्शन हो।

२. साधारणतः कला तथा विज्ञान की समस्त शाखाओं में शिक्षा तथा अन्वेषण के कार्य की सर्वतोमुखी उन्नति करना।

३. भारतीय घरेलू धन्धों की उन्नति और भारत की द्रव्य-संपदा के विकास में सहायक आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान से युक्त वैज्ञानिक, तकनीकी तथा व्यावसायिक शिल्प-कलादि संबंधी ज्ञान का प्रचार और प्रसार करना।

४. धर्म तथा नीति को शिक्षा का आवश्यक अंग मानकर नवयुवकों में सुन्दर चरित्र का गठन करना।

OBJECTS OF THE UNIVERSITY

1. To promote the study of the Hindu Shastras and of Samskrit Literature generally as a means of preserving and popularizing for the benefit of the Hindus in particular and of the world at large in general, the best thought and culture of the Hindus, and all that was good and great in the ancient civilization of India,

2. To promote learning and research generally in Arts and Sciences in all branches,

3. To advance and diffuse such scientific, technical and professional knowledge combined with the necessary practical training as is best calculated to help in promoting indigenous industries and in developing the material resources of the country : and

4. To promote the building up of character in youths by religion and ethics as an integral part of education.